e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 121

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
05.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब अपने खफा होने लग जाएँ तो आप समझ लेना आप सही राह पर हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 18° |

## क्विक न्यूज

### बिहार में जातीय जनगणना पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**पटना** : बिहार की नीतीश सरकार को बड़ा झटका लगा है. पटना हाईकोर्ट ने जातीय जनगणना पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है. पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस वी चन्द्रन की बेंच ने ये फैसला सुनाया. इस मामले में अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी.नीतीश सरकार लंबे समय से जातिगत जनगणना कराने के पक्ष में रही है. नीतीश सरकार ने 18 फरवरी 2019 और फिर 27 फरवरी 2020 को जातीय जनगणना का प्रस्ताव बिहार विधानसभा और विधान परिषद में पास करा चुकी है. हालांकि, केंद्र इसके खिलाफ रही है. केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर साफ कर दिया था कि जातिगत जनगणना नहीं कराई जाएगी. केंद्र का कहना था कि ओबीसी जातियों की गिनती करना लंबा और कठिन काम है. बिहार सरकार ने पिछले साल जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया था. इसका काम जनवरी 2023 से शुरू हुआ था. इसे मई तक पूरा किया जाना था. लेकिन अब हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है.

### मुठभेड़ में मारा गया यूपी का छोटा शकील अनिल दुजाना

**लखनऊ** : कुख्यात गैंगस्टर अनिल दुजाना उर्फ अनिल नागर को एसटीएफ ने मुठभेड़ में मार गिराया. यूपी एसटीएफ ने इस कार्रवाई को मेरठ में अंजाम दिया. दुजाना 10 अप्रैल को जमानत पर बाहर आया था.जेल से रिहा होते ही उसने गौतमबुद्ध नगर में अपने खिलाफ गवाही दे रहे लोगों को धमकियां दी थीं. एसटीएफ को जानकारी मिली थी कि वो किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है. इसके चलते उसकी तलाश शुरू की. इसी क्रम में उसके मेरठ में छिपे होने की सूचना मिली.दुजाना पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उत्तर प्रदेश में 60 से अधिक आपराधिक केस दर्ज हैं. इसमें दुजाना के नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में हत्या, लूट, डकैती और उगाही जैसे संगीन मामलों में एफआईआर दर्ज हैं. दुजाना की कुख्यात माफिया सुंदर भाटी और उसके गैंग से रंजिश रही है. इस रंजिश में कई हत्याएं हो चुकी हैं. साल 2012 में दुजाना और उसके गैंग ने सुंदर भाटी और उसके करीबियों पर एके-47 राइफल से हमला किया था. ये दोनों गैंग सरकारी ठेकों, सरिया की चोरी और टोल के ठेकों को लेकर अक्सर आमने-सामने आते रहे हैं. यही वजह थी कि पुलिस दुजाना को जब पेशी पर लेकर कोर्ट जाती थी तो उसे बुलेटप्रूफ जैकेट दी जाती थी.अनिल दुजाना गैंगस्टर नरेश भाटी का करीबी और शूटर था. अनिल दुजाना का खौफ कुछ इस कदर था कि उसे अपराध जगत खासकर पश्चिम यूपी में छोटा शकील कहा जाता था. कहा जाता है कि जिसने भी उसके खिलाफ आवाज उठाई, दुजाना ने उसकी हत्या करवा दी. कोई भी उसके खिलाफ बोलने से भी डरता था.

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 की मौत

एजेंसी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत हो गई। सभी शादी समारोह में बोलेरो से जा रहे थे। रास्ते में ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके चलते मौके पर ही सभी की मौत हो गई। एक घायल डेढ साल की बच्ची ने रायपुर ले जाते वक्त दम तोड़ा। सीएम बघेल ने मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक, धमतरी जिले के सोरेम गांव का साहू परिवार कांकेर जा रहा था। इनकी गाड़ी नेशनल हाईवे-30 पर बालोद के जगतरा पहुंची। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने बोलेरो को टक्कर मार दी। मौके पर ही एक बच्चे, 5 महिला और 4 पुरुषों की मौत हो गई। फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है। जगतरा में हुई घटना में परिवार के मुखिया धरमराज साहू सहित उनका परिवार एक पल में खत्म हो गया.

धरमराज किसान होने के साथ साथ पेशे से एक छोटे व्यवसायी भी थे. जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार दोपहर सभी शवों को सोरम लाया गया, जहां दाह संस्कार किया गया. एक साथ इतनी चिताओं को देख पूरा गांव रो पड़ा.

## 11 चिताओं को देख कर रो पड़ा पूरा गांव

### शव देख नम हो गई सबकी आंखे

सोरम गांव के कलामंच में जब 7 अलग अलग एम्बुलेंस से 11 लोगों के शवों को लाया गया तो सबकी आंखे नम हो गई. कोई परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटा रहा तो कोई श्रद्धांजलि देते दिखा. एक ही परिवार के 10 मेंबर और एक ड्राइवर (रिश्तेदार) का शव गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया. लोगों की आंखों से बह रहे आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे. शवों को देखने के लिए आसपास क्षेत्र के लोग इंतजार में घंटों खड़े रहे. शव आने से पहले ही धमतरी विधायक रंजना साहू सहित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों का आना शुरू हो गया था.




### सीएम ने जताया दुख

घटना की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मृतक परिवार को 4-4 लाख रुपए देने की घोषणा की है. धमतरी विधायक रंजना साहू ने मृतक परिवार को 4 लाख देने की बजाए उससे अधिक राशि देने की मांग की है.

### खेती किसानी करता था पूरा परिवार

खेती किसानी के अलावा पूरा परिवार मिलकर छोटा मोटा व्यवसाय किया करता था. इसके अलावा परिवार पान की गुमटी भी लगाता था. मृतक धरमराज के तीन बेटों में से एक बेटा गरियाबंद में रहता है और दो बेटे सोरम गांव में रहते हैं. इनमें से एक मौत हो गई. पूरे परिवार में अब दो बेटे के अलावा बूढ़ी मां ही बची हैं.

# आईएएस छवि रंजन अरेस्ट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जमीन घोटाला मामले में आईएएस छवि रंजन गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ऑफिस पहुंचे थे. जिसके बाद उनसे ईडी के अधिकारियों ने दस घंटे तक पूछताछ की. इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान ईडी के द्वारा छवि रंजन से हेहल अंचल के बजरा मौजा के 7.16 एकड़ जमीन की घेराबंदी उसके दस्तावेज रजिस्ट्री कार्यालय से गायब पाये जाने के मामले को लेकर पूछताछ की. इस मामले में छवि रंजन के जवाब से ईडी अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए. इसके अलावा छवि रंजन से सेना के कब्जेवाली जमीन के अलावा चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिक्री मामले में भी उनकी भूमिका के बारे में पूछताछ की गई. ईडी के द्वारा किए गए अधिकतर सवाल का जवाब छवि रंजन सही से नहीं दे पाए. जिसके बाद ईडी ने छवि रंजन को गिरफ्तार कर लिया. इससे पहले ईडी ने आईएएस छवि रंजन को एक मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था. लेकिन ईडी द्वारा बीते 28 अप्रैल को दोबारा भेजे समन में आईएएस छवि रंजन को चार मई को ईडी ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था.छवि रंजन वर्तमान में राज्य समाज कल्याण विभाग के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। ईडी ने पहले रंजन से उनके बैंक खातों और संपत्तियों का ब्योरा मांगा था। जांच एजेंसी ने रंजन से 13 अप्रैल को भी पूछताछ की थी। इससे पहले इस मामले में उनके तथा झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में कुछ अन्य के परिसरों में तलाशी ली गई थी।भूमि घोटाले मामले में ईडी ने इन छापेमारी के बाद झारखंड सरकार के एक अधिकारी समेत कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी की टीम सेना की जमीन से संबंधित एक मामले सहित 12 से अधिक भूमि सौदों की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया था कि इस धोखाधड़ी के तहत गरीबों और दलितों की जमीनों को हड़प लिया गया। पीएमएलए के तहत अपनी जांच शुरू करने के लिए, संघीय एजेंसी ने रांची में अधिकारियों की ओर से दर्ज कुछ व्यक्तिगत पहचान दस्तावेजों की जालसाजी से संबंधित पुलिस प्राथमिकी का संज्ञान लिया।ईडी ने तलाशी के दौरान कई फर्जी मुहरें, जमीन के कागजात और रजिस्ट्री दस्तावेज बरामद किए हैं। यह दूसरा मामला है जिसमें झारखंड कैडर का कोई आईएएस अधिकारी ईडी की जांच के दायरे में आया है। पिछले साल इसने आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को मनी लांडिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

# निकाय चुनाव मामला : हाई कोर्ट में आठ मई को होगी सुनवाई




एजेंसी

**लखनऊ** : रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश शंकर की कोर्ट में गुरुवार को नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर सुनवाई आठ मई को होगी। मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह करते हुए अधिवक्ता विनोद सिंह ने इस मामले को कोर्ट में गुरुवार को मेंशन किया, जिसके बाद कोर्ट ने सुनवाई सोमवार को निर्धारित की।

पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य पार्षदों की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए।

जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह पैरवीकार हैं।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की ओर से राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया है। अब निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी अगले आदेश तक प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे।

अगर उन्हें आवश्यकता होगी तो वह नगर विकास एवं आवास विभाग से परामर्श लेंगे। निकायों का चुनाव नहीं होने पर यह व्यवस्था शुक्रवार से लागू की गई है।

27 अप्रैल तक राज्य में निकाय चुनाव पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन कई कारणों से चुनाव संपन्न नहीं हो सका है। अब इस मामले की सुनवाई आठ मई को होगी।




किरणमयी दे
1923-2011

CELEBRATING 100 YEARS OF BIRTH ANNIVERSARY

दुर्गम पथ भी सुगम बना, जब आपने दिया सहारा।
रौशनी बन हर कदम पर आपने, दूर किया अँधियारा।

दृढ़ता, साहस, त्याग का है प्रतीक आपका गौरवमय जीवन...
सौवीं जयंती पर हे महीयसी आपको हमारा शत शत नमन !!

Sreeleathers
World Class. Right Price.
SINCE 1952
दृढ़ता से बढ़ते कदमों के लिए...
FRANCHISE ENQUIRIES SOLICITED franchise@sreeleathersonline.com
Sreeleathers "Since 1952" | SreeleathersSince1952 | www.sreeleathersonline.com
Scan the qr code


# राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जिन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारम्भ किया था। उन विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बच्चे पहली, छठी और नौवीं कक्षा में नामांकन ले सकेंगे। इसके लिए आवेदन जमा करने की तिथि 2 मई से 15 मई निर्धारित है। नामांकन के लिए टेस्ट की तिथि 19 मई निर्धारित है। जबकि फर्स्ट मेरिट लिस्ट का प्रकाशन 22 मई को होगा। मेरिट लिस्ट में शामिल बच्चों के नामांकन लेने की तिथि 23 मई से 08 जून 2023 की गई है। कक्षा 9 से 12 तक संचालित होने वाले उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9 एवं कक्षा 6 से 12 तक संचालित विद्यालयों में कक्षा 6 में नामांकन कराया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र निःशुल्क रहेगा। उपरोक्त कक्षा में नामांकन लेने वाले बच्चों को सीबीएसई माध्यम से एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में शिक्षा दी जाएगी।



**बाल वाटिका में भी नामांकन शुरू:** उत्कृष्ट विद्यालयों के बाल वाटिका एवं कक्षा 01 में बच्चे नामांकन ले सकेंगे। बाल वाटिका में वैसे बच्चे नामांकन के पात्र होंगे, जिन्होंने 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 5 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। जबकि कक्षा 01 में वैसे बच्चे नामांकन ले सकेंगे, जिन्होंने जिन्होंने 01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक 06 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो। नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र राज्य परियोजना कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के आधिकारिक वेबसाईट पोर्टल के एडमिशन लिंक पर जरूरी डॉक्यूमेंट्स के साथ जमा करना होगा अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय/संबंधित जिले के उत्कृष्ट विद्यालय से नामांकन आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाइन मोड में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भी जमा किए जा सकते हैं।

**संक्षिप्त खबरे**

### राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश सिंह ने शरद पवार को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक कमलेश कुमार सिंह ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को छोड़ने के फैसले से उनके सहित सम्पूर्ण झारखंड प्रदेश के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मर्माहत हैं।उन्होंने लिखा है कि शरद पवार जी के कुशल नेतृत्व मे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सम्पूर्ण देश मे सफलता का परचम लहराया है। उन्होंने वर्तमान परिस्थिति मे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को शरद पवार के कुशल नेतृत्व की आवश्यकता बताया है। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने निवेदन किया है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झारखंड प्रदेश के कार्यकताओं की भावनाओं को समझते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। यह पार्टी के हित में होगा।

## जेजेएमपी नक्सली लवलेश गंझू के घर की गई कुर्की जब्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** जेजेएमपी उग्रवादी कमांडर लवलेश गंझू के घर पर रामगढ़ थाना पुलिस ने की कुर्की की करवाई। रामगढ़ थाना कांड संख्या 1/18 के विरुद्ध माननीय न्यायलय के आदेश अनुसार के बंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के कमांडर लवलेश गंझू के बालूमाथ घर पर कुर्की की करवाई की गई। रामगढ़ थाना पुलिस की टीम और बालूमाथ थाना की पुलिस टीम ने कुर्की की करवाई की और प्रतिबेधन को समर्पित किया। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने बताया कि लवलेश गंझू के विरुद्ध रामगढ़ थाना में दर्ज विभिन्न मामलो को लेकर कुर्की जब्ती की गई। झारखंड के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय नक्सली संगठनों के हार्डकोर सदस्यों ने लेवी रंगदारी के माध्यम से काफी चल अचल संपति अर्जित कर ली है। रामगढ़ पुलिस ने इस नक्सलियों द्वारा अवैध तरीके से कमाई की गई संपति को जब्त करने की करवाई शुरू की है।

## हरिहरगंज में अर्बन अस्पताल संचालन को लेकर विधायक ने सीएस को लिखा पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने जनहित में हरिहरगंज में अर्बन अस्पताल संचालन को लेकर पलामू सिविल सर्जन को पत्र लिखा है। दिनांक 4.5.2023 पत्रांक 141/23 के तहत लिखे गये पत्र में विधायक श्री सिंह ने कहा है कि उनके निर्वाचन क्षेत्र हरिहरगंज प्रखंड में पूर्व से संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन नवनिर्मित भवन में प्रारंभ हो चुका है। पूर्व में जिस भवन में स्वास्थ्य केंद्र संचालित था वह खाली पड़ा हुआ है। उक्त खाली भवन में अर्बन स्वास्थ्य केंद्र संचालित करने हेतु उन्होंने सीएस से यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है। मालूम हो कि पूर्व में सीएचसी वन विभाग चेकनाका के सामने एनएच 98 किनारे संचालित था। किंतु बीते 15 नवंबर झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर अररूआ कला-अंबा गांव के समीप सीएचसी नवनिर्मित भवन में शिफ्ट कर दिया गया है। जिससे सड़क दुर्घटना सहित आकस्मिक घटना के मरीजों को नये सीएचसी भवन में ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही शहर के आसपास की बड़ी आबादी को भी परेशानी होती है। पुराने भवन में अर्बन अस्पताल खुल जाने से लोगों को काफी सहूलियत होगी।

## बीपीओ ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, किया कार्यवाई

**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीपीओ रविन्द्र मेहता ने गुरुवार को प्रखण्ड के दो विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बुनियादी विद्यालय समय से पहले बन्द होने एवं उप्रावि भुइँया टोली में बच्चों की फर्जी हाजिरी बनाकर एमडीएम की राधि बंदरबांट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में बीपीओ रविन्द्र मेहता ने बताया कि उप्रावि भुइँया टोली में सुबह साढ़े नौ बजे अनुश्रवण किया गया।इस दौरान पाया गया कि बीते 3 मई को विद्यालय में 52 बच्चों की अधिक हाजरी बनाई गई। फर्जी हाजरी बनाये जाने की पुष्टि शिक्षिका सुधा कुमारी के सामने बच्चों ने भी की है। वहीं करीब पौने एक बजे के करीब बुनियादी विद्यालय भवनाथपुर पूर्णतया बन्द पाया गया।बीपीओ ने फर्जी हाजरी बनाकर एमडीएम की राशि घपला करने को कुकृत्य बताते हुए इसकी वसूली शिक्षिका सुधा कुमारी के एक वर्ष के मानदेय से करने की बात कह स्पष्टीकरण की मांग की है। वहीं समय से पूर्व बुनियादी विद्यालय बन्द पाए जाने पर उक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों के एक दिन का मानदेय काटते हुए स्पष्टीकरण पृच्छा की है।दोनों विद्यालय के शिक्षकों को तीन दिन के भीतर अपना अपना स्पष्टीकरण साक्ष्य के साथ देना है। इस संबंध में पूछे जाने पर बुनियादी विद्यालय के प्रभारी एचएम विभूति प्रकाश ने बताया कि उस समय मैं फोटोकॉपी कराने गया था।

## प्रखण्ड स्तरीय स्वछता पखवाड़ा का हुआ आयोजन



**पांडू, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर गुरुवार के दिन स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुवात प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रणधीर कुमार ने हाथ में झाड़ू लिए सफाई करके की। उन्होंने कहा इस तरह के कार्यक्रम की शुरुआत करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सभी लोगों को अपने आसपास साफ-सफाई रखना चाहिए ताकि भविष्य में होने वाले बीमारियों से बचा जा सके। मौके पर लल्लन प्रजापति, विनोद राम, यूनुस अंसारी, के साथ-साथ अन्य कई लोग उपस्थित रहे। कई लोग उपस्थित रहे।

## 18 लाख की फर्जी निकासी शहर थाना में मामला दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** फर्जी दस्तावेज से 18 लाख 46 हजार 114 रूपए की अवैध निकासी का मामला सामने आया है। मामला भू-अर्जन कार्यालय मेदिनीनगर से जुड़ा है। एनएच 98 में गई जमीन ने शहर की मुआवजा राशि लेने के लिए यह गड़बड़ी की गई है। इस संबंध में पलामू जिले के पिपरा निवासी दुखन ठाकुर थाना में गुरूवार को एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें दुखन ने अपने गोतिया परिवार के जगदीश ठाकुर, मुनारिक ठाकुर, आत्मदेव ठाकुर, प्रभु ठाकुर और अशरेस ठाकुर को आरोपी बनाया गया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी है।दुखन के गोतिया परिवार के जगदीश ठाकुर, मुनारिक ठाकुर, आत्मदेव ठाकुर, प्रभु ठाकुर और अशरेस ठाकुर ने एकमत होकर एनएच 98 में गई जमीन की मुआवजा राशि हड़पने के लिए फर्जी दस्तावेज बनाया और उससे एलपीसी ले लिया। एनएच 98 में गई जमीन सहित अन्य भूमि सभी की पैतृक संपति है । बंटवारा भी नहीं हुआ है। टाइटल सूट का केस चल रहा है। दुखन का कहना है कि इसी बीच जब एनएच 98 में जमीन जाने लगी तो उपरोक्त सभी लोगों ने चुपके से जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार किया और फिर एलपीसी भी ले लिया । इसके सहारे जगदीश एवं अशरेश ने भू-अर्जन कार्यालय मेदिनीनगर से 6 लाख 92 हजार 293 - 6लाख 92 हजार 293 एवं मुनारिक, प्रभु एवं आत्मदेव ने 153843 ङ्क 153843 की मुआवजा राशि की निकासी कर ली। जब इस संबंध में जानकारी मिली तो मामला दर्ज कराया।

## प्रतिष्ठित किसान समाजसेवी मसी खान सुपुर्द ए खाक

- जनाजे में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल
- विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** यूसीसी कंपनी के पूर्व पार्टनर प्रतिष्ठित किसान समाजसेवी 73 वर्षीय मसी खान का निधन हृदय गति रुकने की वजह उनके हुसैनाबाद स्थित आवास पर हो गया। बुधवार की देर शाम उन्हे पैतृक आवास हुसैनाबाद के सूबेदार बिगहा स्थित कब्रिस्तान में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विदेश से उनके पुत्र समेत कई रिश्तेदार भी पहुंच गए थे। यूसीसी कंपनी के प्रोपराइटर और उनके मामा जियाउद्दीन खान के अलावा दिल्ली से कई लोग उनकी मिट्टी में शामिल हुए। मसी खान के सौभाव की वजह से इलाके के हर एक गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। बताया जाता है की वह काफी सहरल व सौम्य सौभाव रखते थे। सभी के सुख दुःख में साथ रहते थे। उनके असामयिक निधन से समाज को बड़ी क्षति हुई है। उनके निधन की खबर मिलते ही पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के निवर्तमान अध्यक्ष शशि कुमार, निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, राजद के प्रदेश सचिव राज अली, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य डा एजाज आलम, एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन, यूसीसी कंपनी के प्रोपराइटर जियाउद्दीन खान के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि व गण्यमान्य लोग शामिल हुए। मसी खान के असामयिक निधन पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मसी खान का निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने मृतक की आत्मा की शांति की कामना की है। पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, बीजेपी नेता ललन सिंह, विनोद कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी, रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, सज्जू खान, सत्यनारायण सिंह समेत बड़ी संख्या में सामाजिक राजनीतिक नेताओं ने मसी खान के निधन पर दुःख जताते हुए उनकी आत्मा की शांति की कामना की है।

## आग लगने से घर में रखा लाखों का समान जल कर हुआ राख



**उंटारी रोड, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के ग्राम डेवडर में एक घर मे आग लगने से घर का सारा समान जल कर राख हो गया, गृहस्वामी रवींद्र शर्मा ने बताया की बुधवार की रात खाना खा कर सभी लोग सो गए थे, आग कब और कैसे लगी इस बात की जानकारी नहीं है, रात्रि लगभग तीन बजे आग की लपटों से जब अन्य घरों में सोये लोग झुलसने लगे तब आग लगने की जानकारी हुई ग्रामीणों की सहयोग से काफी देर के बाद जब आग बुझाया गया तब तक घर में रखा सारा समान जल कर राख हो गया था, गृहस्वामी ने बताया की घर मे रखा गेंहू, चावल, दाल, आटा, सरसो, खाने पीने की सभी समान के साथ पहनने का सभी कपड़ा भी जल गया, साथ ही पुत्र मनीष शर्मा का दसवीं, बरहवी, और आईटीआई के सभी कागजात जल कर राख हो गया। मौके पर पहुँचे बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह ने उंटारी रोड अंचलाधिकारी ललित राम से बात कर मामले की जानकारी दिया, अंचलाधिकारी ने कहा की आपदा राहत से जो भी मदद होता है मिलेगा, मौके पर महमूद अंसारी, एस कुमार यादव, जगन शर्मा, मंसूर अंसारी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## विक्रम जपला व विनोद हैदरनगर के उप डाकपाल पद पर योगदान किया



**प्रभात मंत्र, संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** पलामू प्रमण्डल के जपला मुख्य डाकघर में गढ़वा से स्थानांतरित होकर आये विक्रम कुमार ने प्रभारी उप डाकपाल पद पर योगदान किया जबकि जपला के विनोद चौधरी हैदरनगर उप डाकघर में उप डाकपाल के पद पर योगदान किया । जपला मुख्य डाकघर के अरविन्द कुमार ओझा ने नये प्रभारी उप डाकपाल को बुके देकर स्वागत किया और विनोद कुमार को विदाई किया। इस मौके पर विक्रम कुमार ने कहा की जपला मुख्य डाकघर में कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं भिकर्ताओं के सहयोग से खाताधारकों की समस्याओं का निदान किया जायेगा और डाकघर में पासबुक और चेक की कमी को उच्चाधिकारियों से आग्रह कर पूर्ति कराई जाएगी। इस मौके पर डाक सहायक शशि कुमार, भोला कुमार, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, शिवकुमार विश्वकर्मा, सौरभ अग्रवाल, संतोष ठाकुर, रविकांत सिंह, कैलाश मेहता, रंजीत सिंह, राजकुमार, अरुण सिंह, राजदेव राम, भगवान, अभिषेक कुमार सहित सभी डाककर्मी एवं एजेंट उपस्थित थे।

## बच्ची को 130 बार शिक्षक ने कराया उठक-बैठक, हुई बीमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौडीहा बाजार मे स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक अरुण कुमार ने अपने विधालय के 6 वर्षीय छात्र शालू प्रवीण पिता आफताब आलम जो छतरपुर प्रखंड के मड़वा के निवासी है। के द्वारा 130 बार उठक बैठक कराया गया और बेहरमी कलमखोश कर मारा पीटा जाता है। जबकि छतरपुर प्रखंड मुख्यालय 15-16 किमी दुरी के वजह से नौडीहा बाजार नजदीक पड़ता है इस लिए अपनी 6 वर्षीय लड़की की नामांकन कराया दिया था कि बेहतर शिक्षा मिल सके। लेकिन विद्यालय मे शिक्षक अरुण कुमार पाठक के द्वारा बच्चों कि कलमखोश कर पीटा जाता है। बच्ची की अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर मे इलाज चल रही है। समाचार लिखें जाने तक विधालय के संचालक से अरुण कुमार पाठक से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनकी मोबाइल स्विच ऑफ मिला।



## गला दुकान से नकदी सहित अरहर, चावल, सरसों की हुई चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना क्षेत्र के तेंदुआ कला गांव में एनएच 98 किनारे स्थित गला दुकान का शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लगभग एक लाख रूपये की सामान चोरी कर ली। दुकानदार विजयेंद्र साव ने बताया कि बुधवार की रात वे अपना दुकान बंद करके घर चला गया था। गुरुवार की सुबह दुकान का शटर खुला होने की जानकारी मिलने पर दुकान में जाकर देखा कि 23 बोरा अरहर, एक बोरा चावल, एक बोरा सरसों तथा दुकान से तीन हजार रूपये नकद गायब पाया। चोरों ने शटर में लगा दो ताला व लॉंक को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं दुकान के बाहर खड़े रामाश्रय साव का टेंपो का गेट का शीशा तोड़कर बैट्री तथा टूल कीट की चोरी कर ली गई। पीड़ित दुकानदार ने इसकी सूचना थाना को दी। जिसके बाद एसआई निर्भय कुमार तथा निरंजन कुमार सिंह ने गला दुकान पर पहुंचकर छानबीन किया।

## बंशीधर महोत्सव समापन के बाद पलामू पहुंचे बॉलीवुड कलाकार किशु राहुल



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा ज़िले के बंशीधर में हो रहे दो दिवसीय बंशीधर महोत्सव में मुम्बई से पहुँचे बॉलीवुड कलाकार किशु राहुल आज पलामू के डालटनगंज शहर के क्राउन प्लाजा होटल में की प्रेसवार्ता। बॉलीवुड कलाकार किशु राहुल ने बताया कि बंशीधर महोत्सव सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही बड़ी कार्यक्रम में जिसमे देश के लोग दूर दूर से यहां पहुँचते हैं और बंशीधर महोत्सव का हिस्सा बनते हैं। मैं भी गढ़वा ज़िला प्रशासन के बुलावे पर बंशीधर महोत्सव में शामिल हुआ और मैने कुछ रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। बंशीधर महोत्सव में आकर मुझे बहुत ही अच्छा लगा। इसके लिए मैं गढ़वा ज़िला प्रशासन को धन्यवाद देता हूं। और आशा करता हूं कि आगे भी इस तरह के बड़े कार्यक्रमो का आयोजन करवाते रहे ताकि गढ़वा जैसी छोटे से जिले का नाम भी देश मे हो । वही किशु राहुल ने बताया कि झारखण्ड में उनकी एक फ़िल्म बनी है अनोखी जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है। साथ किशु राहुल की दो नई फिल्म भी आने वाली है।

## तीसरी आंख की निगरानी में आयोजित होगी डीएवी में नीट यूजी की परीक्षा 2023



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 7 मई 2023 रविवार को डी.ए.वी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर डायरेक्टर पी.एस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एम.के डी.ए.वी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर मे शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एन.टी.ए द्वारा नीट यू.जी परीक्षा 2023 आयोजित की जाएगी । यह परीक्षा हर वर्ष आयोजित होती है।एनटीए के सिटी कोऑर्डिनेटर डीएवी के प्राचार्य डॉक्टर जी.एन खान ने बताया कि मेदिनीनगर एवं आसपास के जिलों के छात्रों ने एमके डीएवी को परीक्षा केंद्र के रूप में चुना है । यह इस क्षेत्र का इकलौता परीक्षा केंद्र है।उन्होंने जीरो टॉलरेंस पर परीक्षा संपन्न करवाने हेतु जिला प्रशासन उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, अनुमंडल पदाधिकारी एवं थाना इंचार्ज महोदय को पत्र लिखकर पर्याप्त पुलिस बल के साथ साथ दंडाधिकारी नियुक्त करने का आग्रह किया है,जिसका उन्हें आश्वासन एवं सहमति भी प्राप्त हो गई है। प्राचार्य जी ने बताया कि इससे परीक्षा केंद्र पर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सुविधा होगी।परीक्षार्थी हेतु आवश्यक सामग्री- प्राचार्य जी के अनुसार परीक्षार्थी अपने साथ छोटा हैंड सैनिटाइजर, पानी का पारदर्शी बोतल, प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज दो फोटो , सरकार द्वारा प्रदत्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड , पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस मतदाता पहचान पत्र पासपोर्ट इत्यादि लाएंगे।वर्जना-परीक्षार्थी अपने साथ एन.टी.ए के द्वारा प्रतिबंधित वस्तुएं नहीं लाएंगे जैसे पैन कार्ड, राइटिंग पैड, लॉग टेबल, ज्योमेट्री बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कागज का लिखित टुकड़ा , हेल्थ बैंड वाले गूगल हैंडबैग, बेल्ट के किसी भी तरह की कलाई घड़ी, ब्रेसलेट कैमरा , आर्नामेंट्स खाद्य पदार्थ इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल केलकुलेटर, स्मार्ट वॉच, पेनड्राइव ब्लूटूथ , इयरफोन, इलेक्ट्रॉनिक पेन स्कैनर, माइक्रोफोन चैट बॉक्स, पेजर इत्यादि।ड्रेस-कोड - नीट नियमावली के अनुसार पूरी आस्तीन, बड़े बटन वेज ब्रूच( जड़ाऊ पिन ) की पोशाक वर्जित है।उपस्थिति अवधि- परीक्षार्थी 11ः00 से परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे।वहां उनके एन.टी.ए द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग एवं रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।परीक्षार्थियों की शारीरिक जांच, बायोमेट्रिक उपस्थिति, अभिलेख सत्यापन होगा।तत्पश्चात निर्धारित परीक्षा कक्ष में जाने की अनुमति होगी।

### चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज के जमीन का किया अतिक्रमण

## चंद्रशेखर दुबे ने कॉलेज को प्रभावित करने का लगाया आरोप

**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** एनएचआई फोरलेन का निर्माण करा रही कंपनी भारत वाणिज्य के द्वारा राजहरा चनेया स्थित चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज की जमीन पर जबरन निर्माण कार्य करा रहा है। कॉलेज परिसर की जमीन ने जबरन ट्रेंच की खुदाई कर अपने कब्जे में ले ली गई। साथ हीं उक्त प्लॉट में प्लांट भी स्थापित की जा रही है। इसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्व मंत्री सह कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे अतिक्रमण किए जा कॉलेज परिसर के पास पहुंचे। जहां स्थिति को देखकर हैरान हो गए। कर्मियों से अतिक्रमण संबंधित जानकारी लिए जाने पर वे सही जानकारी देने से भाग रहे थे। इस पर श्री दुबे के द्वारा अतिक्रमण जमीन को खाली करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं इसकी शिकायत वरीय अधिकारियों से की। वही चंद्रशेखर दुबे सहित 10 अज्ञात लोगों के ऊपर नावाबाजार थाना में मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। चंद्रशेखर दुबे ने बताया कि एक सोची समझी साजिश के तहत कॉलेज परिसर की जमीन को अतिक्रमण किया जा रहा है। यह सब कॉलेज को प्रभावित करने का एक प्रयास है। जिसे सफल नहीं होने दिया जाएगा। निर्माण कार्य करा रही कंपनी स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर परेशान करना चाहती हैं। अगर जरूरत पड़ी तो कंपनी के खिलाफ आगे आंदोलन भी होगा।

**एनएच फोरलेन निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य अपनी कार्य पद्धति में लाए सुधार :** **ददई** एनएच फोरलेन निर्माण काज का रही कंपनी भारत वाणिज्य के द्वारा स्थानीय प्रशासन से मिलकर दबंगई दिखा रहा है। एक सोची समझी साजिश के तहत कॉलेज परिसर की जमीन को अपने कब्जे में कर प्लांट स्थापित कर रही है।



उक्त बातें पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने कहा। गुरुवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कॉलेज जहां भारी संख्या में छात्र-छात्राएं शैक्षणिक कार्य को आते हैं। बगल में प्लांट स्थापित हो जाने से उनका शैक्षणिक कार्य प्रभावित होगा। प्लांट से उड़ने वाले धूल कण उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर भी डालेगी। इसका तनिक भी ख्याल कंपनी कर्मियों के द्वारा नहीं किया जा रहा। बताया कि कंपनी के द्वारा भारी संख्या में बाहरी लोगों को रखा गया है। कॉलेज के बगल में ही कैंप ऑफिस स्थापित की गई है। चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज में हर रोज सैकड़ों छात्राएं आती हैं। जिसे देखकर कर्मियों के द्वारा फब्तियां कसी जाती है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

कंपनी के द्वारा नियमानुसार सभी कार्य किए जा रहे हैं। ददई दुबे के द्वारा कैंप में घुसकर कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। जबकि यह जमीन बैजनाथ दुबे से लीज पर एग्रीमेंट कराई गई है। कॉलेज परिसर की जमीन कैसे लीज की गई इसके लिए एग्रीमेंट करने वाले जिम्मेवार हैं। पार्थो घोष प्रोजेक्ट मैनेजर एनएचआई भारत वाणिज्य कंपनी

**कंपनी के द्वारा अवैध उत्खनन का कराया जा रहा है कार्य, नावा बाजार थाना पुलिस अवैध कार्यो में रही है संलिप्त :** पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने कहा कि फोरलेन निर्माण कार्य करा रही कंपनी के द्वारा रात में अवैध बालू का उत्खनन कराया जा रहा है। जिस कार्य में स्थानीय थाना की भी संलिप्तता रहा है। प्रत्येक रात में हाईवा व ट्रैक्टर से बालू का उत्खनन करा कर डंप कराया जा रहा है। इन सभी अवैध खनन के कार्यो में नावा बाजार पुलिस प्रशासन की संलिप्तता रही है। नावा बाजार थाना क्षेत्र में 2 दर्जन से अधिक ट्रेक्टर से अवैध उत्खनन कर परिवहन का कार्य किया जाता है। गाड़ी से महीने में 15000 रुपए की वसूली की जाती है। पैसा का भुगतान नहीं करने की स्थिति में गाड़ियों को पकड़ी जाती है। नावा बाजार थाना अपनी कार्य संस्कृति में बदलाव लाए नहीं तो अवैध उत्खनन के कार्य को लेकर आंदोलन किया जाएगा। गरीबों की प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य नहीं हो पा रही है। इसके लिए प्रशासन सजगता नहीं दिखा पा रही। गरीब दरों पर अवैध बालू खरीदने को विवश हैं। **रैयतों को हो उचित जमीन की मुआवजे का भुगतान :** पूर्व मंत्री सह पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने कहा कि फोरलेन निर्माण कार्य को लेकर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। लेकिन रैयतों को अधिग्रहण किए जाने वाले जमीन के उचित मूल्य का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जमीन कौड़ी के भाव में छिना जा रहा है। प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए भुगतान कराने की दिशा में पहल करें। कहां कि मुआवजे की भुगतान व बाजार मूल्य निर्धारण को लेकर ग्रामीण प्रखंड सह अंचल कार्यालय व जिला कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। प्रशासन कैंप लगाकर बाजार मूल्य का निर्धारण करते हुए

संक्षिप्त खबरें

## ट्यूमर का किया गया सफल ऑपरेशन

**रांची।** सिकिदिरी की रहने वाली महिला उम्र 44 साल पिछले 5से 6 सालों से ट्यूमर से परेशान थी। यह ट्यूमर आंख के पीछे तथा ब्रेन के निचले हिस्से में था, जिसकी वजह से एक आंख बाहर निकल आई थी और मरीज को देखने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके इलाज के लिए वह कई जगह पर दौड़ती रही तथा इलाज कराती अंततः रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग डॉ प्रो सीबी सहाय के अंदर एडमिट हुई। मंगलवार को रिम्स के न्यूरोसर्जरी विभाग तथा नेत्र विभाग की टीम ने इसका सफल ऑपरेशन कियाढ्ढ ट्यूमर आसपास फैल चुका था डॉ विकास ने बताया यह एक रेयर टाइप का ऑपरेशन ऑपरेशन था ,इस टीम में न्यूरोसर्जरी विभाग के डॉक्टर प्रो सीबी सहाय और उनकी टीम रोहित भारती, विकास कुमार, डॉ अशोक तथा नेत्र विभाग के डॉ सिंधु , डॉ जेनिफर शामिल थे।

## पीडीएस दुकानदारों में सरकार के विरुद्ध आक्रोश : प्रदेश महासचिव

**रांची।** बेड़ो प्रखंड जनवितरण प्रणाली संघ ने दुकानदारों के सात सूत्री मांगों को सरकार के द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लेने पर रोष व्यक्त किया है। बेड़ो के महादानी मैदान में बैठक आयोजन कर संघ के अध्यक्ष ने कहा की हमलोगों ने विगत 3 अप्रैल को राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से हमारी सात सूत्री से अवगत कराया था, लेकिन अभी तक सरकार के तरफ से इसकी ना तो कोई जवाब आया ना ही हम लोगों से मिलने का समय दिया गया। ऐसे में हम सभी जनवितरण दुकानदार एक जुट होकर सरकार से मिलकर अपनी बात रखने को कोई ना कोई कदम जरूर उठाएंगे। प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो, वीरेंदर साव, मनोज मित्तल, मुन्ना साहू, विष्णु गुप्ता, सुनील यादव समेत सैकड़ो दुकानदार उपस्थित थे।

# 15 लाख के इनामी रीजनल कमांडर इंदल गंझू ने किया आत्मसमर्पण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** 15 लाख के इनामी रीजनल कमांडर इंदल गंझू ने झारखंड पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए आईजी ऐवी होमकर बताया गया कि पुलिस की कार्रवाई के डर से आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में माओवादियों के खात्मे के लिए पुलिस और सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं। सुरक्षा बलों की कार्रवाई से नक्सलियों में हडकंप मच गया है। आगे बताया गया कि इंदल का नाम झारखंड का कुख्यात उग्रवादियों में शामिल रहा है। सरकार ने इंदल के खिलाफ 15 लाख के इनाम की भी घोषणा की हुई थी। इसके खिलाफ 147 से अधिक मामले दर्ज हैं। इंदल 20 सालों से माओवादी संगठनों से जुड़ा हुआ था और कई घटनाओं को अंजाम दे चुका था।

### आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित

इंदल के आत्मसर्पण के बाद आईजी ने बताया कि झारखंड में नक्सलियों के खात्मे को लेकर जंगलों में अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सुरक्षा बलों को कई बड़ी कामयाबी मिल रही है। इसके साथ ही सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति की तहत नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़ मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं।

इस आत्म समर्पण नीति के तहत कई बड़े नक्सलियों ने हथियार डाल चुका है। चतरा के सभी माओवादी संगठन के सदस्य बिहार की ओर बढ गए हैं हम लगातार नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान चला रहे हैं और आगे भी यह अभियान जारी रहेगी।

# रिम्स में 28 मरीजों की मौत के मामले में हाई कोर्ट नाराज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को रिम्स में हड़ताल के दौरान 28 मरीजों की हुई मौत मामले में जांच कमेटी को लेकर अबतक प्रपोजल नहीं भेजने पर राज्य सरकार से नाराजगी जताई। कोर्ट ने मौखिक कहा कि अगर प्रपोजल नहीं भेजा गया तो राज्य सरकार के विरुद्ध अगली सुनवाई में कड़ा आदेश पारित किया जाएगा।सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कमेटी के गठन के लिए प्रपोजल चीफ जस्टिस के पास भेजने के लिए एक सप्ताह के समय की मांग की गई थी, जिससे जिला जज का नाम प्रस्तावित किया जा सके। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने रिटायर्ड प्रधान जिला जज अध्यक्षता में कमेटी गठित कर मामले की जांच कराने का निर्देश राज्य सरकार को दिया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता मुख्तार खान ने 28 मरीजों की हुई मौत मामले को लेकर कमेटी बनाकर जांच करने एवं इस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एक्शन लेने आग्रह कोर्ट से किया था। झारखंड छात्र संघ की ओर से यह जनहित याचिका दाखिल की गई है।याचिका में कहा गया है कि 01 जून, 2018 को एक पेशेंट का डेथ गलत ट्रीटमेंट की वजह से रिम्स में हो गया था। इसके बाद मृतक के परिजनों ने प्रोटेस्ट किया था, जिसके बाद जूनियर डॉक्टर और मृतक के परिजनों के बीच झड़प हुई थी, जिसे लेकर रिम्स में 02 जून, 2018 से जूनियर डॉक्टरों एवं नर्सों ने स्ट्राइक कर दिया था।स्ट्राइक के दौरान रिम्स में संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। इस दौरान करीब 35 मरीजों का ऑपरेशन टल गया था। 600 से ज्यादा मरीज रिम्स से बगैर इलाज के वापस लौट गए थे। इलाज के बिना 28 मरीजों की भी मौत भी हुई थी।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा तथा येलो डे का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल आनंद स्वामी ब्लॉक में बुद्ध पूर्णिमा के साथ - साथ येलो डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा गौतम बुद्ध के जीवन से सम्बंधित एक नाटिका की प्रस्तुति की गई। साथ ही विद्यालय के किंडर गार्डन के बच्चों द्वारा येलो डे से सम्बंधित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सभी बच्चे तथा शिक्षिकाएं पीले रंग के पोशाक में नजर आए। विद्यालय के प्रभारी शिक्षक श्री रवि शेखर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में ऐसे आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है तथा बच्चे खेल खेल में ही विविध प्रकार की जानकारियां प्राप्त कर लेते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका शीला रमेश, सविता सिन्हा, अंजना मिश्रा, दिव्या कुमारी आदि उपस्थित थे।

# रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से ईडी ने की पूछताछ


छाया : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची के पूर्व उपायुक्त और वर्तमान के समाज कल्याण आयुक्त आईएएस छवि रंजन चार मई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे है।आईएएस छवि रंजन से सेना के जमीन घोटाले सहित अन्य मामले में पूछताछ शुरू कर दी गई है।

ईडी ने छवि रंजन को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है।मालूम हो कि पूर्व में दो बार समन जारी करने के बावजूद आईएएस छवि रंजन ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। ईडी ने इससे पहले 13 अप्रैल को छवि रंजन सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। ईडी को बड़गाई के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप के ठिकाने से बड़ी मात्रा में सरकारी जमीन के दस्तावेज मिले थे। भानु प्रताप पर रिकार्ड में छेड़छाड़ कर जमीन की अवैध तरीके से म्यूटेशन करने का आरोप है।

इससे पहले ईडी ने छवि रंजन को समन कर 21 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे कार्यालय नहीं गए, उन्होंने दो सप्ताह का समय देने की मांग की थी।

## अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी को तौसीफ ने दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ ने अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी से मुलाकात कर मुबारकबाद दिया द्य डॉ तौसीफ ने राज्य के सभी वर्ग के अल्पसंख्यको के समस्याओं और उन का समाधान कैसे हो उसपर भी चर्चा किया।

उन्होंने कहा कि मंजूर अंसारी के बनने से राज्य के सभी वर्ग के कांग्रेसी कार्यकर्ता में खुशी का माहौल है ।

मंजूर अंसारी अनुभवी एवं मंझे हुए राजनेता हैं । निश्चित तौर पर उनके राजनीतिक अनुभव से संगठन मजबूती मिलेगी। मंजूर अंसारी के नाम को चयनित करने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता आलमगीर आलम एवं अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी खास तौर से शुक्रिया के मुस्तहक हैं।

# शिक्षा मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपहार : राज्यपाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा मानव जाति के लिए सबसे बड़ा उपहार है। शिक्षा के माध्यम से हम अपनी नैसर्गिक प्रतिभा को निखार सकते हैं और जीवन पथ में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यह हमारी प्रगति और विकास की आधारशिला है। यह गर्व की बात है कि उषा मार्टिन विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता का केंद्र बनने के लिए तैयार है, जो हमारे छात्रों को दुनिया में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम और कार्यक्रम पेश करता है। राज्यपाल गुरुवार को अनगड़ा में उषा मार्टिन विवि के पहले दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख पहलों में से एक है। उन्होंने शिक्षा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया है जो रचनात्मकता, आत्मीय सोच और समस्या को सुलझाने के कौशल को बढ़ावा देता है। सभी विश्वविद्यालयों को इसे अक्षरशः लागू करने का प्रयास करना चाहिए। राज्यपाल ने आग्रह किया कि आप अपनी शिक्षा का उपयोग न केवल अपने करियर को आकार देने के लिए करें, बल्कि समाज की बेहतरी में योगदान देने के लिए भी करें। आप भाग्यशाली हैं कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हैं। इस अवसर पर वीसी मधुलिका कौशिक ने बताया कि स्नातकोत्तर और स्नातक पाठ्यक्रम के 18 को गोल्ड मेडल सहित 577 विद्यार्थी को डिग्री दी गयी।

## सदर अस्पताल रांची के नए भवन भवन में मॉड्यूलर ऑपरेशन शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल रांची के नवनिर्मित भवन में चार मई से सिविल सर्जन के दिशा निर्देश पर मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी शुरू हो गई है।

धुर्वा निवासी एक महिला का पूरी तरह से बेहोश करके दूरबीन विधि के द्वारा पित्त की थैली के पत्थर का ऑपरेशन बहुत छोटे-छोटे छेद के द्वारा किया गया।

ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क किया गया।ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति अच्छी है एक-दो दिन ऑब्जरवेशन में रखने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। सदर अस्पताल मे मॉड्यूलर ओटी के चालू हो जाने से मरीजों को काफी लाभ होगा ,उनकी जो लंबी प्रतीक्षा सूची है वह जल्द छोटी हो जाएगी।ऑपरेशन करने वाली टीम में निम्नलिखित लोग थे

सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, एनएसथेटिस्ट डॉक्टर दीपक कुमार एवं डॉ विकास वल्लभ।ओटी असिस्टेंट सुशील ,नंदनी, मोहित,नीरज , सिस्टर नर्स सविता ,पूनम शामिल थे। आधुनिक तकनीक से लैस मॉड्यूलर ओटी के चालू होने से ऑपरेशन ज्यादा सुरक्षित एवं सरल होगा। ओटी बिल्डिंग के सातवें तल्ले पर स्थित है।

# आपराधिक गतिविधियां बढ़ रही हैं : डा आशा लकड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने में राज्य सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। साढ़े तीन साल के कार्यकाल में झारखंड सरकार ने राज्य के विकास को स्थिर कर दिया है। आपराधिक गतिविधियां दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही है। गुरुवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य में इन दिनों बालू का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। पिछले दिनों राज्य के सभी जिलों में एक साथ बालू के अवैध उठाव व परिवहन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान सैंकड़ों की संख्या में अवैध बालू लदे हाइवा, डंपर व ट्रक पकड़े गए। इससे यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया न कर बालू के अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रही है।

## आर्मी पब्लिक स्कूल में इंग्लिश पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** आर्मी पब्लिक स्कूल रांची में इंटर हाउस इंग्लिश पोयम रेसिटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्लास एक से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने अपने अंदाज में विभिन्न विभिन्न विषयों में कविता सुना कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया और निर्णायक मंडली यह सदस्यों दिल जीत लिया । विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं ऋतिशा, ऋषिकेश, विहान झा, नंदिनी सिंह, तृषा जैन, विद्यानी सिंह ,दीक्षा, कृष्णा, अभिज्ञा, तथा एंजेल थे।प्राचार्य महोदय अभय कुमार सिंह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# हज में जाने के लिए वैकल्पिक फ्लाइट की व्यवस्था कराई जाए : डा इरफान



विधायक ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से मांग किया कि इस मामले को अभिलंब संज्ञान में ले एवं हाजियों के लिए हज में जाने के लिए वैकल्पिक फ्लाइट की व्यवस्था कराएं।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हज कमेटी के चेयरमैन सह जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी गो एयरलाइंस बंद होने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की हज में जाने वाले लोगों ने बड़े ही मुश्किल से पैसे जुगाड़ कर टिकट कराया था। अचानक से फ्लाइट बंद हो जाने से हाजियों में भारी आक्रोश एवं निराशा है। आगे विधायक ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से मांग किया कि इस मामले को अभिलंब संज्ञान में ले एवं हाजियों के लिए हज में जाने के लिए वैकल्पिक फ्लाइट की व्यवस्था कराएं। केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। समय रहते केंद्र सरकार ने रास्ता नहीं निकाला तो हम लोग भारी संख्या में दिल्ली जाकर मंत्री स्मृति ईरानी का घर घेरेंगे और ईट से ईट बजा देंगे।

# वंदे भारत का परिचालन एक महीने के अंदर : सांसद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एक महीने के अंदर रांची-हटिया से वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो जाएगा। यहां के यात्री वंदे भारत एक्सप्रेस का आनंद ले सकेंगे।

साथ ही चार महीने के अंदर दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से ही आरंभ होगा। इस बाबत आज नई दिल्ली में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सांसद संजय सेठ की मुलाकात हुई।

सांसद ने अधिकारियों को यह प्रस्ताव दिया कि हटिया से पटना वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन अविलंब शुरू किया जाए। सांसद ने प्रस्ताव दिया कि उक्त ट्रेन का परिचालन पटना से हटिया के लिए सुबह में और हटिया से पटना के लिए शाम में तय किया जाए। पटना से हटिया प्रस्थान का समय सुबह के 6:55 बजे और हटिया से पटना के प्रस्थान (वाया बरकाकाना, हजारीबाग, कोडरमा) का समय शाम के 5:00 बजे निर्धारित करने का सुझाव दिया है।

इस मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन रांची से हो, इस दिशा में उनका प्रयास हमेशा से जारी था। 2021 में रेल मंत्री को पत्र लिखकर उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन हटिया से पटना और रांची से कोलकाता करने का आग्रह किया था। इसका सुखद परिणाम सामने आया है।

सांसद ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों से होगा। इससे संबंधित प्रस्ताव भी प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा गया है। प्रधानमंत्री का झारखंड आगमन हम सब के लिए गौरव की बात होगी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

# गर्भ धारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक पर दिया गया प्रशिक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 2014 (गर्भ धारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम अंतर्गत छह माही प्रशिक्षण ) अंतर्गत चयन एवं कोर कमिटी की बैठक आयोजन अभियान निदेशक सह अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट झारखण्ड, डॉक्टर भुवनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किया गया । बैठक में अभियान निदेशक डॉक्टर भुबनेश प्रताप सिंह , निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं , निदेशक रिम्स, प्रिंसिपल एमजीएम मेडिकल कॉलेज, प्राचार्या फुलझनो मेडिकल कॉलेज दुमका ,प्राचार्या सहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज ,प्राचार्या शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग , पीएम एच जमशेदपुर, बोकारो जनरल अस्पताल ,प्राचार्या मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज पलामू एवं नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी शामिल हुए। बैठक में झारखण्ड अवस्थित अधिसूचित मेडिकल कॉलेज में गर्भ धारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर छह माही प्रशिक्षण प्रारम्भ करने पर चर्चा की गयी तथा जल्द से जल्द झारखण्ड में प्रशिक्षण प्रारम्भ करने का निर्णय भी लिया गया। पहली परीक्षा 2015 में आयोजित की गयी थी जिसमे 86 चिकित्सक उत्तीर्ण हुए थे तथा 2020 में दूसरी परीक्षा आयोजित की गयी थी जिसमे 17 चिकित्सक उत्तीर्ण हुए।

## कर्रा में झारखंड आन्दोलनकारियों की बैठक



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत गुरूवार को झारखंड आंदोलनकारियों की एक विशेष बैठक झापा प्रखंड अध्यक्ष फ्रैंकलीन धान की अध्यक्षता में रखी गयी. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि एदल संगा पड़हा राजा सोमा मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि छुनकू मुंडा व लॉरेंस बाखला उपस्थित रहे. वही मुख्य अतिथि सोमा मुंडा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य का बिगूल खूंटी जिला से फूंका गया था लेकिन अफसोस कि बात है कि खूंटी जिला के हजारों आन्दोलन कारियो का आवेदन अभी भी झारखंड आन्दोलनकारी आयोग में सड़ रहा है जिसका जायजा लेने वाला कोई नहीं है जिसकी राज्य के अन्य जिलों से झारखंड आन्दोलन कारियो को चिन्हित कर लिया गया है झारखंड आंदोलन में जेल गये कर्रा प्रखंड के कच्चाबारी निवासी लॉरेंस बाखला ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हम लोगों ने जो लड़ाई लड़ा और हमें झारखंड अलग मिला वह मकसद पूरा होता नहीं दिखाई दे रहा . आज दूसरे राज्य के लोग झारखंड में हावी है और झारखंड को लूटने का काम कर रहे हैं वहीं बैठक में झारखंड आन्दोलन कारियों ने सर्व सहमती कर्रा प्रखंड समिति का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष फ्रेंकलीन धान, उपाध्यक्ष अल्बर्ट होरो, सचिव मनसुख होरो, सह सचिव दशा मिंज, कोषाध्यक्ष मार्शल धान के अलावे 15 लोगों का चयन सलाहकार सदस्यों के रूप में चुना गया. वही आगामी बैठक 14 मई को कर्ली में रखा गया है जिसमें झारखंड आन्दोलनकारी आयोग के सदस्य मौजूद रहने कि बात कही गयी है बैठक में मुख्य रूप से पौलुस हेरेंज, विश्वानाथ मुंडा, भिमसेन मुंडा, जेवियर मुंडा, दोहन परनिया, गोसनर मुंडा विनय आईन्द दुदू मुंडा, अमरूस होरो के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर सड़क पर उतरे ग्रामीण



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली थाना क्षेत्र के सिल्लीडीह निवासी दिगंबर महतो के पुत्र शंकर महतो एवं भगवान दास महतो को कुछ दिनों पहले गोमीया थाना एवं सिल्ली थाना के पुलिस कर्मी देर रात उनके घर से उठाकर थाना ले आए और दोनों को निर्दयता पूर्वक बेरहमी से पिटाई किया गया! इसी के विरोध मे बुधवार की शाम सैकड़ो ग्रामीण सड़क पर उतर आए! इस दौरान पुलिस के खिलाफ सिल्ली डीह गांव से सिल्ली थाना तक जुलुस निकाला गया! ग्रामीणों का कहना है की सिल्ली पूलिस ग्रामीणों के साथ काफी सख्ती के साथ पेश आती है और बेवजह बेकसूरों को पीट रही है! हमारे गांव के निर्दोष दो युवकों को कुछ दिन पहले गोमीया एवं सिल्ली पुलिस घर से उठाकर ले गई और बेरहमी से दोनों को पिटाई किया गया! उनके शरीर पर कई जगह जख्मों के निशान भी हो गया है! दोषि पुलिस कर्मी को सजा मिले इसको लेकर रैली निकाली गई है इधर सिल्ली थाना प्रभारी से पुछे जाने पर उन्होंने बताया की कुछ दिनों पहले गोमीया थाना क्षेत्र मे लुटकांड हुआ था इस मामले के छानबीन के दौरान घटना मे युवकों की बाइक का उपयोग करने का साक्ष्य भी मिला है! पुलिस पुछताछ करने के बाद दोनों युवकों को छोड़ दिया है!

## रांची जिला ग्रामीण की जिला समीक्षा बैठक में मांडर महाविद्यालय इकाई का हुआ गठन



**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को अभवीप रांची जिला ग्रामीण जिला समीक्षा सह योजना बैठक आयोजित की गई जिसमें मांडर महाविद्यालय इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गयी बैठक की शुरुआत प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन व विश्वविद्यालय संयोजक शिवेंद्र सौरभ ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की बैठक में पूरे वर्ष के कार्य पद्धति कार्य कार्य शैली एवं कार्य योजना आगामी योजना विषय विषय पर विस्तृत चर्चा की गई एवं बैठक में आगामी कार्ययोजना सदस्यता अभियान आगामी कार्यक्रम सहित विभिन्न कार्यक्रमों की तिथि एवं सूचियां तय की गई। संगठन मंत्री राजीव रंजन जी ने मांडर महाविद्यालय की नई कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें कॉलेज अध्यक्ष अभिषेक महली उपाध्यक्ष सुमित कुमार एवं मंत्री सीताराम पहाड़ सा मंत्री कृष्णा मुंडा एवं रोहित सिंह एसएफएस प्रमुख तनु कुमारी एस एफ डी प्रमुख अमरनाथ मुंडा कार्यकारिणी प्रीतम गो अमरनाथ मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया का संचालन का आकाश रक्षित ने किया धन्यवाद ज्ञापन उत्कर्ष तिवारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन मिश्रा जी विश्वविद्यालय संयोजक श्री शिवेंद्र सौरव जी रांची जिला ग्रामीण संयोजक आकाश रक्षित जी मांडर नगर के नगर मंत्री आदर्श प्रसाद जी विभाग छात्रा प्रमुख सोनमेकुमारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोनी कुमारी मांडर नगर के नगर सह मंत्री उत्कर्ष तिवारी कुमार अभिषेक महली श्रवन महली रोहित गिरी सहित दर्जनों दायित्व वान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीआईजी ने किया पुलिस अंचल निरीक्षक कार्यालय मांडर का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** गुरुवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के डीआईजी अनूप बिरथरे रांची जिला के पुलिस अंचल निरीक्षक मांडर का निरीक्षण किया। डीआईजी सुबह करीब 11.30 बजे रांची की तरफ से आए। निरीक्षण के क्रम में रांची जिला पुलिस बल की ओर से उन्हें सलामी दी गई। डीआईजी ने सबसे पहले ऑफिस का निरीक्षण किया। साथ ही साथ थाना के मालखाने, बंदीगृह सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने पुलिस निरीक्षक के ऑफिस में बैठ कर आपराधिक रजिस्टर, स्टेशन डायरी, केस की प्रगति रिपोर्ट की भी जांच की। उन्होंने क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर सख्ती से नियंत्रण करने के निर्देश दिए। साथ ही कांडों का निष्पादन जल्द से जल्द करने को कहा। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार, बुढ़मू, ठाकुरगांव थाना प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक अवधेश ठाकुर के साथ खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी मौजूद रहे।

## नरकोपी के नये थाना भवन का उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** प्रखंड के नरकोपी थाना में नये थाना भवन का उद्घाटन गुरूवार को किया गया।उद्घाट्न सांसद सुदर्शन भगत, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नये थाना भवन के बनने से क्षेत्र के सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों में सुविधा होगी। समारोह में एसएसपी कौशल किशोर, ग्रामीण एसपी नौसाद आलम, डीएसपी रजत मणिक बाखला, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, थाना प्रभारी मनिष कुमार गुप्ता, नरकोपी थाना प्रभारी अभिजीत कुमार, जिपस बेरोनिका उरांव, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, मुखिया सरिता एक्का व राकेश भगत सहित कई लोग उपस्थित थे।

# फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** जिले के विभिन्न प्रखंड से सहभागी हुए 26 प्रशिक्षणार्थियों का 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया, आर. सेटी. खूंटी में किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षिका रंजू देवी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को फास्ट फ़ूड से सम्बंधित विभिन्न व्यंजन बनाने की विधियों को विस्तार से बताया, जिसमें उन्होंने चौमिन, समोसा, फ्राइड राइस, जीरा राइस, कर्ड राइस, वेज पुलाव, वेज मंचूरियन, पानी पूड़ी, भेल पूड़ी, सेव-पूड़ी, दही- पूड़ी, पावभाजी इत्यादि की बनाने की विधि बताई। संस्थान के संकाय सदस्य सुशील कुमार ने प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय से जुड़े सभी पहलुओं से अवगत कराया जिनमें प्रमुखतः एक सफल उद्यमी बनने के गुण, बाजार प्रबंधन, समस्या समाधान, प्रबंधन, बैंकिंग, विभिन्न सरकारी बैंक संबंधी योजनाओं और कौशल विकास इत्यादि से संबंधित थी। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण पी. की. सिंह देव और लक्ष्मी देवी द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर प्राप्त प्रशिक्षण के संबंध में विधिवत जानकारी ली। उन्होंने संस्थान परिसर में ही फास्ट फ़ूड स्टाल उद्यमी से सम्बंधित प्रशिक्षुओं का व्यवहारिक ज्ञान की भी परीक्षा ली। अग्रणी जिला प्रबंधक, खूंटी बिनय कुजूर ने प्रशिक्षुओं से प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुए कहा कि फास्ट फ़ूड व्यवसाय आकर्षक व्यवसाय है और इसमें कम लागत में अधिक मुनाफा है। यह आज लाभदायक व्यवसाय है और बाज़ार में काफी मांग है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि इस कार्य को आगे बढ़ाये और आत्मनिर्भर बन स्वरोजगार से जुड़े। समारोह में उपस्थित निदेशक, आर. सेटी. ने कहा कि आर. सेटी. का मुख्य उद्देश्य यहाँ के युवक-युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने है और इस हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रशिक्षुओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देने का प्रावधान है। प्रशिक्षु स्वरोजगार से जुड़कर स्वावलंबी बने तथा अपने परिवार में सम्पन्नता लायें और जिले के विकास में भी सहभागी बनें। उन्होंने प्रशिक्षुओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के व्यवसाय के लिए न बाज़ार की कमी है न ही अवसर की। ऐसे स्थिति में थोड़ी सी मेहनत से इस व्यवसाय में अच्छे परिणाम देखने को मिल सकता है। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संकाय सुशील कुमार संकाय संजय कुमार; सहायक सतनाम कंडूलना; सहायक निर्मल हेमरोम तथा जितेंद्र महतो ने भी अहम् भूमिका निभाई। कार्यक्रम का अंत निदेशक, आर. सेटी. श्री जशन कुजूर के धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त किया गया।

---

Tender ref. No,:497 | **District Collectorate District Supply Office Latehar, Jharkhand** | Dated:- 03/05/2023

**INVITATION OF TENDERS FOR PROVIDING BLOCK-WISE DOOR-STEP DELIVERY (TRANSPORTATION & HANDLING) SERVICES TO THE FAIR PRICE SHOPS (FPS) LOCATED IN URBAN AREAS AND BLOCKS OF LATEHAR DISTRICT OF JHARKHAND FOR PERIOD OF ONE YEAR THROUGH E-TENDER FOLLOWED BY REVERSE E-AUCTION PLATFORM**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender published on website | 04.05.2023 |
| 2. | Name of the Client | District Collectorate, District Supply Office Latehar, Jharkhand |
| 3. | Address of the concerned person for correspondence | Abhishek Tiwari: Email: jhsupport@c1india.com |
| 4. | Bidding Document Cost | RS. 2,500/-(Rupees Two thousand five hundred Only) (Non-Refundable & non-Adjustable) as a Demand Draft in favour of "District Supply Office Latehar Jharkhand". |
| 5. | EMD | As per the details mentioned in the RFP |
| 6. | Financial security money. | All bidders have to submit Bank Guarantee of Rs 5 lakh per block in favor of DSO Latehar,Jharkhand. The Format of Bank Guarantee has been attached as Annexure-11 |
| 7. | Bid Submission Start | 04.05.2023 |
| 8. | Bid Submission End | 12.05.2023 |
| 9. | Technical E-Bid Opening Date & Time | 14.05.2023 |
| 10. | Pre-Bid Meeting | 02.02.2023 (https://meet.google.com/pix-qfhe-ant) 1:30 to 2:30 |
| 11. | Date of Auction | Will be intimated later |
| 12. | Publishing Websites | https://latehar.nic.in&https://jhtenders.eproc.in |
| 13. | Registration Fee for C1 India | Rs. 5000/- (Mandatory for all Bidders) |

1. All eligible individuals or partnership firm, Registered Company or Co-operative society or any legal organization should mandatorily register with C1 India Pvt. Ltd. for participation in reverse e-auction.
2. Any changes/modification in the tender documents in the tender documents will be posted on the website- https://latehar.nic.in/ and https://jhtenders.eproc.in

PR 296517 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)D — District Supply Officer Latehar

---

सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
**नये समाहरणालय भवन, 'ए' ब्लॉक, द्वितीय मंजिल**
**खुँटीटोली, सिमडेगा**

Ph : 06525-225835 e-mail - ssasimdega@yahoo.co.in, ssasimdega@gmail.com Fax : 06525-225836

पत्रांक : .................... दिनांक : ....................

**जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों के कक्षा-6 में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक ME/01/1183/2023/1928 दिनांक 24.04.2023 के आलोक में आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत संचालित जिले के 03–उत्कृश्ट विद्यालयों जो कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत सम्बद्वता प्राप्त कर संचालित किया जाना है, में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। सिमडेगा जिले से निम्नांकित 03–विद्यालयों उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में शामिल हैं :–

a. SS +2 HIGH SCHOOL SIMDEGA
b. SS GIRLS +2 HIGH SCHOOL SIMDEGA
c. KGBV SIMDEGA

1. सत्र 2023–24 में जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों का नामांकन कक्षा–6 में लिया जाएगा।
2. नामांकन प्रपत्र संबंधित विद्यालयों से कार्यालय अवधि में दिनांक 07.05.2023 तक प्राप्त किया जा सकता है, जो जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.simdega.nic.in पर भी उपलब्ध है।
3. भरे हुए नामांकन प्रपत्र संबंधित विद्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.05.2023 (कार्यालय अवधि) है।
4. नामांकन प्रपत्र निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार किये जायेंगे।
5. अधिक जानकारी हेतु गठित हेल्पडेस्क से सहायता प्राप्त किया जा सकता है :–
   क. जिला स्तरीय हेल्पडेस्क :श्री लक्ष्मी बड़ाईक – 7004921170
   ख. विद्यालय स्तरीय हेल्पडेस्क
      a. SS +2 HIGH SCHOOL SIMDEGA - 9304307574
      b. SS GIRLS +2 HIGH SCHOOL SIMDEGA - 821069442
      c. KGBV SIMDEGA - 9572860475

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 296481 Primary Education (23-24)_D

---

**Office of the Executive-Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division Khunti, Jharkhand**
**Email- eedwsd.khunti@gmail.com**

**Very Short e-Procurement Notice- 4th Call**
**Tender reference No- DWSD/KH-16(MVS)/2022-23, Date- 04.05.2023**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1) | Sindari, Purnanagar, Norhi and adjoining Village Rural Pipe Water Supply Scheme Under D .W. & S. Division Khunti on turnkey basis. | 3345.91 | 33.45 | 10,000.00 | 18 Months+3 Month Trial & run |

| | | |
|---|---|---|
| A | Date of Publication of Tender on Website & Submission Start | 06.05.2023 up to 05.00 PM |
| B | Last date /Time for receipt of Bid (Online) | 15.05.2023 up to 05.00 PM |
| C | Last date /Time for receipt of Bid (Hard Copy) | 16.05.2023 up to 05.00 PM |
| D | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti |
| E | Date of opening of Tender | 17.05.2023 /11.00 AM |
| F | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti |
| G | Contact no of Procurement office | 06528-299928 |
| H | Helpline no of e-procurement cell | 07717776462 |

SAVE WATER::SAVE LIFE

**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Drinking water & Sanitation Division
Khunti, Jharkhand.

PR.NO.296607 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

---

**कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी**

**आम सूचना राष्ट्रीय लोक अदालत संबंधित आवश्यक सूचना**
**दिनांक 13–05–.2023**
**स्थान:– व्यवहार न्यायालय परिसर, खूँटी निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय के लिए**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रॉची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के द्वारा व्यवहार न्यायालय, खूँटी के प्रागंण में दिनांक **13–05–.2023** को समय **11:00 बजे** पूर्वाहन से कार्य समाप्ति तक **राष्ट्रीय लोक अदालत** का आयोजन किया जायेगा। उक्त अवसर पर निम्नलिखित मामलों की निपटारा सुलह–समझौता के आधार पर समाप्त किया जाएगा।

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली विभाग से संबंधित मामले |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू – अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

इस संबंध में किसी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को **11:00 बजे** पूर्वाहन **से 04:00 बजे** अपराहन तक व्यवहार न्यायालय, खूंटी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी के कार्यालय में आकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी अथवा उनके दूरभाष सं0 **8789697778** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक,खूंटी–सह सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी | उपायुक्त,खूंटी–सह उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी | प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूंटी

निवेदक
मनोरंजन कुमार सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी

PR 296495 (Khunti)23-24*D

---

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LTD,**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
**E-Mail** - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
**CIN:** U45200JH2013SGC001752

NIT No.: JUIDCO/ NIT/ RFP/ TL/23-24/540 — Date: 04.05.2023

**Notice Inviting Tender**
**National Competitive Bidding**
**Tender Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report (DPR) and Project Management Consultancy (PMC) Services for Beautification of Topchanchi Lake and Nearby areas |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender |
| 3. | Tender Fee &Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Cost of Tender Document: 10,000/- *(Rupees Ten Thousand) only (Non-refundable)* Earnest Money Deposit (EMD) – Rs. 25,000/- *(Rs. Twenty Five Thousand) only* |
| 4. | Date of starting of sale of online Tender | 05.05.2023 at 14.00 Hrs |
| 5. | Date of Start of Submission of online Bids | 05.05.2023 at 14.00 Hrs |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 29.05.2023 at 17.00 Hrs |
| 7. | Last Date/Time for submission of Tender fee and EMD (Hard Copy) | 30.05.2023 at 17.00 Hrs |
| 8. | Date of Online Bid Opening | 30.05.2023 at 17.30 Hrs |
| 9. | Tender fee and EMD submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| 10. | Helpline no. | + 91 651 2225878 |

**Note: Only e-tender will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd. Ranchi**

PR 296597 Urban Development and Housing (23-24)_D

---

**आम सूचना**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**दिनांक 13 मई,2023 ;शनिवार**

**स्थान– व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा निःशुल्क, सुलभ एंव शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा के प्रांगण में दिनांक 13.05.2023 को पूर्वाह्न 09.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगा:–

1. सुलह योग्य आपराधिक वाद
2. N.I. Act U/s 138 से संबंधित वाद; चेक अनादर के केसद्ध
3. मोटर – दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद
4. पारिवारिक / वैवाहिक वाद
5. श्रम विवाद
6. भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद
7. सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद
8. बैंक रिकवरी से संबंधित वाद
9. राजस्व वाद
10. मनरेगा
11. बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद
12. बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद
13. सेवा से संबंधित वाद
14. वन विभाग से संबंधित वाद
15. उत्पाद से संबंधित वाद
16. सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील से संबंधित वाद
17. नीलाम वाद
18. दाखिल खारिज मामले
19. अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

अतः उक्त तिथि को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वाद का निपटारा सुलह के आधार पर करायें।

नोटः–उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्व कॉन्सिलिएशन बैठक। दिनांक–13 मार्च, 2023 से 12 मई, 2023 तक की जा रही है। माननीय झालसा के निर्देश के आलोक में आवश्यकता आधारित Continuous Lok Adalat Bench का गठन किया जा चुका है। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस के दिन 07:30 बजे पूर्वाह्न से कार्यावधि तक सिमडेगा, व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में उपस्थित होकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा से सम्पर्क कर सकते है।

–:निवेदक:–

| | | |
|---|---|---|
| आरक्षी अधीक्षक –सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा। | उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा। | प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीष, –सह – अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा। |

PR 296479 Law(23-24)D — जनहित में जारी द्वारा – जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

## जेएफसी के ईशान पंडिता व ऋत्विक दास का भारतीय फुटबाल टीम में चयन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर एफसी के खिलाड़ी ईशान पंडिता और ऋत्विक दास को भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम में इंटर-कॉन्टिनेंटल कप 2023 के लिए चुना गया है, जो 9 जून से 18 जून 2023 तक ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित किया जाएगा. सैफ चैंपियनशिप 2023 का आयोजन बेंगलुरु में 21 जून से 3 जुलाई 2023 तक किया जाएगा. टीम 15 मई 2023 से शुरू होने वाले एक ट्रेनिंग कैंप के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर में इकट्ठा होगी, जिसके बाद वे टूर्नामेंट में भाग लेंगे.




## भोजपुरी एलबम 'भगिया से निकल के' का हुआ विमोचन




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारती कला मन्दिर के बैनर तले निर्मित भोजपुरी एलबम भगिया से निकल के का विमोचन गम्हरिया स्थित होटल पारस हाइट में किया गया। बताया गया है कि इस एलबम के गीतों को पिंकू पांडे ने लिखा है जबकि तथा सुरों के स्वर से भरत पांडे ने अपनी सुरों से सजाया है। इसके गीतों में स्थानीय कलाकारों में राहुल देव, प्रीति कौर, एसके प्रामाणिक, बिट्टू आदि ने बेहतरीन भूमिका निभाई है। साथ ही, अपने कैमरे में अंकित जैसवाल का हुनर इसमे देखने को मिलेगा। इस मौके पर एलबम के निर्माता एवं निर्देशक कुमार संजय ने बताया कि भोजपुरी गीतों के प्रति लोगो की जो गलत धारणा बनी चली आ रही है। उसे बदलने का प्रयास इस एलबम के माध्यम से किया गया है। इसके निर्माण में सेवानिवृत्त वायुसैनिक एस शेखर, आनंद मोहन सिंह आदि की भी अहम भूमिका रही है।

## ओलचिकी लिपि के निर्माता गुरु गोमके रघुनाथ मुर्मू की मनी जयंती



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को बोड़ाम प्रखंड के माधवपुर पंचायत के हापायडीह टोला में बैशाख कुनामी (पूर्णिमा) पर ओलचिकी लिपि के निर्माता गुरु गोमके रघुनाथ मुर्मू की जन्म जयंती समारोह आदिवासी सेंगेल अभियान द्वारा मनाया गया। इसकी अध्यक्षता सेंगेल के प्रखंड अध्यक्ष सुरेन चंद्र हांसदा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सालखन मुर्मू शामिल हुए। सालखन मुर्मू ने कहा कि आज आदिवासियों का हासा भाषा जाति धर्म रोजगार आदि लुट मिट रहा है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर मारांग बुरु को बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि कुरमी महतो को एसटी बनाना चाहता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वृहद एकता और आंदोलन के लिए 30 जून 2023 को लाखों की संख्या में कोलकाता ब्रिगेड परेड ग्राउंड चलें। मौके पर सेंगेल के सुमित्रा मुर्मू, सुरेन चंद्र हांसदा, सुनील मुर्मू, रवि मांडी, चुनाराम टुडू, उदय मुर्मू, बलदेव मांडी, सोमनाथ सोरेन, कालीपदो टुडू, रंजीत टुडू, धीरेन सोरेन, बाबूराम मुर्मू, सुधोनी हांसदा व सोनाली सोरेन आदि उपस्थित थे।

## बेलडीह गांव में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड के बेलडीह पंचायत के बेलडीह गांव में गुरुवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, फेज -2 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मुखिया विमला सिंह व पंसस ममता महतो ने किया। इस दौरान गागीबुरु गांव के आसपास क्षेत्र में फैले गंदगी को सफाई करते हुए लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया और अपने आसपास क्षेत्र को साफ सफाई रखने के लिए शपथ दिलाई। पंसस ममता महतो ने कहा कि केवल शरीर के साफ रखने से स्वच्छता नही आती है। इसके लिए घर के आसपास को साफ रखने की जरूरत है। मौके पर जल सहिया लक्ष्मी महतो, समाजसेवी प्रबोध कुमार महतो समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन



**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सीसीए कार्यक्रम के तहत इंटर हाउस पोस्टर मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें कुल 27 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इसमें पावन हाउस की छात्रा रिशु कुमारी को प्रथम, आकाश हाउस की छात्रा ऋषिका कुमारी, पानी हाउस की छात्रा साक्षी राज को संयुक्त रूप से द्वितीय और धरती हाउस की छात्रा सौम्या कुमारी राम को तृतीय स्थान मिला। निर्णायक की भूमिका रजनी बाला, सुमित साव और अनमोल रतन ने निभाई। जबकि जूनियर वर्ग में कार्टून कैरेक्टर मेकिंग कंपटीशन हुआ। इसमें तेजस कुमार को प्रथम, तन्मय कुमार को द्वितीय और साक्षी रजक को तृतीय स्थान मिला। बच्चों ने पोस्टर मेकिंग और कार्टून करैक्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वर्ग 6 से 8 में कोऑर्डिनेटर सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, संजय कुमार, मनोज सिंह, राहुल कुमार, जूनियर वर्ग में कुंतल जेठवा, लता सिन्हा, अलका सिंह, किशोर कुणाल, रूबी वर्मा, सपना शर्मा, रेणु सेठ, सरोज पांडेय, स्वाति कुमारी, प्रियंका सिंह, प्रियंका गुप्ता, दीक्षा सिंह, कामिनी सहाय और मरियम मैडम समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

# महिला साक्षरता दर में वृद्धि व वास्तविक स्थिति का होगा सर्वे, उपायुक्त ने जारी किए आदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि 2011 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर में पूर्वी सिंहभूम जिला पूरे राज्य में 76.13 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है जिसमें पुरूष एवं महिला साक्षरता दर क्रमशः 84.51 एवं 67.23 प्रतिशत है। पुरूष एवं महिला साक्षरता दर में 17.28 प्रतिशत का अंतर है जिसके कारण जिले की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कोविड- 19 महामारी के कारण समय पर जनगणना नहीं हो पायी है जिस कारण पिछले दशक में महिला साक्षरता दर में वृद्धि एवं वास्तविक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस अवधि में बालिका शिक्षा के लिए अनेक कार्यक्रम संचालित हुये है। अंकनीय है कि महिला साक्षरता दर में वृद्धि को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों के श्रेणी में एक महत्वपूर्ण मानक के रूप में जोड़ा गया है। महिलाओं की साक्षरता के लिए शिक्षा विभाग के साथ-साथ समेकित बाल विकास परियोजना एवं जे.एस.एल.पी.एस. की महिला समूह एवं समाज के अन्य लोगों की भागीदारी भी जरुरी है। स्पष्टतः हम सभी को महिला साक्षरता दर में वृद्धि एवं वास्तविक स्थिति की जानकारी हेतु समग्र प्रयास करने की आवश्यकता है। उपायुक्त द्वारा निदेशित किया गया है कि उपरोक्त का ससमय अनुपालन करते हुए एक माह के अंदर सर्वेक्षण एवं सत्यापित साक्षरता दर के संबंध में पुर्नरक्षित आंकड़ें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



## संस्कृति ज्ञान परीक्षा में विवेक विद्यालय की प्रियंका बनी स्टेट टॉपर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और पदक देकर पुरस्कृत किया गया जिसमें विद्यालय की छात्रा प्रियंका गुहा अपने वर्ग में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा छात्र-छात्राओं में अपनी सभ्यता और संस्कृति के अवबोध, संरक्षण, विकास और उच्च चरित्र निर्माण के साथ-साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के उत्थान के लिए हरिद्वार स्थित गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज के तत्वावधान में हर साल आयोजित की जाती है जिसमें प्रदेश भर के छात्र-छात्राएँ सम्मिलित होते हैं। प्रदेश स्तर पर स्वर्ण पदक के साथ विद्यालय के चार और बच्चों ने क्रमशः विद्यालय स्तर पर 8वीं के प्रवीण राणा, एवं 11वीं की सुष्मिता मिश्रा, जिला स्तर पर 9वीं के अनुज भकत और अनुमंडल स्तर पर 12वीं की रिया कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर परीक्षा के संयोजक बसंत कुमार और विद्यालय के प्राचार्य अवधेश सिंह ने बच्चों को पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्राचार्य ने भविष्य में बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के लिए बच्चों को शुभकामनाएँ दी।



## झामुमो नगर परिषद कपाली का अध्यक्ष बने इनामुल, सचिव बुद्धेश्वर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** गुरुवार को केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार झामुमो नगर परिषद कपाली की नगर कमिटी को सर्वसम्मति से मनोनित किया गया। जिसमें कपाली नगर परिषद वार्ड 06 के पार्षद इनामुल हक को नगर अध्यक्ष और कमारगोडा के बुद्धेश्वर महतो को नगर सचिव मनोनित किया गया। दोनों पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष शुभेंदु महतो और जिला सचिव बुद्धेश्वर मार्डी ने माला पहना के स्वागत किया। सभा की मुख्य अतिथि विधायक ईचागढ़ ने इनामुल हक के साथ और भी कई लोगों को पार्टी का पट्टा उढ़ाकर झामुमो में शामिल करवाया और नई नगर कमिटी को अपनी शुभकामनाएं दीं। इनामुल हक के साथ आरिफ खान, समीर अंसारी, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद इमरान ने भी झामुमो की सदस्यता ली। समारोह में केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, झामुमो नेता शेख फरीद, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद नौशाद, मोहन लोहार, आदि थे।

### टांगराईन में विज्ञान जागरुकता मेला का समापन

## छात्रों में वैज्ञानिक सोच का होगा विकास : संजीव सरदार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पोटका प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांगराईन में तीन दिवसीय विज्ञान जागरूकता मेला का आज समापन हुआ। समापन सत्र में विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। लिटिल ड्रॉप्स संस्था के सचिव जीवन कुमार ने मेला की उपयोगिता पर विस्तृत विचार रखा। छात्र-छात्राओं की ओर से विधायक के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। लिटिल ड्रॉप्स संस्था द्वारा विधायक संजीव सरदार ,विद्यालय की के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता उज्जवल कुमार मंडल , आशुतोष मंडल ,हरिमोहन मंडल,जय हरि सिंह मुंडा, धर्मांग मंडल, सविता महतो, प्रमोद पाठक को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी। विजेताओं को विधायक संजीव सरदार ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस बीच विधायक ने कहा कि विज्ञान मेला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं युवा पीढ़ी में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का निर्माण करना। सेवानिवृत्त शिक्षक सह शिक्षाविद जय हरि सिंह मुंडा ने तीन दिवसीय मेले की समापन की घोषणा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के दीपक कुमार, सालगे मार्डी, पान मनी किस्कू, मुकेश कुमार ,मोहनलाल सरदार ,दसमत मुर्मू ,राजीव कुमार ,निरंजन सरदार ,राजेंद्र सिंह मुंडा ,चंदना मंडल प्रशांत महतो ,अमल दीक्षित ,अमरजीत खंडवाल, अरूप मंडल आदि का सराहनीय योगदान रहा।



**टांगराईन विद्यालय प्रबंधन ने विधायक को सौंपा ज्ञापन:** विद्यालय प्रबंधन समिति , टांगराईन की ओर से विधायक संजीव सरदार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें विद्यालय में विज्ञान शिक्षक व महिला शिक्षक सहित तीन शिक्षकों की नियुक्ति, विद्यालय में पेवर्स ब्लॉक बिछाने चहारदीवारी को ऊंचा करने ,भव्य गेट बनाने, सभी कक्षा को स्मार्ट क्लास से युक्त करने ,साइकिल स्टैंड का निर्माण करने आदि सहित आठ मांगे रखी गई। विधायक संजीव सरदार ने एक वर्ष के अंदर सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## डायन बिसाही कुप्रथा की रोकथाम को लेगर गम्हरिया पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** डायन बिसाही कुप्रथा की रोकथाम को लेकर आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर गम्हरिया पुलिस द्वारा असेंबली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस सरायकेला-खरसावां के साथ गुरुवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटा गम्हरिया पंचायत में हिंदी और स्थानीय भाषा में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के अपराध एवं दंड से संबंधित प्रावधानों का भी लोगों के बीच प्रचार- प्रसार किया गया। थाना प्रभारी सुषमा कुमारी के निर्देश पर उक्त अभियान में शामिल एसआई गौरी शंकर ने ग्रामीणों को बताया कि डायन कहकर किसी को प्रताड़ित करना कानूनी अपराध है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए इस जागरूकता अभियान में असेंबली ऑफ ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस सरायकेला-खरसावां के महासचिव नीरज कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह भदोरिया, कोषाध्यक्ष सुमन्त कुमार शर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण महिलाओं ने डायन प्रथा का विरोध करने का शपथ भी लिया।



## फिरोज खान की परेशानी बढ़ी, हाई कोर्ट में याचिका खारिज

### अशफाक खान को व्हाट्सएप पर मिलने लगी जान मारने की धमकी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झामुमो नेता एवं धातकीडीह निवासी फिरोज खान की परेशानी बढ़ गई है। झारखंड हाईकोर्ट ने फिरोज खान की याचिका खारिज कर दी है और अब उसे अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में समर्पण करना ही पड़ेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशफाक खान ने कदमा थाना में फिरोज खान, सज्जाद उर्फ सट्टा, जाफर, फैजल हक उर्फ चिंटू एवम परवेज खान के खिलाफ एफआईआर की। वादी अशफाक खान के अनुसार उसके पिता ठेकेदार मुस्ताक खान ने रंगदारी मांगने का मामला दर्ज करा रखा था और आरोपी फिरोज खान ने उस मुकदमे को उठा लेने तथा एक लाख रुपए रंगदारी देने की धमकी दी। कदमा पुलिस ने सट्टा एवं जफर खान की गिरफ्तारी की मगर अन्य आरोपी फरार रहे तो एसडीजेएम कोर्ट ने जून 2022 को गैर जमानती वारंट एवं 15 मार्च 2023 को सीआरपीसी की धारा 82 के तहत इश्तिहार का आदेश जारी कर दिया। इससे पहले फिरोज खान की अग्रिम याचिका जिला एवं सत्र न्यायालय खारिज कर चुका है तो उसने 82 सीआरपीसी का आदेश स्थगित करने को लेकर उच्च न्यायालय की शरण ले रखी थी, जहां उसे कानूनी मात खानी पड़ी। इधर एसडीजेएम कोर्ट ने वादी अशफाक खान एवं उसके पिता मुस्ताक खान को व्हाट्सएप पर जान मारने की मिल रही धमकी के मद्देनजर केस के अनुसंधान को कारण बताओ नोटिस जारी कर 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट मांगी है।



## बूढ़ा बाबा है तुमारी भरसा, पीठे आछे जोड़ा कांटा देखबो तामाशा के गीत पर थिरके भग्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के जोड़सा शक्तिश्वर शिव मंदिर परिसर में तीन दिवसीय चड़क मेला के दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर में भग्ता घूरा व शाम को अमर संगी नृत्य झंकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों से पहुंची लोगों की भीड़ ने कार्यक्रम का आनंद उठाया। करीब 10 साल के बाद मेला कमेटी की ओर से भग्ता घूरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसलिए कई भग्ताओं ने धूप की परवाह किए बिना बारी - बारी से पीठ में लोहे का अंकुश लगाकर 50 फीट ऊपर लकड़ी के सहारे काफी उत्साह के साथ भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर घूमें और परंपरा का निर्वाह किया। मेला कमेटी की ओर से इस साल दो भग्ता गाछ (खूंटा) गाड़ा गया था। इस दौरान भग्ताओं ने बूढ़ा बाबा है तुमारी भरसा, पीठे आछे जोड़ा कांटा देखबो तामाशा के गीत में ढाकी के धुन पर जमकर नृत्य किया। कमेटी के सदस्य श्यामपद सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय चड़क मेला शुक्रवार को कलश विसर्जन के साथ संपन्न हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अंतिम दिन भी शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान नवीन सिंह, प्रवीर कुंभकार, देवेंद्र कुंभकार, अक्षय कुंभकार, कालीपद दास, बीरबल सिंह व कांचन सिंह समेत अन्य ग्रामवासी सराहनीय योगदान है।

## टाटा स्टील का समर कैंप 2023 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत अन्य स्थानों पर 12-30 मई तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** खेल को जीवन जीने के तरीके के रूप में बढ़ावा देते हुए टाटा स्टील का खेल विभाग शहर के बच्चों के लिए समर कैंप 2023 का आयोजन कर रहा है। समर कैंप का आयोजन 12-30 मई, 2023 तक जेआरडी टाटा स्टील स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और अन्य स्थानों पर किया जाएगा। 22-डिसिप्लिनरी समर कैंप में स्विमिंग से लेकर हॉर्स राइडिंग, क्रिकेट, हॉकी से लेकर रोलर-स्केटिंग और अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस साल का समर कैंप इसलिए खास है क्योंकि इसका आयोजन न केवल जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बल्कि चार अन्य जगहों पर भी किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग हिस्सा ले सकें। हॉकी के प्रति उत्साही लोगों के लिए - नवल टाटा हॉकी अकादमी में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, गम्हरिया जैसे दूर स्थानों के लिए, टीजीएस कॉलोनी में बच्चों के लिए एक विशेष सेटेलाइट ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किया जा रहा है और जो बच्चे रोमांच पसंद करते हैं, उनके लिए एक विशेष जल क्रीड़ा है। डिमना में टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा शिविर, यूनाइटेड क्लब में बच्चों के लिए एक्वा जुम्बा (18 वर्ष और उससे अधिक) सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष बच्चों को मासिक धर्म, सड़क और अग्नि सुरक्षा, गुड टच और बैड टच, पोषण और खेल में करियर पर बाल जागरूकता सत्रों के माध्यम से भी तैयार किया जाएगा। बच्चों के साथ माता-पिता को भी विभिन्न विषयों पर संवेदनशील बनाया जाएगा ताकि उनके बीच बेहतर संबंध बनाया जा सके। बच्चों और माता-पिता के लिए 19-21 मई तक फिटनेस फेयर भी होगा, जहां वे अच्छे भोजन का आनंद ले सकेंगे, ग्रैफिटी वॉल पेंटिंग और एडवेंचर जोन का लुत्फ उठा सकेंगे। विभिन्न खेल शिविरों में नामांकन का शुल्क 300 रुपये से 1500 रुपये के बीच होगा। **https:// forms . office .com/r/KLS5 FgA 3HS** पर अधिकारी ले सकते है ।




## आमबगान मैदान साकची में आज से फन वर्ल्ड डिजनीलैंड शुरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आमबगान मैदान, साकची में कल 5 मई से हिन्दुस्तान का मशहूर फन वर्ल्ड डिजनीलैंड का शुभारंभ हो रहा है। मेले का उद्घाटन 05 मई 2023 को संध्या 7:15 बजे धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पियुष सिन्हा एवं सहायक पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में देते हुए फन वर्ल्ड के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत ने बताया कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन, आदि लगया जा रहा है। इसके साथ बिजली झूला उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों होंगी। जो हाई क्वालिटी एवं उचित दाम उपलब्ध होंगी। कहा खरीददारी से वैसे कुशल एवं प्रशिक्षित बेरोजगारों के समूहों द्वारा बनाये गये उत्पाद से उनके रोजगार को भी बल मिलेगा। उक्त मौके में मेले के आयोजक चन्द्रशेखर पर्वत के अलावा शत्रुघन गिरी, एडवोकेट समरेन्द्र सिंह, पुरूषोत्तम मिश्रा, संतोष मिश्रा, कौशल किशोर पर्वत एवं आलमगीर उपस्थित थे।

## महिला पहलवानों के समर्थन में एआईडीएसओ ने मनाया एकजुटता दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** क्रांतिकारी छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (एआईडीएसओ) द्वारा दिल्ली में संघर्षरत महिला रेसलर के समर्थन में पूरे देश भर में एकजुटता दिवस पालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज चांडिल चौक बाजार मे महिला पहलवानो के समर्थन में एकजुटता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सराइकेला खरसावां जिला सचिव प्रभात कुमार महतो ने कहा धरना दे रहे महिला पहलवानों पर रात के अंधेरों में पुलिस द्वारा हमला किया जा रहे हैं, उसे वहां से उठाने के लिए बार-बार पुलिस दबाव बना रही है। हमारा छात्र संगठन इस तरह के लोकतान्त्रिक प्रदर्शन में पुलिसिया हस्तक्षेप की कड़ी निंदा करती हैं। मांग करती हैं कि जल्द से जल्द दोषी को जेल भेजे तथा महिलाओ- छात्राओ की सुरक्षा की गारंटी सुनिश्चित करे। मौके पर कार्यक्रम में राज्य सचिव सोहन महतो जिला अध्यक्ष विश्वेशर महतो, जिला सचिव प्रभात महतो, युधिष्ठिर प्रमाणिक, राजा प्रमाणिक, राहुल महतो, अमन सिंह आदि उपस्थित थे।



## संपादकीय

# प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक बयानबाजी पर पुनर्विचार करे कांग्रेस

**प्रधानमंत्री** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस की ओर कहे जानेवाले अपशब्दों को जिस रचनात्मक ढंग से अपने पक्ष में रखा है, उससे कांग्रेस की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को जहरीला सांप बताया तो प्रधानमंत्री ने कह दिया कि सांप तो भगवान शंकर का श्रृंगार है, उनके गले का हार है। बता दें कि कर्नाटक के चुनाव के दौरान कलबुर्गी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपमानजनक भाषा का उपयोग किया है। हालांकि जनाक्रोश को देखते हुए उन्होंने अपने निंदनीय बयान के लिए खेद भी जताया लेकिन कांग्रेस के जो कर्ताधर्ता नेता हैं, वे उल्टा यह कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री खुद को मिलनेवाली गालियों को क्यों गिना रहे हैं? जबकि उन्हें खुद से प्रश्न करना चाहिए कि उनकी ओर से प्रधानमंत्री को अपशब्द क्यों कहे जा रहे हैं? बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी के लिए हो रही बदजुबानी को देखकर एक बार फिर इस बात को बल मिला है कि कांग्रेस में नेताओं पर दबाव है कि वे प्रधानमंत्री मोदी को लेकर नकारात्मक टिप्पणी करें। ऐसा प्रतीत होता है कि जो प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध जितनी अधिक घृणित भाषा-शैली का उपयोग करेगा, उसे शीर्ष नेतृत्व के सामने उतना ही अधिक महत्व मिलेगा। इस बात को समझने के लिए, याद करें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में तत्कालीन कांग्रेस कार्य समिति के स्थायी सदस्य आरपीएन सिंह ने राहुल गांधी को सलाह दी कि प्रधानमंत्री मोदी पर व्यक्तिगत हमले करने से बचना चाहिए। इस सलाह के बाद आरपीएन सिंह को लेकर उस बैठक में ऐसा वातावरण बनाया गया कि आखिर में उन्हें कांग्रेस छोड़नी पड़ गई। राहुल गांधी ने साफ कह दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी पर कोई हमला करे या न करे, वे पीछे नहीं हटेंगे। प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी राहुल गांधी के इस रुख का समर्थन किया था। संभवतः उसके बाद से प्रत्येक नेता को स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करके ही नेतृत्व की निगाहों में आया जा सकता है। हालांकि इस घटनाक्रम के पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए, कांग्रेसी नेता बदजुबानी करते आ रहे थे। यदि वाकई कांग्रेस में इस प्रकार का वातावरण बना हुआ है, तब यह एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के लिए चिंताजनक स्थिति है। और यदि ऐसा नहीं है, तब क्यों बार-बार घृणा और नफरत से भरे इस प्रकार के बयान प्रधानमंत्री मोदी के लिए आते रहते हैं? जबकि कांग्रेस का सामान्य कार्यकर्ता भी जानता है कि प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध निजी हमले और अपमानजनक भाषा-शैली से पार्टी का काफी नुकसान होता है। अपमानजनक बयानबाजी के कारण ही कई चुनावों में कांग्रेस के हाथ से जीत फिसल गई। देश की जनता भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुत प्यार करती है, जब वह अपने नायक के प्रति इस प्रकार की अपमानजनक बयानबाजी सुनती है, तब उसका सीधा असर कांग्रेस पर दिखाई देता है। गुजरात के चुनाव में मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना रावण से कर दी थी। परिणाम सबके सामने है। गुजरात में कांग्रेस मुकाबले में दिख रही थी लेकिन एक गलत बयानी के कारण भारतीय जनता पार्टी ने राज्य में जीत का कीर्तिमान बना दिया। क्या कर्नाटक में ऐसा हो पाएगा, यह तो आनेवाला समय ही बताएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपमानजनक भाषा का उपयोग किया है। हालांकि जनाक्रोश को देखते हुए उन्होंने अपने निंदनीय बयान के लिए खेद भी जताया लेकिन कांग्रेस के जो कर्ताधर्ता नेता हैं, वे उल्टा यह कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री खुद को मिलनेवाली गालियों को क्यों गिना रहे हैं? जबकि उन्हें खुद से प्रश्न करना चाहिए कि उनकी ओर से प्रधानमंत्री को अपशब्द क्यों कहे जा रहे हैं? बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी के लिए हो रही बदजुबानी को देखकर एक बार फिर इस बात को बल मिला है कि कांग्रेस में नेताओं पर दबाव है कि वे प्रधानमंत्री मोदी को लेकर नकारात्मक टिप्पणी करें। ऐसा प्रतीत होता है कि जो प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध जितनी अधिक घृणित भाषा-शैली का उपयोग करेगा, उसे शीर्ष नेतृत्व के सामने उतना ही अधिक महत्व मिलेगा।

## अमृत कलश

### रहस्यवाद

**मैं** स्वप्न बेहोशी में बुनी हुई कल्पना है। कुछ लोगों ने कई बार सपनों का प्रयोग अपने मन के उन विभिन्न आयामों में जाने के लिए किया है, जिन तक सामान्य रूप से उनकी पहुंच नहीं होती। तो वहां प्रवेश करने के लिए उन्हें स्वप्न अच्छे साधन के रूप में लगते हैं। विशेष रूप से कुछ संस्कृतियों में, जैसे कि ऑस्ट्रेलिया की एबओरिजिन जन–जाति तथा उत्तर अमेरिका की कुछ जन–जातियों ने सपनों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया, लेकिन उन सपनों का उपयोग वे केवल तांत्रिक प्रक्रियाओं में ही कर सके। असल रहस्यवाद हुआ ही नहीं। रहस्यवाद वह है जिसे आप अपने भौतिक शरीर या मन से छू नहीं सकते। आपके मन की इतनी योग्यता है ही नहीं। आपके शरीर की भी ये योग्यता नहीं है। आपके अंदर एक नये आयाम को जागृत होना होगा, जिससे आप रहस्यवाद के आयाम को छू सकें। स्वप्न एक तरह का साधन है लेकिन बहुत ही नाजुक साधन है। हमारे पास और भी बेहतर साधन हैं पर उनका उपयोग करने के लिए मनुष्य को अपने अंदर बेहतर ढंग से व्यवस्थित होना होगा। उदाहरण के लिए मैं इस तरह से हूं, अगर अपनी आंखें बंद कर लेता हूं तो मेरे लिए दुनिया गायब हो जाती है। लोग पूछते हैं, 'यह कैसे संभव है?' बस, यही तो पलकों का काम है। ये आप को इसीलिए दी गई हैं। जब आप इन्हें बंद कर लेते हैं, तो सब कुछ खत्म हो जाना चाहिए। जैसे, आपके घर में एक खिड़की है। जब आप उसे बंद करते हैं, तो इतना शक्तिशाली सूर्य भी बाहर बंद हो जाता है, उसका प्रकाश अंदर नहीं आ सकता। अगर एक खिड़की ये काम कर सकती है तो पलकें क्यों नहीं कर सकतीं? ये इसलिए ऐसा नहीं कर पातीं क्योंकि आप ने अपने अंदर एक झूठी दुनिया बना रखी है। जब आप अपनी आंखें बंद करते हैं तो बाहरी दुनिया दूर चली जाती है, लेकिन आप के पास अपनी एक झूठी दुनिया भी है, जो चलती रहती है। अगर आपके पास, अंदर एक झूठी दुनिया न हो, अगर आप सिर्फ इसी दुनिया में जीते हों तो अपनी आंखें बंद करने पर ये तुरंत चली जाएगी।

## बोध कथा

### मां की महिमा

**एक** बार बैंकाक में सुभाष चन्द्र बोस जी विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो वहां रह रहे प्रवासी भारतीयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। नेता जी ने परतंत्र भारत की दयनीय स्थिति का वर्णन करते हुए मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए प्रवासी भारतीयों को प्रेरित किया। इसी से प्रेरित होकर अल्पसंख्यक प्रवासी भारतीय मातृभूमि को स्वतंत्र कराने के लिए संकल्पित हो उठे, परंतु नेता जी का उद्देश्य वहीं समाप्त नहीं हो जाता था। उन्हें तो आजाद हिंद फौज के संगठन के लिए धन की आवश्यकता थी, परंतु वे समझ नहीं पा रहे थे कि इस बात को कैसे कहें? कुछ महिलाओं ने नेता जी के इस संकोच को समझ लिया और उन्होंने मंच पर चढ़कर अपने आभूषण उनके हाथों में रख दिये। देखते ही देखते वहां अपने आभूषण देने वाली महिलाओं की एक बड़ी पंक्ति लग गई। यह देखकर नेता जी भावविभोर होते हुए बोले, 'पुत्र, कुपुत्र हो सकता है, पर माता, कभी कुमाता नहीं हो सकती। मुझे यहां निराश और दुखी देखकर मेरी मां ही मेरी लाज बचाने आ गई। भारत माता की आजादी का दर्शन मेरे भाग्य में है या नहीं, मैं नहीं जानता, परंतु आजादी के इस अभियान में मुझे मां की महिमा के दर्शन हो गए, और मैं कृतार्थ हो गया।' उनके मुख से इन शब्दों को सुनकर प्रत्येक श्रोता की आंखें सजल हो उठीं।

## वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है

# स्वतंत्रता खो रही पत्रकारिता

प्रियंका सौरभ

मीडिया को लोकतांत्रिक देशों में विधामनंडल, कार्यकारी और न्यायपालिका के साथ "चौथा स्तंभ" माना जाता है। पाठकों को प्रभावित करने में इसकी अहमयित का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो भूमकि निभाई थी, वह राजनीतिक परू से उन लाखों भारतीयों को शिक्षित कर रही थी, जो ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में शामलि हुए थे। पत्रकारिता एक पेशा है जो सेवा तो करता ही है। यह दूसरों से प्रश्न का विशेषाधिकार भी प्राप्त करता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्ष, सटीक, निष्पक्ष: और सभ्य तरीके और भाषा में जनहित के मामलों पर मसाचारों, विचारों, टिप्पणियों और सूचनाओं के साथ लोगों की सेवा करना है।

**मीडिया** लोकतंत्र में जनहित के प्रहरी के रूप में कार्य करता है। यह एक लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और लोगों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं की सूचना देने का काम करता है। मीडिया को लोकतांत्रिक देशों में विधानमंडल, कार्यकारी और न्यायपालिका के साथ "चौथा स्तंभ" माना जाता है। पाठकों को प्रभावित करने में इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जो भूमिका निभाई थी, वह राजनीतिक रूप से उन लाखों भारतीयों को शिक्षित कर रही थी, जो ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में शामिल हुए थे। पत्रकारिता एक पेशा है जो सेवा तो करता ही है। यह दूसरों से प्रश्न का विशेषाधिकार भी प्राप्त करता है। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्ष, सटीक, निष्पक्षः और सभ्य तरीके और भाषा में जनहित के मामलों पर समाचारों, विचारों, टिप्पणियों और सूचनाओं के साथ लोगों की सेवा करना है। प्रेस लोकतंत्र का एक अनिवार्य स्तंभ है। यह सार्वजनिक राय को शुद्ध करता है और इसे आकार देता है। संसदीय लोकतंत्र मीडिया की चौकस निगाहों के नीचे ही पनप सकता है। मीडिया न केवल रिपोर्ट करता है बल्कि राज्य और जनता के बीच एक सेतु का काम करता है। निजी टीवी चैनलों के आगमन के साथ, मीडिया ने जीवन के हर क्षेत्र में मानव जीवन और समाज की बागडोर संभाली है। मीडिया आज चौथे एस्टेट के रूप में संतुष्ट नहीं है, इसने समाज और शासन में सबसे महत्वपूर्ण महत्व ग्रहण किया है। मुखबिर की भूमिका निभाते हुए, मीडिया एक प्रेरक और एक नेता का रूप भी लेता है। मीडिया का ऐसा प्रभाव है कि यह किसी व्यक्ति, संस्था या किसी विचार को बना या बिगाड़ सकता है। इसलिए सभी व्यापक और सर्व-शक्तिशाली आज समाज पर इसका प्रभाव है। इतनी शक्ति और शक्ति के साथ, मीडिया अपने विशेषाधिकारों, कर्तव्यों और दायित्वों की दृष्टि नहीं खो सकता है। आज पेड न्यूज, मीडिया ट्रायल, गैर-मुद्दों को वास्तविक समाचार के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जबकि वास्तविक मुद्दों को दरकिनार किया जा रहा है, वास्तविक और समाज हित के समाचार को नजरअंदाज किया जा रहा है और मुनाफे और राजनीतिक पक्ष के लिए तथ्य विरूपण, फर्जी समाचार, पीत पत्रकारिता की जा रही है पेड न्यूज़ के मामलों में वृद्धि के पीछे भारत में अधिकतर



मीडिया समूह कॉरपोरेट के बड़े घरानों वाले हैं जो मात्रा लाभ के लिये इस क्षेत्र में है और लाभ के लिए ही कार्य करते हैं। पत्रकारों की कम सैलरी तथा जल्दी मशहूर होने की चाहत भी पीत पत्रकारिता के पीछे एक कारण है। आँकड़े ये राज भी खोलते है कि अधिकतर राजनीतिक दलों के कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत मीडिया संबंधी खर्चों में जाया होता है । चुनावों में प्रयुक्त होने वाला धन बल, शराब तथा पेड न्यूज़ की अधिकता आज बेहद गंभीर चिंता का विषय है। भारतीय प्रेस परिषद के अनुसार, ऐसी खबरें जो प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में नकद या अन्य लाभ के बदले में प्रसारित किये जा रहे हों पेड न्यूज़ कहलाते हैं। मगर सांठ-गाँठ कि गुच्छी को खोलकर ये साबित करना अत्यंत कठिन कार्य है कि किसी चैनल पर दिखाई गई विशेष खबर या समाचारपत्र में छपी न्यूज़, पेड न्यूज़ ही है। वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की अनुपस्थिति एक ऐसे समाज में सत्य की झूठी प्रस्तुति को जन्म देती है जो लोगों की धारणा और विचारों को प्रभावित करती है। जैसा कि कैंब्रिज एनालिटिका मामले में देखा गया था, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पक्षपातपूर्ण समाचार कवरेज ने अमेरिकी चुनावों को प्रभावित किया। सनसनीखेज वाले और उच्च टीआरपी दरों का पीछा करने के लिए जैसा कि भारत में 26/11 के आतंकवादी हमलों के कवरेज में देखा गया था, ने राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा को जोखिम में डाल दिया था। सनसनीखेज चालित रिपोर्टिंग ने न्यायालय के दिशानिर्देशों के बावजूद बलात्कार पीड़ितों और बचे लोगों की पहचान से समझौता किया। पेड न्यूज और फर्जी खबरें जनता की धारणा में हेरफेर कर सकती हैं और समाज के भीतर विभिन्न समुदाय के बीच नफरत, हिंसा, और असहमति पैदा कर सकती हैं। सोशल मीडिया, तकनीकी परिवर्तनों के आगमन के साथ, मीडिया की पहुंच गहराई से बढ़ी है। जनमत को प्रभावित करने में इसकी पहुंच और भूमिका ने पत्रकारिता नैतिकता के प्रवर्तन के लिए अपनी निष्पक्षता, गैर-पक्षपातपूर्ण कॉल को सुनिश्चित करने के लिए इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रभावी ढंग से और कुशलता से निभाने के लिए, मीडिया को अपनी स्वतंत्रता और संपादकीय स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए एक अच्छी तरह से परिभाषित आचार संहिता के भीतर काम करना चाहिए। चूंकि गैर-जिम्मेदार पत्रकारिता प्रतिबंध को आमंत्रित करती है, मीडिया को अपनी स्वतंत्रता को लूटना, पेशेवर आचरण और नैतिक अभ्यास मीडिया की स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि मीडिया में निवेशित जनता का विश्वास कायम है। बदलते दौर में मीडिया संबंधित शिक्षण संस्थानों में 'नैतिकता' को बढ़ावा दिया जाना चाहिये। एक 'स्वतंत्र जांच दल' का गठन किया जाना चाहिए जो पत्रकारिता के निष्पक्ष प्रसारण एवं संवेदनशील सूचनाओं के प्रसारण संबंधी कार्यों पर निगरानी रखे। नियमित अंतराल पर समाजविदों तथा मीडियाकर्मियों की बैठक होनी चाहिये जिससे सब मिलकर सामाजिक समस्याओं से संबंधित समाधान खोज सकें एवं रणनीति बना सकें। मीडिया को राजनीतिक दबाव से मुक्त किया जाना चाहिए साथ ही 'पत्रकारिता से संबंधित आचार-संहिता' का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिये। वर्तमान दौर में खेमों में बंटी पत्रकारिता समाज को गलत दिशा में ले जा रहे है, चौथा खम्भा गिर चुका है। कुछ लोग पत्रकारिता/साहित्य में है क्यूंकि उनको इसकी अपनी स्वार्थ सीधी के लिए जरूरत है। जबकि कुछ लोग इसलिए है कि पत्रकारिता और साहित्य को उनकी जरूरत है, तभी आज समाज बचा हुआ है। ऐसे बहुत से है जो सच और संतुलित लिखने की बजाय सालों से घिस रहे है बस; उनको अपनी प्राथमिक इच्छा के साथ तो न्याय करना चाहिए। बाकी देखा जायेगा, आने वाली पत्रकार पीढ़ी को संतुलित फैसला करके आगे बढ़ना होगा तभी ते स्तम्भ मजबूती से खड़ा होकर तीन अन्यों की बराबरी कर सकता है। मीडिया ने एक-तरफ जहाँ लोगों की जागरूकता का सशक्त माध्यम है, वहीं दूसरी तरफ सरकार को देश की समस्याओं से रूबरू भी करवाती है।

# अंबेडकर और राव का 'संयुक्त राज्य भारत'

भारत की संविधान सभा की एक उपसमति के मसक्ष यह विचार मार्च 1947 में प्रस्तुत किया था। परंतु कुछ माह बाद जब वह संविधान की प्रापरूण समति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए, उन्होंने अपनी परिकल्पना का अनुसरण करने के बजाय कांग्रेस पार्टी का दृष्टिकोण आगे बढ़ाना आरंभ कर दिया। मैं पहले ही अंबेडकर की योजना के विषय में लिख चुका हैं और यह भी कि इसे कैसे सभा में चर्चा के लिए भी नहीं लाया गया। यह केवल अंबेडकर की ही परिकल्पना नहीं थी। उनके पूर्ववर्ती सर बेनेगल नरसिंह राव, जिन्होंने संविधान का प्रमथ प्रापरू लिखा था, ने भी ''संयुक्त राज्य भारत'' नामक संघ प्रस्तावित किया था। राव का प्रस्ताव एक वर्ष से भी पहले जनवरी 1946 में प्रस्तुत किया गया था, जब वह ब्रिटिश सरकार में ही अफसर थे। बाद में वह संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किए गए और उन्होंने संविधान मिर्नाण में जवाहर लाल नेहरू और अन्यों के साथ निकटता से कार्य किया।

**बीआर** अंबेडकर को उनकी 133वीं जयंती पर सच्ची श्रद्धांजलि देश को ''संयुक्त राज्य भारत'' के रूप में स्थापित करने के उनके सपने को याद करना होगी। उन्होंने भारत की संविधान सभा की एक उपसमिति के समक्ष यह विचार मार्च 1947 में प्रस्तुत किया था। परंतु कुछ माह बाद जब वह संविधान की प्रारूपण समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए, उन्होंने अपनी परिकल्पना का अनुसरण करने के बजाय कांग्रेस पार्टी का दृष्टिकोण आगे बढ़ाना आरंभ कर दिया। मैं पहले ही अंबेडकर की योजना के विषय में लिख चुका हैं और यह भी कि इसे कैसे सभा में चर्चा के लिए भी नहीं लाया गया। यह केवल अंबेडकर की ही परिकल्पना नहीं थी। उनके पूर्ववर्ती सर बेनेगल नरसिंह राव, जिन्होंने संविधान का प्रथम प्रारूप लिखा था, ने भी ''संयुक्त राज्य भारत'' नामक संघ प्रस्तावित किया था। राव का प्रस्ताव एक वर्ष से भी पहले जनवरी 1946 में प्रस्तुत किया गया था, जब वह ब्रिटिश सरकार में ही अफसर थे। बाद में वह संविधान सभा के संवैधानिक सलाहकार नियुक्त किए गए और उन्होंने संविधान निर्माण में जवाहर लाल नेहरू और अन्यों के साथ निकटता से कार्य किया। अंबेडकर और राव, दोनों ही दूरदर्शी थे। वे जानते थे कि एक विभक्त भारत के बजाय संयुक्त भारत अधिक मजबूत और खुशहाल होगा। राव एक विख्यात संविधानविद थे। ''वर्ष 1935 से राव भारत में प्रमुख संवैधानिक घटनाक्रमों के मध्य में थे। वर्ष 1946 आते-आते वे सभी प्रमुख भारतीय राजनीतिक दलों और ब्रिटिश सरकार के सबसे चहेते संवैधानिक विशेषज्ञ बन चुके थे।'' यह कहना है उनकी जीवनी लिखने वाले अरविंद इलांगोवान का। कैंब्रिज विश्वविद्यालय से स्नातक के बाद – जहां खबरों के अनुसार नेहरू उनकी विधवता की सराहना करते थे – राव भारतीय सिविल सर्विसेज में चले गए, और जल्द ही गवर्नर जनरल के सचिवालय में नियुक्त हो गए। बाद के जीवन में राव ने संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दी। यह राव ही थे जिन्होंने वर्ष 1935 के गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट के तहत भारतीयों को वास्तविक अधिकार देने के लिए ब्रिटिश सरकार को मनाया था। इस कानून ने भारतीयों को पहली बार अपनी प्रांतीय सरकारें बनाने की अनुमति दी, परंतु अंग्रेज उन्हें कोई संप्रभु अधिकार देने के प्रति अनिच्छुक थे। राव का तर्क था कि 1935 के कानून को संविधान की तरह मानना चाहिए, न कि मात्र एक कानून। यही एक्ट बाद में भारत के अपने संविधान का आधार बना। राव ने अपना ''संयुक्त राज्य भारत'' का प्रस्ताव देश में निराशा के अंतिम क्षणों में तैयार किया, जब मुस्लिम लीग और कांग्रेस स्वतंत्र भारत के लिए संविधान की किसी भी प्रकार पर सहमति बनाने में असफल रहे थे। वर्ष 1946 में भारत में एक विचित्र और शर्मनाक स्थिति थी। चार वर्षों से एक विदेशी शक्ति स्वतंत्रता देना चाहती थी, परंतु वह ऐसा करने में असफल थी क्योंकि भारतीय स्वयं अपनी सरकार की प्रणाली पर सहमत नहीं हो रहे थे। राव ने देश को प्रांतीय सरकारों के संघ के रूप में संयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जहां हर प्रांत को स्वशासन का अधिकार हो पर स्वाधीनता का नहीं। उनका ''संयुक्त राज्य भारत'' तीन प्रकार के प्रांतों से बना था : ब्रिटिश भारतीय प्रांत, सीमावर्ती प्रांत, और रियासतें व जनजातीय क्षेत्र। सीमावर्ती प्रांत उन क्षेत्रों के अनुरूप थे जिन्हें मुस्लिम लीग पाकिस्तान के रूप में देखती थी। राव ने प्रांतों को स्थानीय मुद्दों पर स्वायत्तता दी, परंतु रक्षा, विदेशी मामलों, संचार और संबंधित वित्त पर नहीं। उनकी योजना ने ब्रिटिश और सीमावर्ती प्रांतों को केंद्रीय कार्यपालिका और विधायिका में समान प्रतिनिधित्व दिया। ''इस योजना का सार यह है'', राव ने लिखा कि ''एक समुदाय का प्रभुत्व दूसरों पर न हो। भारत की एकता इस प्रकार बचानी होगी कि वह सभी के लिए समान रूप से लाभदायक हो।'' राव ने संघ की एक ही संघीय विधायिका प्रस्तावित की, परंतु इसे तीन भागों में बिठाने की योजना बनाई, ताकि ''हर समूह के कार्य... केवल उसी समूह के सदस्य निपटाएं।'' उनके ''संयुक्त राज्य भारत'' की कार्यपालिका इस प्रकार व्यवस्थित की गई : ''संघ का कार्यकारी प्राधिकरण एक गवर्नर जनरल चलाए और उसे सलाह देने के लिए भारत की एक प्रिवी काउंसिल हो... तीनों समूहों के लिए प्रिवी काउंसिल की अलग-अलग कार्यकारी समितियां हों।'' अंबेडकर के ''संयुक्त राज्य भारत'' ने भी समान दृष्टिकोण अपनाया, जिसमें स्थानीय सरकारों को स्थानीय मुद्दों पर स्वायत्तता दी गई, परंतु रक्षा आदि राष्ट्रीय मसलों पर कोई नियंत्रण नहीं दिया गया। उनकी योजना का जोर कार्यकारी शाखा पर था। उन्होंने तर्क दिया कि संसद में बहुमत वाले दल का प्रधानमंत्री और कैबिनेट भारत की विविधता के अनुरूप नहीं। अंबेडकर ने कहा, ''ब्रिटिश प्रकार की कार्यपालिका भारत के अल्पसंख्यकों के जीवन, स्वतंत्रता और प्रसन्नता के प्रति खतरों से भरपूर होगी।'' उनकी योजना ने कार्यकारी शाखा को इस प्रकार समायोजित किया कि यह बहुमत वाली पार्टी की समिति नहीं थी। ''कार्यपालिका इस प्रकार गैर-संसदीय होनी चाहिए कि यह हटाई न जा सके'', उन्होंने लिखा। दुर्भाग्यवश, अंबेडकर और राव के दोनों दूरदर्शी प्रस्ताव नजरअंदाज कर दिए गए। राव का ''संयुक्त राज्य भारत'' जल्द ही इतिहास बन गया, जब 1946 में मुस्लिमों ने मोहम्मद अली जिन्ना के समर्थन और पाकिस्तान के निर्माण को बढ़-चढ़ कर मतदान किया। इसने अंबेडकर के प्रस्ताव के लिए भी कोई उम्मीद नहीं छोड़ी, क्योंकि हिंदू बहुमत अब भारत के अल्पसंख्यकों के साथ शक्ति बांटने का इच्छुक नहीं था। परंतु भारत अभी भी एकजुट होने के रास्ते तलाश रहा है। समय आ गया है कि अंबेडकर और राव के मूल प्रस्तावों को सही सम्मान दिया जाए और उन पर विचार हो।



## देश दुनीया से

# पाकिस्तान को दर्द का एहसास कराना होगा

**मजहब** के नाम पर वजूद में आया पाकिस्तान आज तक ऐसा कोई मुकाम हासिल नहीं कर सका जिसमें वो भारत का मुकाबला कर सके। चार युद्धों में शर्मनाक शिकस्त का दंश झेल कर आलमी सतह पर बेआबरू हो चुका पाक अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ जिले के संगयोट क्षेत्र में आंतकियों ने सेना के वाहन पर हमले को अंजाम दिया था। उस हमले में 49 राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान शहीद हो गए। सेना के वाहन पर यह आतंकी हमला ऐसे वक्त में हुआ जब कई सियासतदान ईद के जश्न में इफ्तार पार्टियों में मशगूल थे। देश आईपीएल के खुमार में डूबा है। इसलिए सेना के पांच जवानों का बलिदान न्यूज चैनलों की सुर्खियां नहीं बना। सशस्त्र सेनाएं किसी एक राज्य या सियासी दल की नहीं होती हैं। मुल्क की सालमियत व मोहिब्बे वतन की प्रतीक सेना भारत की शान है। देशरक्षा के लिए शहादत देशभक्ति की पराकाष्ठा है तथा शौर्य पराक्रम का सबसे बड़ा सबूत। पुंछ हमले में पंजाब के शहीद सिपाही कुलवंत सिंह के पिता बलवंत सिंह ने 1999 के कारगिल युद्ध में इसी कश्मीर के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। दरअसल भारत के खिलाफ जेहाद पाकिस्तान की विचारधारा बन चुका है। 22 अक्तुबर 1947 को कश्मीर पर किए गए हमले को पाक सिपहसालारों ने जेहाद का ही नाम दिया था। 1947 के उस हमले में घुसपैठिया युद्धकला के मास्टरमांइड मेजर अकबर खान ने 'आपरेशन गुलमर्ग' नामक सैन्य मिशन की कयादत करके श्रीनगर का फातिम बनने का जहालत भरा ख्वाब देखा था मगर भारतीय सेना के पलटवार के बाद अकबर खान को युद्धभूमि से भाग कर जान बचानी पड़ी थी। कश्मीर के महाज पर जिल्लत भरी शिकस्त व नाकामी के बदनुमां दाग से अफसुर्दा होकर अकबर खान ने 1950 में रावलपिंडी में पाक सैन्य बगावत को अंजाम दिया था। अपनी किताब 'रेडर्स इन कश्मीर' में अकबर खान ने खुद इसका जिक्र किया था। सन् 1965 में जनरल अयूब खान ने 'आपरेशन जिब्राल्टर' के तहत कश्मीर को हथियाने का दुस्साहस किया था। पांच सितंबर 1965 को 'तीन डोगरा' बटालियन के 17 जवानों ने अपना बलिदान देकर इसी पुंछ के मोर्चे पर पाक फौज को धूल चटाकर कश्मीर को बचाया था। 'तीन डोगरा' के हिमाचली शूरवीर कैप्टन प्रेम सिंह 'वीर चक्र' तथा सिपाही सुखराम 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) ने उस आपरेशन जिब्राल्टर के खिलाफ अहम किरदार अदा किया था। 1971 के युद्ध में इसी पुंछ के मोर्चे पर हिमाचली सूरमा कर्नल कश्मीरी लाल रतन 'महावीर चक्र' तथा कर्नल पंजाब सिंह 'वीर चक्र' ने सिख बटालियन का नेतृत्व करके पाक फौज की पेशकदमी को ध्वस्त करके पुंछ को महफूज रखने में निर्णायक भूमिका निभाई थी। जनरल याहिया खान के दौरे हुकूमत में दुनिया की चश्म ए पलक ने वो नजारा भी देखा जब बांग्लादेश के रामना रेसकोर्स गार्डन में भारतीय सेना ने 16 दिसंबर 1971 को पाक फौज को पाकिस्तान की गैरत को नीलाम करने पर मजबूर कर दिया था। कश्मीर पर तमाम नाकामियों तथा तीन युद्धों में पाक सेना की करारी शिकस्त का हिस्सा रहे पाकिस्तान की सैन्य हुकूमत का सफ्फाक चेहरा जनरल 'जिया उल हक' मार्च 1976 को पाक सेना के आठवें सिपहसालार बने थे।

चार युद्धों में मर्शनाक शिकस्त का दंश झेल कर आमली सतह पर बेआबरू हो चुका पाक अपनी कायराना हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ जिले के संगयोट क्षेत्र में आंतकियों ने सेना के वाहन पर महले को अंजाम दिया था। उस महले में 49 राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान शहीद हो गए। सेना के वाहन पर यह आतंकी महला ऐसे वक्त में हुआ जब कई सियासतदान ईद के जश्न में इफ्तार पार्टियों में मशगूल थे। देश आईपीएल के खुमार में डूबा है इसलिए सेना के पांच जवानों का बलिदान न्यूज चैनलों की सुर्खियां नहीं बना। सशस्त्र सेनाएं किसी एक राज्य या सियासी दल की नहीं होती हैं। मुल्क की सालमयित व मोहिब्बे वतन की प्रतीक सेना भारत की शान है। देशरक्षा के लिए शहादत देशभक्ति की पराकाष्ठा है तथा शौर्य पराक्रम का सबसे बड़ा सबूत।

## नागरिक बोध

# राजस्थान में कांग्रेस भाजपा के अपने अपने दावे की बढ़ी रफ्तार

**राजस्थान** में इस वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार की रिपीट थ्योरी पर प्रचार कर रही है। इस बार महंगाई राहत कैम्प लगाकर जनता से जुड़ने का सलीका राजस्थान कांग्रेस में देखने को मिल रहा है। जिस रफ्तार से योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनाओं को धरातल स्थल पर लागू करने की कांग्रेस की रफ्तार है। उससे कांग्रेस फिर से रिपीट सरकार बनाने के लिए लालायित है। ग्रामीण विस्तार में जनांदोलन के माध्यम से लोगो को योजनाओ की विस्तृत जानकारी देने की कार्यकर्ताओ में होड़ जमी हुई है। राजस्थान में भाजपा को मुख्यमंत्री का चेहरा नही मिलने से पार्टी की बैचेनी बरकरार है। भाजपा इस बार कांग्रेस को मात देने के लिए अलग गणित लगा रही है। भाजपा शोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले का आधार बनाकर प्रचार किया जा रहा है। भाजपा ने जनआक्रोश रैली निकाल कर कांग्रेस के के विकास के वादे की पोल खोलकर रख दी। कांग्रेस ने इस बार हर वर्ग को बिजली,पानी और गैस सिलिंडर में राहत देकर राजस्थान में हाथ को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन इस बार भाजपा की बारी के भरोसे कांग्रेस को हटाने के मूड में है। कांग्रेस के बोल से भाजपा के दिग्गज नेताओं के दिल पर ठेस पहुंची है। भाजपा के दिग्गज नेताओं का राजस्थान का असमय दौरा इस बात की गवाही है कि भाजपा में कुछ छूट रहा है। लेकिन पार्टी का जनमत विचारधारा से चलता है। राजस्थान में कांग्रेस भाजपा के विकास के फार्मूले की देखादेखी कर सरकार बनाने निकली है। वही भाजपा की द्विदाभरी स्थिति मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर है। कुछ असंतुष्ट विधायकों ने वसुंधरा राजे का विरोध भी जताया गया था। राजस्थान में वसुंधरा राजे बड़ी नेता है। इसबार विधानसभा में वसुन्धरा का चेहरा प्रमोट नही कर मोदी के नाम चुनाव लड़ने के ऐलान किया गया। यह भी कयास है कि वसुंधरा राजे को पीछे छोड़कर नए चेहरे को आगे लाने की चर्चा भाजपा का इस पर मंथन चल रहा है। राजस्थान में वसुंधरा राजे के पास बड़ा जनाधार है। उसके लिए राजे की अगवानी भाजपा के सुखद पहलू का केंद्र रहेगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भाजपा के राजेंद्र राठौड़ पर हमलावर है,वही भाजपा भी कांग्रेस को निशाने पर ले रही है। उसके पहले कर्नाटक के चुनाव में भाजपा ने बाजी मार दी तो कांग्रेस के लिए राजस्थान की डगर मुश्किल भरी हो सकती है। राजस्थान में दोनों पार्टियों की जीत की दावेदारी पर मतदाता छुपी साधे हुए है लेकिन मतदाता ही अंत मे निर्णायक साबित होंगे। राजस्थान में नए चेहरे की तलाश में भाजपा मंथन कर रही है।वही ओम बिरला के नाम की मोहर लग जायेतो भाजपा मुख्यमंत्री के नाम पर प्रोजेक्ट कर सकती है। जिस हार जीत की गणित के आसपास घूमने वाली दोनों पार्टियों के जनमत और जनाधार की गणित वोटरों के हाथों में है।

# उपायुक्त ने जिले के पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल के कार्यों का किया समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा के कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिले भर के प्रखंड क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति को सुचारू रूप से चलाने हेतु अधिष्ठापित चापानल, जल मीनार के वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता को सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर मरम्मती कार्य करने हेतु क्षेत्र के मुखिया के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के सभी मुखिया अब 15वें वित्त के टाईड फंड से पेयजल से संबंधित कार्य कर सकेंगे।सभी मुखिया अपने क्षेत्र के पंचायत भवन में चापाकल मरम्मती के लिए पाइप




क्रय कर रखना सुनिश्चित करेंगे साथ ही इस संबंध में तकनीकी जानकारी वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से प्राप्त कर सकते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के कुछ क्षेत्रों में जल स्तर नीचे चले जाने के कारण चापानल से पानी नहीं निकल रहा है उस कारण पेयजलापूर्ति की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस संदर्भ में उपायुक्त ने कहा कि लोगों को पेयजल और वर्षाजल को संरक्षित के लिए आमलोगों को प्रेरित करें। साथ ही पेयजलापूर्ति करने हेतु कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने प्रखंड क्षेत्र में खराब पड़े चापानल एवं जल मीनार मरम्मती कार्य को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को मुखिया से खराब चापानल, जलमिनार की सूची प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा मुखिया के साथ समन्वय स्थापित करते हुए खराब चापानल, जलमीनार का मरम्मती कार्य जल्द से जल्द कराएं। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से हेरू डेम चतरा में शहरी जलापूर्ति हेतु चल रहे गहरीकरण कार्य के भी प्रगति की जानकारी ली गई। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, पेयजल एवं स्वक्षता प्रमंडल चतरा कार्यपालक अभियंता अवीक अंबाला प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# हज यात्रियों का पहला प्रशिक्षण सत्र सम्पन्न : मौलाना नसीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** निर्धारित कार्यक्रम के तहत जामिया राशिद उलूम में आज प्रथम हज प्रशिक्षण सत्र का सम्पन्न हुआ। जिसमें चतरा जिले के हजयात्रियों ने भाग लिया। हज यात्रा के संबंध में घर से प्रस्थान से लेकर उमरा हज के बाबत सदस्यों के बीच विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी हजयात्रियों ने बहुत गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त किया। हाफिज मुहम्मद इस्लाम ने प्रशिक्षण की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से की। हाजी मौलाना मुहम्मद नसीमुद्दीन कासमी ने हज यात्रा से संबंधित विस्तृत चर्चा की। उमरा, हज के कर्तव्यों और दायित्वों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर मौजूद शहर काजी मुफ्ती नजर तौहीद ने मदीना यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## डीजे बजाने आए युवक की दम घुटने से मौत

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र के सोहर पंचायत अंतर्गत माइल गांव में विवाह समारोह में डीजे बजाने आए युवक की जनरेटर के धुए में दम घुटने से मौत हो गई। जबकि इस युवक के साथ आए दो अन्य युवक बेहोश हो गए। इस दौरान जनरेटर के जहरीले धुए से एक महिला भी बेहोश हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुमला जिला के डुमरी प्रखंड अंतर्गत दीना गांव के तीन युवक डीजे एवं जनरेटर लेकर बुकिंग पर माइल गांव गए हुए थे। रात में तीनों युवक जनरेटर चल रहे कमरे में ही सोने चले गए। जिसके बाद सुबह प्रशांत लकड़ा उम्र 19 वर्ष पिता प्रेम लकड़ा कमरे में मृत मिला वही साथ में सो रहे दो युवक साहिल केरकेट्टा उम्र 18 वर्ष असीम एक्का उम्र 18 वर्ष बेहोश मिले। बगल कमरे में मेहमान आई महिला सरस्वती देवी उम्र 25 वर्ष गांव हीसरी भी बेहोश मिली। इस घटना की जानकारी नेतरहाट थाना में दी गई थाना प्रभारी बंधन भगत के निर्देश पर पु अनी जानू कुमार पुलिस बल के साथ माइल गांव पहुंचे, पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया सभी बेहोश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया, जहां उपचार के बाद युवक होश में आए वही महिला अभी तक बेहोश है और उसका इलाज चल रहा है। होश में आने के बाद साहिल ने बताया की रात 11:00 बजे खाना खाने के बाद कमरे में हम तीनों सो रहे थे उसी रूम में जनरेटर चल रहा था जब मुझे होश आया तो खुद को अस्पताल में पाया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ के चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो ने बताया कि अभी दोनों युवक एवं महिला खतरे से बाहर है, दोनों युवक स्वस्थ है महिला का भी इलाज चल रहा है। इस संबंध में लोग अनुमान लगा रहे हैं कि जनरेटर के धुआ से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड से ऑक्सीजन लेवल कम हुआ जिसके कारण ऐसी घटना घटी। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत ने कहा कि इस घटना के बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता शादी विवाह कार्यक्रम में घटना घटित हुई है पोस्टमार्टम के लिए सबको भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जाएगा।

## कुंआ में डूबने से एक महिला की मौत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया थाना के शिला ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत तिबाब गांव में गुरुवार को कुंआ में डूबने से एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। उक्त मृतक महिला गांव के कृष्णा राणा की 40 वर्षीय पत्नी थी। महिला के कुंआ में डूबने की सूचना मिलते हीं ग्रामीणो ने एकजुट होकर शव को कड़ी मशक्कत से कुआं से निकाला गया। सूत्रो के मुताबिक पति पत्नी के बीच हल्की नोक झोक हुई थी जहां पत्नी ने आपा खो दी और अपनी जान कुआं में डूब कर दे दी। इधर ग्रामीणों ने शव को जलाने की पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं।वहीं शिला ओपी थाना प्रभारी रामदेव वर्मा से घटना की जानकारी को लेकर पूछे जाने पर घटना के बाबत कोई जानकारी नहीं होने की बात कही है। आगे कहा है कि घटना की जानकारी लेता हूँ। कानून अपने हाथ में किसी को नहीं लेने दूंगा। महिला के कुंआ में डूबने की जानकारी। मुझे नहीं है। पता लगाकर मामले की जांच पड़ताल कर करवाई की जाएगी।

## कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के धाधु ग्राम में गुरुवार को मोहम्मद अनवर की पुत्री मुस्कान परवीन 17 वर्ष ने कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या का प्रयास किया है। परिजनों द्वारा अचेत अवस्था में मुस्कान परवीन को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर पिता द्वारा अपनी पुत्री को डाटा था और गुस्से में आकर मुस्कान परवीन ने घर में रखे कीटनाशक दवा खा लिया।

## बीएलओ ऐप का दिया गया प्रशिक्षण

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी नित निखिल सुरीन के द्वारा गारू और महुआडांड़ प्रखंड के सभी सुपरवाइजर एवं बीएलओ को बीएलओ ऐप का प्रशिक्षण दिया गया। मनिका विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे जगह है, जो संवेदनशील अथवा अति संवेदनशील है, जहां ससमय निर्वाचन का कार्य पूर्ण करने के लिए इस ऐप की जानकारी अच्छे से होना आवश्यक है। इस ऐप में बूथों पर चुनाव से पहले क्या-क्या उपलब्ध होनी चाहिए, चुनाव कार्यो को किस तरह से करना है आदि जानकारियां उपलब्ध होती है, जिससे अधिकारियों को चुनाव कार्य कराने में काफी मदद मिलती है, इन सब बातों की जानकारी एसडीओ के द्वारा दी गई। इस दौरान दुर्गम जंगल पहाड़ों के बीच स्थित बूथों और अति संवेदनशील बूथ के संबंध में भी जानकारी ली गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग, खुर्शीद आलम, भीखु प्रसाद, श्वेता कुमारी, सचिन कुमार, संजीव कुमार, नसीम अंसारी, सहित आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पीडीएस दुकानदारों में सरकार के विरुद्ध आक्रोश

## जरुरत पड़ी तो होगा मुख्यमंत्री का घेराव : प्रदेश महासचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बेड़ो प्रखंड जनवितरण प्रणाली संघ ने दुकानदारों के सात सूत्री मांगों को सरकार के द्वारा अभी तक संज्ञान नहीं लेने पर रोष व्यक्त किया है। बेड़ो के महादानी मैदान में बैठक आयोजन कर संघ के अध्यक्ष ने कहा की हमलोगों ने विगत 3 अप्रैल को राजभवन के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री को पत्र के माध्यम से हमारी सात सूत्री से अवगत कराया था। लेकिन अभी तक सरकार के तरफ से इसकी ना तो कोई जवाब आया ना ही हम लोगों से मिलने का समय दिया गया। ऐसे में हम सभी जनवितरण दुकानदार एक जुट होकर सरकार से मिलकर अपनी बात रखने को कोई ना कोई कदम जरूर उठाएंगे। विगत एक मई को भी झारखण्ड प्रदेश महासचिव के अगुवाई में धनबाद में जनसम्पर्क कर धनबाद के दुकानदारों से भी उनके समस्याओं को समझने उनके साथ बैठक की गई थी। धनबाद में शंकर मिश्रा के अध्यक्षता में तमाम तरह के समस्याओं पर बात हुई। प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा की सरकार हमपर ध्यान नहीं देगी तो हम कठोर कदम उठाने को विवश होंगे। उन्होंने कहा की जरुरत पड़ी तो हम सभी झारखण्ड के दुकानदार गोलबंद हो कर मुख्यमंत्री घेराव भी करेंगे। बैठक में वीरेंदर साव, मनोज मित्तल, मुन्ना साहू, विष्णु गुप्ता, सुनील यादव समेत सैकड़ो दुकानदार उपस्थित थे।

# झारखंड का गौरव नेतरहाट विद्यालय के छात्र ने अंतरिक्ष की ओर बढ़ाया पहला कदम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड स्थित नेतरहाट आवासीय विद्यालय के द्वितीय आश्रम वर्ग के आनंद आश्रम का दिवा छात्र आर्यन गुप्ता ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन हैदराबाद द्वारा युविका 2023 के तहत अखिल राष्ट्रीय स्तर पर युवा वैज्ञानिक खोज कार्यक्रम के तहत आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा में विभिन्न राज्यों से चयनित 350 छात्रों में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव हासिल किया है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इसरो (ISRO) द्वारा आयोजित उपरोक्त परीक्षा में आर्यन ने नवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। होनहार बिरवान के होत हैं चिकने पात मुहावरे को चरितार्थ करते हुए यह छात्र अपने कक्षा का भी सर्वोत्कृष्ट छात्र रहा है। साथ ही



यह विद्यालय छात्र प्रभारी मंडल का भी एक सक्रिय सदस्य है। विज्ञान में विशेष तौर पर भौतकी में उनकी गहरी रुचि है। आर्यन गुप्ता नेतरहाट आवासीय विद्यालय के द्वितीय आश्रम वर्ग के आनंद आश्रम का छात्र है, जो की भौतिकी शिक्षक डॉ राजेश चंद्र गुप्ता के बड़े पुत्र है, पिता की तरह ही यह भी अंतरिक्ष विज्ञान में अपनी गहरी समझ रखते हैं। आर्यन की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उनके सहपाठी एवं सभी शिक्षकों के बीच हर्ष का माहौल है। विद्यालय प्रचार्य डॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने सम्मेलन में आर्यन गुप्ता को सम्मानित किया एवं आशीर्वाद देते हुए उसके हौसला अफजाई करते हुए इनके विशेष प्रशिक्षण हेतु हैदराबाद जाने आने एवं प्रवास की समुचित व्यवस्था विद्यालय स्तर पर किए जाने की घोषणा की। ज्ञात हो कि उपरोक्त कार्यक्रम के तहत चयनित प्रतिभागियों को दिनांक 14 मई 2023 से 27 मई 2023 तक इसरो हैदराबाद में अंतरिक्ष की विशेषताओं एवं बारीकियों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाना है।

# एनटीपीसी ने टैंकर के माध्यम से पानी आपूर्ति का कार्य किया प्रारंम्भ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** पानी की समस्या से जुझ रहे एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित एवम् विस्थापित गांवो मे टेंकर से पानी आपूर्ती का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। क्षेत्र में हो रही पानी की समस्या को लेकर स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास ने चार दिन पूर्व ही एनटीपीसी परियोजना के जीएम से मुलाकात कर पानी आपूर्ति कि व्यवस्था कराने की मांग की गई थी। इस बाबत एनटीपीसी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार से टंडवा में तीन, कामता में दो, गाड़ीलौंग में दो तथा राहम मे दो टैंकर से पुरे गरमी के महीनों तक पानी आपूर्ती की जाएगी। एनटीपीसी परियोजना के सीएसआर अधिकारी दीप सिंह व विधायक प्रतिनिधी शशी चौरसिया ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखा कर सभी ट्रेक्टर टैंकरों को रवाना किया। बताया गया कि हर दिन एक ट्रेक्टर चार चार ट्रीप हर मुहल्ले मे पानी आपूर्ती करेगें, जहां पानी की समस्या अधिक हो। इस मौके पर विकास मालाकार, रंजीत गुप्ता, संवेदक पवन कुमार, आनंद गुप्ता, गुड्डु गुप्ता, नरेश यादव, अनील पासवान आदि लोग शामिल थे।

# लातेहार में प्रेमसंस मोटर शोरुम का किया गया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित किनामार में प्रेमसंस मोटर, रांची ने अपने नए एरिना आर आउटलेट का भव्य उद्घाटन किया गया। स्थानीय विधायक बैजनाथ राम ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित करके किया। वहीं राम ने कहा कि लातेहार वासियों के लिए बहुत अच्छी पहल है जिसके लिए लोग रांची डाल्टनगंज जाते हैं वह सुविधा लातेहार में ही मिलेगी। इसका लाभ लोगों को लेना चाहिए। इस मौके पर प्रेमसंस मोटर के सीएमडी पुनीत कुमार पोद्दार एवं डायरेक्टर अवध पोद्दार द्वारा शुभकामनाएं दी गई इस मौके पर सीजीएम राजेश सिंह,एस एस एम राकेश सिंह एवं एसएम राजकुमार के साथ पूरी टीम एवं अग्रणी बैंकर फिनांसर और लातेहार के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस मौके पर एसएम राजकुमार ने बताया हमारी कंपनी ग्राहक देवो भव- के लक्ष्य पर काम करती है हमारे पास सभी गाड़ियों का उचित मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है इस महीने ग्राहको के लिय 55000 तक आकर्षक स्कीम का विशेष लाभ दिया जा रहा है।

# मां गंगोत्री बोरवेल दुकान का उद्धघाटन हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** मां गंगोत्री बोरवेल सेनेटरी एंड इलेक्ट्रिकल नामक दुकान का उद्घाटन बालूमाथ समाजसेवी बालेश्वर साव,सुरेश सिंह और मुखिया नरेश लोहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बोलते हुए समाजसेवी बालेश्वर साव ने कहा के पानी वायरिंग, बोरिंग कार्य का दुकान एक ही छत के नीचे खुल जाने से अब ग्राहकों को सुविधा होगी। बालूमाथ में इस तरह का दुकान खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ होगा ।वही मौके पर जानकारी देते हुए संचालक मनोहर गुप्ता ने बताया की दुकान में चापानल, मोटर, पानी वायरिंग, पानी टैंकर सहित कई समान उपलब्ध है। साथ ही बताया कि 8,6,5,4 साइज का हीरा बोरिंग के लिए भी ग्राहक दुकान में संपर्क कर सकते है। उन्होंने कहा कि उचित मूल्य पर पारी वायरिंग सहित बोरिंग की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर प्रेम गुप्ता, अरुण साव, दर्शन तिवारी, प्रदीप सिंह, आशीष ओझा, ज्ञानी पांडे, अरविंद साहनी जगरनाथ यादव, अर्जुन कुमार, दिवाकर साव, विजय कुमार, राजेंद्र साव हरकु साव सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

## पंचायत करेगा बालू घाटों का संचालन



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य अंतर्गत बालू घाटों का संचालन सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के प्रावधानों के अनुसार किया जाना है। बालू उत्खनन के लिए तैयार किए गए जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट में उक्त पॉलिसी के अनुसार कैटेगरी 1 तथा कैटेगरी 2 के बालू घाटों का चयन किया गया है। जहां कैटेगरी 1 अंतर्गत पड़ने वाले बालू घाटों का संचालन सैंड माइनिंग पॉलिसी 2017 के कंडिका 03 के अनुसार ग्राम पंचायत या स्थानीय स्वायत्त शासन समिति द्वारा किए जाने का निर्देश दिया गया है जिसके संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय समिति के सदस्य अंचलाधिकारी (अध्यक्ष) पंचायती राज पदाधिकारी , अंचल निरीक्षक रहेंगे जो चयनित कैटेगरी 1 बालू घाट का सीमांकन और रेखांकित करने का काम करेंगे वहीं पंचायत स्तर पर बालू घाटों का संचालन हेतु गठित समिति में पंचायत के मुखिया (अध्यक्ष) पंचायत सचिव और पांच सदस्यीय सदस्य शामिल रहेंगे। बताते चलें कि बरवाडीह प्रखंड में कंचनपुर, पोखरी खुर्द, छेंचा, करकटिया टोला छेंचा, खुरा, लंका, मंगरा,चुंगरु, केड बालू घाट का चयन किया गया है।

# सिर्फ हाजिरी बनाने स्कूल आते हैं शिक्षक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरकारी स्कूलों की बदहाली सुधरने की जगह दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है. शिक्षकों की मनमानी और मध्याह्न भोजन में गड़बड़ी तो आम बात हो गई है. खासकर ग्रामीण इलाकों से इस तरह की शिकायतें हरदिन देखने को मिल जाती है. शिक्षकों की मनमानी का आलम यह है कि स्कूल में अपना हाजरी बनाकर निकल जाते हैं अपने काम पर फिर स्कूल बंद होने से पहले आकार अपना हाजरी बना लेते हैं। और आराम से अपने घर चले जाते हैं।और इस काम में स्कूल के सभी टीचर शामिल होते हैं।जिससे उपर के पदाधिकारी को पता नहीं चल पाता हैं।अब आलम यह है की बच्चो की शिक्षा हो तो हो कैसे। जब टीचर ही गायब हो तो बच्चों का पढ़ाई होगा कैसे। सरकारी स्कूलों की मनमानी से जुड़ा मामला लातेहार के मनिका अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाली से सामने आया है. जहां शिक्षकों की मनमानी के कारण सरकारी स्कूलों



में अध्ययनरत छात्रों का भविष्य अंधकार में जाता हुआ नजर आ रहा है.एक तरफ झारखंड सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्कूलों को निजी तर्ज पर सरकारी स्कूलों को विकसित कर रही है वहीं दूसरी तरफ शिक्षक बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उन्हें अपनी निजी कामों से फुर्सत ही नहीं है और कुछ कहने पर ऐसा बात करते हैं जैसे मानो की कानून व्यवस्था का कोई डर ही नहीं है। शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं। बताया जाता है कोई ना कोई बहाना बनाकर छुटटी लेकर घर बैठे जाते है। स्कूल आते भी हैं तो सिर्फ अपना उपस्थिति बनाने के लिए। स्कूल से शिक्षक नदारद रहते हैं। इस चलते स्कूल में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। गुरुवार को जब विधालय पहुंचे तो पता चला कि स्कूल में तीन शिक्षक हैं।वह भी स्कूल से नदारद रहते हैं।समय से पहले छुट्टी बच्चों को दे दिया गया।प्रधानाध्यापक से बात करने पर बताई की 125बच्चे में मात्र 28 बच्चा ही स्कूल में आया। जब शिक्षक के बारे में जानकारी लिए तो बोली की 2 टीचर हैं। सो एक सुबह से अपने काम पे गया है। दूसरा स्कूल में आकर उसके बाद शादी में गए हैं। जब हमलोग मीडिया कर्मी 1बजे तक वहीं थे तभी एक शिक्षक बाहर से आए उनसे उनकी परिचय पुछा तो उसने अपना नाम नरेश यादव बताया बोला कि मैं इसी विधालय का शीक्षक हूं। शादी में गया था इस बात पर जब हमलोगों ने बोला कि स्कूल के समय में आप शादी में शामिल हो रहे हैं तो शीक्षक नरेश ने बोला कि यहां ऐसा ही चलता हैं। मैं कहीं आएं जाएं कोई कुछ नहीं कर पाएगा।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में हुआ। बैठक में आपूर्ति कार्यालय द्वारा क्रियान्वित विभिन्न कार्य यथा राशन कार्ड वितरण, ECRMS, NFSA वितरण, ID सीडिंग, मुख्यमंत्री दाल भात योजना समेत अन्य योजनाओं और उनके अघतन स्तिथि पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने NFSA (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) के तहत अप्रैल और मई माह में जिले में किये गए खाद्य वितरण की जानकारी ली। चतरा, कुन्दा, इटखोरी, सिमरिया और लावालौंग समेत अन्य प्रखंड जिन्होंने लक्ष्य के अनुरूप काम न कर पाने पर नाराज़गी जताते हुए खाद्य वितरण के कार्यों में सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। ERCMS (राशन



कार्ड प्रबंधन प्रणाली) के तहत प्रखंडवार किये गए कार्यों की जानकारी लेते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी लंबित आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाए। ढ्ढष्ठ सीडिंग कार्य को लेकर उन्होंने अविलंब कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा डिडूप्लिकेशन कार्य को लेकर उन्होंने हंटरगंज और सिमरिया में लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में मुख्यमंत्री दाल भात योजना के तहत जलछाजन और बस अड्डा स्तिथ दाल भात केंद्र समेत जिले के अन्य दाल भात केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों कि जानकारी लेते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही 10 से अधिक सदस्य वाले राशन कार्डधारियों का सत्यापन संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से कराने का निदेश दिया गया ताकि जिन सदस्यों की मृत्यु हो गई हो वैसे सदस्यों का नाम संबंधित राशन कार्ड से हटाया जा सके। सभी पी.वी.टी.जी परिवारों को प्रति माह समय पर खाद्यान्न का पैकेट उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। स्स्क्क सेंटर और क्कस् दुकानदारों द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भुखमरी की कोई भी घटना न हो इसके लिए हर सम्भव कदम उठाया जाए तथा सभी लाभुकों को ससमय विभिन्न खाद्य वितरण योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जाए।इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान ज़फर खिजरी, सभी प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित सभी अन्य संबंधित मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही अंचल में हो रहे जमीन की हेराफेरी के खिलाफ भागीदारी पार्टी देंगी धरना

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष आगामी 8 मई को बरही अंचल में हो रहे जमीन की हेराफेरी एवम गरीब रैयतों की प्रशासनिक पदाधिकारियों के साठ गाठ से तथा नजायज तरीके से जामाबंदी खारीज करने के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी भागीदारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति एवं जिला अध्यक्ष गोपाल पंडित ने दिया। भागीदारी पार्टी पी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने इस सम्बन्ध में उपायुक्त हजारीबाग, अपर समाहर्ता हजारीबाग, अनुमंडल पदाधिकारी बरही, एसडीपीओ बरही तथा बरही सीओ को पत्रचार करते हुए कहा कि बरही अंचल कार्यालय में पदाधिकारियों उनके कर्मीयों द्वारा दलालों में मिली भगत से बरही अंचल क्षेत्र के भोले भाले जनता का जमीन का कागजात को ग़लत बता कर जमाबंदी खारिज किया जाता है। साथ ही साथ दाखिल खारीज, काबिल लगान निर्धारण, एवं अन्य कागजात को बनाने के लिए दलालों एवं पदाधिकारियों के मिली भगत से मोटी रकम उगाही किया जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम बिहारी प्रजापति ने कहा कि बरही अंचल कार्यालय के कर्मी एवं पदाधिकारियों के खिलाफ बरही की जनता के द्वारा हमेशा शिकायत मिल रही है कि बरही अंचल अधिकारी के द्वारा नाजायज तरीके से रैयतों का जमीन को संदेहास्पद साबित कर तथा दबंग लोगों के इशारे पर जमाबंदी खारिज करने की अनुशंसा नियम के विरुद्ध किया जा रहा है। इन्हीं सब सवालों को लेकर भागीदारी पार्टी पी के द्वारा आगामी 8 मई को अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम मांग पत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है ।

### चेंबर का प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के अधिकारियों से मिला



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बिजली विभाग के अधीक्षक अभियंता संतोष सिन्हा कार्यपालक अभियंता देशराज एसडीओ काली नाथ मुंडा एवं जेल अनिल कुमार मरांडी से मिलकर रामगढ़ जिला में हो रही बिजली की समस्याओं के बारे में अवगत कराया शहर में बिजली के तारों की स्थिति बहुत जर्जर होने उसके बदलने के बारे में बातचीत की पूरे शहर में ए बी स्विच की व्यवस्था करने महीने में दो बार कैंप लगाकर बिजली की समस्याओं का समाधान करने ट्रांसफार्मर खराब होने पर ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करना सुचारू रूप से बिजली मिले इसकी व्यवस्था करने की मांग की इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता ने चेंबर को आश्वस्त किया कि शहर में ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही उपभोक्ताओं को बिजली संबंधित कोई भी परेशानी ना हो इसका ध्यान रखा जाएगा प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के उपाध्यक्ष मनजीत साहनी मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानू पूर्व अध्यक्ष मनजी सिंह, मुरारी अग्रवाल गोपाल शर्मा भुरकुंडा से दिलीप अग्रवाल एवं विनय कुमार सिंह उपस्थित थे।

### हाथियों नें जमकर मचाया उत्पात

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हाथियों के झुंड ने बुधवार की रात मरकच्चो प्रखंड के पपलो पंचायत स्थित पपलो गांव में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने बेरहवा जंगल से निकलकर ग्राम पपलो पहुंच कर उत्तकर्मित मध्य विद्यालय पपलो का खिड़की दरवाजा तोड़कर अंदर रखे 2 बोरी आलू को खाया व बर्बाद किया। विद्यालय के प्रधानांध्यापक मिथलेश कुमार व अध्यक्ष इंद्रदेव यादव ने बताया कि हाथियों का झुंड बुधवार 8 बजे रात्रि ही आ गया था।बरामदा पर चढ़कर दरवाजा तोड़कर गुटनो के बल दरवाजा में घुसने का प्रयास कर रहा था।ग्रामीणों के द्वारा भगाने का प्रयास करने पर आदमियों के झुंड पर दौड़ जाना हिंसक जान पड़ रहा है। वही विद्यालय से सटे आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 36 का भी दरवाजा को तोड़ दिया। ग्रामीणों के द्वारा हांथियो को भगाने का प्रयास लूप जलाकर व पटाखे छोड़कर किया गया। लेकिन हांथियों के द्वारा भीड़ की ओर दौड़ जाने से भागने के क्रम में पपलो निवासी शांति देवी का दायां हाथ टूट गया व गांव के भागीरथ पासवान को चोट आई। हांथी शनिचरी देवी के घर का दरवाजा तोड़ घर में घुसने का प्रयास किया।उस घर मे 5 सदस्य सोये थे। सभी दरवाजा टूटने की आवाज सुनकर शोर मचाने लगे।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सदर अस्पताल रामगढ़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा विश्व यक्ष्मा दिवस के अवसर पर 24 मार्च 2023 को पांच टीबी मरीजों को गोद लेकर इलाज के दौरान उन्हें फूड बास्केट उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी जिसके उपरांत आज मरीजों को उपायुक्त द्वारा फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है कि इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए एवं सभी लोग इस में अपना योगदान दें।

इस दौरान उपायुक्त टीबी रोग को पहचानने एवं इससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में सभी को विस्तार से जानकारी देते हुए रोग के उपचार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, रोग के लक्षण को पहचाने एवं इसमें सभी कार्यालयों, निजी संस्थानों, अस्पतालों, एजेंसियों आदी के महत्व की सभी को जानकारी दी।

साथ ही उपायुक्त ने देश से टीबी रोग को खत्म करने के उद्देश्य से सभी सक्षम लोगों से अपने सामर्थ्य के अनुसार मरीजों को गोद लेने एवं जो भी मदद वे मरीजों को पहुंचा सकते हैं उस दिशा में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने 5 मरीजों, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ उदय श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक अग्रवाल के द्वारा 2-2 मरीजों एवं कंसल्टेंट डॉ पल्लवी कौशल, जिला लेखा प्रबंधक हिना वर्णवाल, अस्पताल प्रबंधक अतिंद्र उपाध्याय, जिला यक्ष्मा कार्यालय के रविंद्र कुमार के द्वारा एक- एक टीबी मरीज को गोद लेते हुए फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया।

## मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने उपायुक्त को जनसमस्याओं से कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब अपने कार्यक्षेत्र में हमेशा जनसरोकार से जुड़े मुद्दे उठाकर या जनसमस्याओं के निदान के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं, इसी कड़ी में पूर्व की भाँति इस बार भी मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने विद्यालय से जुड़ी समस्याओं का पत्र के माध्यम से हज़ारीबाग उपायुक्त महोदया का ध्यानाकर्षण कराते हुए अवगत कराया। उपायुक्त महोदया को दिए गए पत्र में उत्क्रमित मध्य विधालय सिरई, उच्च विधालय बराय, विष्णुगढ़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाटांड विष्णुगढ़ का जिक्र करते हुए बताया गया कि उपरोक्त विद्यालयों के किनारे सड़क होने से गाड़ियों की आवाजाही सामान्य बात है,परन्तु चहारदीवारी नही होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जमीन कारोबारियों एवं कुछ ग्रामीणों के द्वारा स्कूल की खाली पड़ी जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है ।

## कार्यशाला में लिया गया जल संरक्षण का संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में जल संरक्षण एवं प्रबंधन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत सेवा निवृत आईपीएस अधिकारी जल गुरु महेंद्र मोदी को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने किया। कार्यशाला के दौरान जल गुरु महेंद्र मोदी ने बारिश के पानी को संरक्षित करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्षा की हर बूंद को हमें सुरक्षित करने की जरूरत है। वर्षा के पानी को रोकने से तालाब हैंड पंप और कुआं का जलस्तर ऊपर आएगा। उन्होंने कहा कि कम पैसे में श्रमदान कर हम वर्षा के पानी को रोक सकते हैं केवल संकल्पित भाव से काम करने की आवश्यकता है। इसके बाद विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक में स्थित विष्णुगढ़ विकास ट्रस्ट के द्वारा आयोजित एंबीशन पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने स्लाइड के माध्यम से अपनी मॉडल को लोगों के बीच प्रस्तुत कर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हम धरती माता से केवल पानी ले रहे हैं परंतु हम धरती माता को पानी दे नहीं रहे हैं। इसलिए हमें वर्षा के पानी को रोककर धरती माता को पानी देना है,और धरती को हरा भरा बनाना है।वर्तमान समय में पूरा देश पानी के संकट से जूझ रहा है।

## परिवार नियोजन पर एक सत्र आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा मानव संसाधन विभाग पीवीयूएन लिमिटेड के सहयोग से भगवान बिरसा मुंडा भवन में परिवार नियोजन पर एक सत्र आयोजित कि गई। जिसमे पीवीयूएनएल स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ के द्वारा ऑडियो-विजुअल के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों को परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न प्रकार के बचाव तरीकों एवं उपायों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में लगभग 50 महिला ग्रुप श्रमिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र के अंत में क्षेत्र में वेक्टर जनित रोगों के बढ़ते भार और निर्जलीकरण बारे में भी विशेष जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। मौके पर स्वर्णरेखा महिला समिति द्वारा प्रतिभागियों को मच्छरदानी और ग्लूकोज पेय वितरित किए गए।

## आईआईटी जेईई में क्वालीफाई हुए डीएवी पब्लिक स्कूल पतरातु के तीन स्टूडेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातु डीएवी पब्लिक स्कूल के 12 वी कक्षा के तीन छात्र विवांश कुमार ने जे ईई में 99.97 प्रतिशत वहीं जेईई की दूसरी परीक्षा में अर्पिता कुमारी ने 82 प्रतिशत तथा पियूष कुमार ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इनकी उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिंहा एवं शिक्षको ने सफल विद्यार्थियों के शुभकामनाएं दिया। स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि आईआईटी जेई में सफलता प्राप्त करना आसान काम नहीं है।तीन स्टूडेंट इतनी बड़ी परीक्षा में सफल हुए हैं।जिससे स्कूल और क्षेत्र का मान बढ़ा है। सफल छात्र-छात्राओं ने कहा कि सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं हो सकता। ईमानदारी से मेहनत करके ही सफलता पाई जा सकती है।मौके पर स्कूल के शिक्षक कुमार अनिल सिंह,खेल शिक्षक प्रमोद पाठक,सुधीर कुमार सिंह,पंकज कुमार झा,विनय पाठक,अनिल सिंह, सुनील चौधरी,राकेश चौधरी, के के शर्मा,आर सी महतो, जकी अनवर,मीणा मिश्रा, विनोद पाठक,बिपाशा घोष, विरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, संगम ऋरांत,मनीषा घोषाल, रचना सिन्हा,पूजा सिंह, विपिन रंजन तिवारी,नितिन कुमार द्वारा छात्रों को सम्मानित किया गया।

## अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** उपायुत नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अर्न्तविभागीय समन्वय समिति की बैठक गुरूवार को समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों यथा स्वास्थ्य, आपूति, पेयजल, कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, सेवा गांरटी अधिनियम के तहत प्रदत्त सेवाएं, भवन, विद्युत, आदि की आपसी समन्वय से हो रहे कार्य प्रगति की गहन समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि कोई भी सरकार की कल्याणकारी योजना, कार्यक्रम आपसी समन्वय के कारण विलंब न होने पाये तथा योजना ससमय अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों में आपसी विभागीय समनव्य से बेहतर परिणाम प्राप्त करने, योजनाओं के ससमय धरातल पर उतारने के लिए निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने दायित्त्वबोध एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य कराने की सलाह दी साथ ही सुनियोजित तरीके से संचालित योजनाओं को गति प्रदान करते हुए धरातल पर उतारने की बात कही।

बैठक में उपायुक्त ने सेवा गांरटी अधिनियम के तहत अंचलों से निर्गत होने वाले प्रमाण पत्र खासकर एसटी/एससी/ओबीसी विद्यार्थियों को निर्गत जाति प्रमाण पत्रों को एक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस संदर्भ में बरकट्ठा, कटकमसांडी, टाटीझरिया, दारू, डाडी, चलकुशा आदि प्रखण्डों के अंचलाधिकारियों को संबंधित विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यालय के साथ बैठक कर समन्वय करते हुए विद्यार्थियों का आवेदनों को निष्पादित करने को कहा। वहीं भूमि म्यूटेशन से संबंधित लंबित मामलों को निर्धारित समयसीमा के अंदर स्पष्ट मंतव्य के साथ स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं अनावश्यक रूप से आवेदनों को लंबित रखने पर कार्रवाई की बात कही गई। साथ ही विकास योजनाओं के लिए अधिगृहित भूमि का म्यूटेशन कार्य ससमय निष्पादित करने का निर्देश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया।

इसके अलावे उपायुक्त कार्यालय के मंगलवारीय एवं शुक्रवारीय जनता दरबार के आवेदनों के संदर्भ में नियमानुसार आवेदनों पर कार्रवाई कर मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही पीजी पोर्टल के लंबित 271 मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने को कहा गया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के क्रम में कृमि मुक्ति अभियान -2023 की अद्यतन प्रगति से संबंधित रिपोर्ट को स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से समर्पित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। वहीं आवश्यकतानुसार नये सीएससी भवन के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर जिला के माध्यम से विभाग को भेजने का निर्देश दिया गया।


## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई डीसीसी एवं डीएलआरसी की बैठक



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सबसे पूर्व अग्रणी जिला प्रबन्धक संजीव कुमार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन बैंकों द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियो की जानमारी दी गयी जिसके उपरांत उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों की जमा साख अनुपात की समीक्षा की। इस दौरान वार्षिक साख योजना के तहत प्राप्त उपलब्धि, सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी आदि के अंतर्गत प्राप्त प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा ऋण, हाउसिंग लोन, डेयरी लोन, पोल्ट्री फार्मिंग, मछली पालन आदि के लिए दिए गए ऋण, वित्तीय समावेशन के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा योजना जैसे अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना आदि की समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को अपनी जमा साख अनुपात में वृद्धि सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले बैंक लिंकेज के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबंधित मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए सभी मामलों को समय से निष्पादित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बैंक वार दिए गए लक्ष्य के तहत लाभुकों को उपलब्ध कराए गए ऋण की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने बैंक प्रतिनिधियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध शत-प्रतिशत कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले केसीसी के तहत जिला स्तर पर प्राप्त हुए आवेदनों के तहत बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने जिन आवेदनों को अब तक निष्पादित नहीं किया गया है उन पर कार्य करते हुए सभी योग्य किसानों को ऋण उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश। बैठक के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार के द्वारा उपस्थित सभी बैंक प्रबंधकों प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा लोगों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई वहीं उन्होंने सभी को जानकारी दी गयी कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में सप्ताह में एक दिन पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जानी है एवं उन्हें योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जानी है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने सभी बैंक प्रबंधकों/प्रतिनिधियों को योजनाबद्ध तरीके से शिविर आयोजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। आरसेटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को प्रशिक्षण देने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने वर्ष 2022-23 में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की वहीं उन्होंने आगे किए जाने वाले कार्यों को पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष,सांसद प्रतिनिधि, सहायक , अग्रणी जिला प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समंवयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## नेट-जेआरएफ सफल विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नेट की परीक्षा में कामयाबी के दिए टिप्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के राजनीति विज्ञान विभाग में गुरुवार को करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया. इसमें रिसोर्स पर्सन के रूप में बतौर मुख्य वक्ता नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण डॉ सतीश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नेट की परीक्षा में कामयाबी के टिप्स दिए. उन्होंने यूजीसी नेट की संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तरों की जानकारी के साथ-साथ अवधाराणात्मक अध्ययन की भी जरूरत है. इससे पहले काउंसिलिंग की अध्यक्षता करते हुए राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कहा कि अक्सर विद्यार्थी स्नातकोत्तर के बाद नेट, जेआरएफ और लोक सेवा की तैयारी करते हैं. ऐसे में विद्यार्थियों को काउंसिलिंग की सख्त आवश्यकता है. इससे विद्यार्थी सही तरीके से सही दिशा में तैयारी कर अपनी मंजिल प्राप्त कर पाएंगे. नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण धर्मेंद्र कुमार ने यूजीसी नेट के पाठ्यक्रमों पर चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए. नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण महेंद्र पंडित और शक्ति कुमार ने यूजीसी नेट की तैयारियों के दौरान आनेवाली समस्याओं पर चर्चा करते हुए कामयाबी के टिप्स दिए.

नेट में सफल विकास कुमार यादव ने कहा कि जिन्हें नेट और जेआरएफ के विषयों की जानकारी नहीं है, फिर भी बेहतर और सुनियोजित तरीके से तैयारी कर काफी कम समय में इस क्षेत्र में कामयाबी प्राप्त कर सकते हैं. नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण रूखसाना बानो ने यूजीसी नेट में सफलता अर्जित करने के बारे में कई तरह की जानकारी दी.

## कर्णपुरा महाविद्यालय में गौतम बुद्ध की जयंती को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इतिहास संकाय की संयुक्त तत्वाधान में गौतम बुद्ध की जयंती को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से प्रारंभ हुई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के सचिव सह पूर्व प्रमुख जिला पार्षद टुकेश्वर प्रसाद शामिल हुए । उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध कहते हैं कि इस संसार में कोई भी प्राणी ऐसा नहीं है जिसे दुख ना हुआ हो, उनके अनुसार दुख को एक सामान्य स्थिति समझना चाहिए इसे खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। इसीलिए प्रत्येक इंसान को दुख होने पर चिंतित और परेशान नहीं होना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुध का जन्म हुआ था इसी दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और वैशाख पूर्णिमा के दिन उनका महानिर्वाण भी हुआ था इसलिए इसी दिन को गौतम बुध की जयंती या बुध पुर्णिमा के रूप में मनाया जाने लगा। साथ ही बुद्ध ने विश्व शांति का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। साथ ही कहा कि सिद्धार्थ का अर्थ वह जो सिद्धि प्राप्ति के लिए जन्म लिया हो उसे सिद्धार्थ कहते हैं। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफ़ेसर लालदेव महतो ने किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो कृतिनाथ महतो, पूर्व प्राचार्य ज्योति जलधर, प्रोफेसर नरेश कुमार दांगी, प्रोफेसर निरंजन प्रसाद नीरज, प्रोफेसर ऋतुराज दास, प्रोफेसर पवन कुमार, प्रोफेसर ललिता कुमारी, डॉ चंद्रशेखर राणा, सनवीर कुमार, नेमधारी राम, अर्चना कुमारी, ऋषि कुमार, राहुल कुमार, उषा कुमारी, ललिता, प्रियंका, सुनीता, बेबी कुमारी, आंचल, बबीता, मनीषा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पियाजियो व्हीकल्स ने लॉन्च किया नया आपे एक्स्ट्रा एलडीएक्स, माइलेज का बॉस

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटली में ऑटो निर्माण के दिग्गज पियाजियो ग्रुप की 100 फीसदी सहायक कंपनी और भारत में छोटे कमर्शल वाहनों के प्रमुख निर्माता, पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने नये आपे एक्स्ट्रा एलडीएक्स की पेशकश की है। सीएनजी में उपलब्ध नया आपे एक्स्ट्रा एलडीएक्स एक कार्गो थ्री व्हीलर है, जिसमें ईंधन की बेहतर खपत और कम संचालन लागत के साथ उपभोक्ताओं को 5.5 फीट लंबा डेक दिया गया है।यह 3डी वॉल्व टेक्नोलॉजी के साथ मिलने वाला विश्वसनीय और प्रमाणित, स्वाभाविक रूप से एस्पिरेटेड 230 सीसी का एयर कूल्ड इंजन है, जो सामान ढोने की उच्च क्षमता, बेहतरीन कार्य क्षमता और रखरखाव की कम कीमत का वादा करता है। पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और चेयरमैन डिएगो ग्राफी ने इस अवसर पर कहा, हमारा मशहूर आपे ईंधन की कम से कम खपत करने वाला ब्रैंड है। यह उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत के अनुसार सबसे बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। चाहे सीएनजी, एलपीजी हो, डीजल, पेट्रोल या इलेक्ट्रिक हो, हमारा प्रॉडक्ट सभी की जरूरतों को पूरा करता है। हमारा भरोसा अपने उपभोक्ताओं को अपने लिए सबसे बेहतरीन वैरिएंट चुनने की आजादी देने का है। हमें गर्व है कि हम अपने उपभोक्ताओं को तरह-तरह के विश्वसनीय, सक्षम और आधुनिक विकल्प प्रदान कर रहे हैं। मैं इन ऑफर्स की कड़ी में नए आपे एक्स्ट्रा एलडीएक्स को लॉन्च करने की घोषणा कर काफी खुश हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि उपभोक्ता इससे अपने पैसे का बेहतर मूल्य हासिल कर पाएंगे।



## काबिल छात्रों को छात्रवृत्ति देगा फिजिक्स वाला

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख एड.टेक प्लेटफॉर्मए फिजिक्स वाला ;पीडब्ल्यूद्ध ने छात्रों की भारी मांग को ध्यान में रखते हुए अपने स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट ;एसएटीद्ध के बहुप्रतीक्षित दूसरे संस्करण को लॉन्च करने की घोषणा की है। पीडब्ल्यू एसएटी 8वीं से 12वीं कक्षा के मेधावी जेईईध्नीट उम्मीदवारों और ड्रॉपर्स के लिए 90: तक छात्रवृत्ति प्राप्त करने का मौका देता हैए जिससे वे विद्यापीठ सेंटर्स में अनुभवी फैकल्टी सदस्यों से उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग और मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें। गुणवत्तापूर्ण ऑफ़लाइन शिक्षा को हर छात्र के लिए वहन करने योग्य व सुलभ बनाने के उद्देश्य से पीडब्ल्यू ने आने वाले एकैडमिक वर्ष में 160 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति देने की योजना बनाई है। पीडब्ल्यू एसएटी का आगामी चरण 2023 में प्रतिदिन 14 मई तक ऑनलाइन और 7 मई व् 14 मई को ऑफलाइन आयोजित किया जाएगा। छात्र पीडब्ल्यू ऐप या वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और निकटतम विद्यापीठ सेंटर्स में ऑफलाइन परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

## इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश सहगल का रांची दौरा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक, राकेश सहगल ने दिनांक 03.05.2023 एवं 04.05.2023 को राँची अंचल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बीएनआर चाणक्य, राँची में चयनित शाखा प्रबंधकों के साथ परिचर्चा की। इस दौरान उन्होंने यह बताया कि बैंक अपने विभिन्न डिजिटल उत्पादों जैसे प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग, ऑनलाइन संग्रह सुविधाओं जैसे शुल्क संग्रह और सरकारी संगठनों, संस्थानों, कॉर्पोरेट और व्यक्तिगत ग्राहक को पीएफएमएस सुविधाओं के माध्यम से डिजिटलीकरण की ओर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्तमान में, इंडियन बैंक पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण एमएसएमई और खुदरा ऋण का वित्तपोषण कर रहा है और अपने विभिन्न डिजिटल उत्पादों के माध्यम से सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल सेवाएँ प्रदान कर रहा है। इस परिचर्चा में इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक, एफ़.आर. बोखारी, उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक महाप्रबंधक कुमार दिग्विजय एवं मुख्य प्रबंधकगण भी इस बैठक में उपस्थित रहे।



## कोयलांचल सिरका-अरगड्डा में काले बादल बरसे मौसम हुआ सुहाना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार संध्या 4ः20 के बाद 20 मिनट काले बादल ने वर्षा बरसाई। जिससे क्षेत्र के 32 डिग्री तापमान में 3 से 5 डिग्री गिरकर सुहावना हो गया। लोगों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से मौसम गरम ठंड के कारण शारीरिक कष्ट भी बढ़ा है। सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, बदन दर्द में भी बढ़ोतरी हुई हैं। जिस से निजात पाने के लिए लोग घरेलू नुस्खे और डॉक्टर, मेडिकल के चक्कर भी लगा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि कुछ दिन मौसम इसी प्रकार परिवर्तित होंगे। जिसका असर ग्रामीण क्षेत्र में सब्जियों की खेती पर भी पड़ेगा।

## एसबीआई सिरका मैनेजर का हुआ तबादला

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**



**सिरका :** कोयलांचल सिरका-अरगड्डा के भारतीय स्टेट बैंक शाखा मैनेजर डेजी अंथनी का तबादला हो गया है। बैंक मैनेजर का स्थान बीते तीन दिनो से खाली पड़ा हैं। बताया जाता है कि मैंनेजर मेडम का ट्रांसफर एसबीआई कोलकाता जोन में प्रमोशन के साथ हुआ हैं। बैंक ग्राहकों ने कहां ब्रांच मैनेजर मेडम का व्यवहार काफी अच्छा था। वे लोगों में लोकप्रिय थी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**1. ई–निविदा सं.:** 14-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** "कतरासगढ़ एवं चंद्रपुरा – अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत धनबाद मंडल के कतरास और चंद्रपुरा स्टेशन पर 6.0 मी. चौड़े फूट ओवर ब्रीज का प्रावधान के संबंध में" धनबाद मंडल के चंद्रपुरा स्टेशन पर फिल्ड एसेंबलिंग, इरेक्टिंग, लांचिंग प्री फैबरिकेटेड स्ट्रक्चरल स्टील कोंपोनेंट द्वारा 6.0 मी. चौड़े फूट ओवर ब्रीज का निर्माण के साथ सभी संबंधित कार्य जैसे फाउंडेशन, पेंटिंग कार्य, हैंडरेल, शिटिंग, सीढ़ी, रैंप, गैलरी कार्य आदि तथा अन्य संबंधित विभिन्न कार्य। **09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 3,69,96,547.69

**2. ई–निविदा सं.:** 15-DHN-2023-24, **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** व. मंडल अभियंता (2), पू.म. रेल, धनबाद के अधीन रोड–सह रेल मोबाइल फलश बट्ट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग कर सभी लंबाईयों के 60 केजी (90 यूटीएस) रेल पैनलों का फलश बट्ट वेल्डिंग। **12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 2,43,02,196.00

**बयाने की राशि (रु. में):** बयाने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 24.05.2023 को 17:00 बजे तक। **ई–निविदा खुलने की तारीख:** 25.05.2023 को 12:00 बजे से। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद

पीआर/00221/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/23–24/48

## उपायुक्त ने किया पतरातू प्रखंड का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** गुरुवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने पतरातू प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड में निर्माणाधीन 100 बेड के प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड में 100 बेड के निर्माणाधीन प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू एवं अंचल अधिकारी पतरातु सहित अन्य अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यों का निरीक्षण करने एवं जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के क्रम में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दौरे के क्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पतरातु का निरीक्षण कर उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया वहीं उपायुक्त ने बच्चियों के साथ सीधा संवाद कर विद्यालय के माध्यम से उन्हें मिल रही सुविधाओं एवं शिक्षण कार्यों की जानकारी ली. इस दौरान उपायुक्त ने बच्चियों के साथ लंबा समय व्यतीत किया एवं सभी को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी।



## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय क्षेत्र योजना की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** वृहस्पतिवार को उप विकास आयुक्त नागेन्द्र कुमार सिंहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन के लिए केन्द्रीय क्षेत्र योजना (सीएसएस) के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति (डी-एमसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीडीएम नाबार्ड उपेन्द्र साह के द्वारा सभी को विस्तार से योजना की जानकारी दी गई। ततपश्चात श्री सिन्हा ने नाइ एफपीओ नीति-2020 के तहत रामगढ़ जिला के गोला, दुलमी, पतरातू, मांडू एवं चितरपुर प्रखंडों में बनाये गए एफपीओ के प्रगति की जानकारी ली एवं उनका संचालन सुगमता पूर्वक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने एफपीओ के गठन एवं संवर्धन के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश डीडीएम नाबार्ड को दिया। बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, सहायक , अग्रणी जिला प्रबंधक, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, प्रभारी कृषि विज्ञान केंद्र, डीडीएम नाबार्ड, विभिन्न बैंकों के प्रबंधक, जिला समंवयकों व प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(A Government of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
**E-MailId** - juidcolimited@gmail.com **CIN:** U45200JH2013SGC001752

**CORRIGENDUM – 01**

**Project Name :- Augmentation and Strengthening of Water Supply Scheme for Ramgarh Nagar Parishad including Cantonment Board Ramgarh.**
Ref. PR No.: 295475
NIT No: - JUIDCO/NIT/Ramgarh UWSS/536
Tender ID: - 2023_UDD_69901_1
All the bidders are hereby intimated that **Corrigendum – 01** for the tender bearing **Tender ID 2023_UDD_69901_1** for **"Augmentation and Strengthening of Water Supply Scheme for Ramgarh Nagar Parishad including Cantonment Board Ramgarh"** has been published on e-procurement website of the Government of Jharkhand.
The same may be taken into account before submission of bids.
e-procurement website : jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Technical)**
**JUIDCO Ltd.**

PR296584 (Urban Development and Housing)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या– **DWSD/KH-24/2022-23 (1st Call), Dt.-23.03.2023 P.R.No.–293558 Drinking Water & Sanitation(22-23).D** के द्वारा प्रकाशित एवं प्रचारित निविदा (**Name of Work- Construction of Rural Pipe Water Supply Scheme through D.T./HYDT/GPT/HYGPT Solar based 1 HP/ 2 HP D.C. Motor pump Complete set for different tolas of concern village which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 Years for 24 X 7 Supply with 100 % Coverage by TAP Water Facility in Khunti And Arki Block under J.J.M**) के तिथियों में निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

| Date Revision | Previous Date | Revised Date |
|---|---|---|
| Date of Tender Uploading on Website | 19.04.2023/05.00 PM | 06.05.2023/05.00 PM |
| Bid Submission End Date | 26.04.2023/05.00 PM | 13.05.2023/05.00 PM |
| Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 27.04.2023/05.00 PM | 15.05.2023/02.00 PM |
| Date of Opening of Tender | 28.04.2023/11.00 AM | 16.05.2023/11.00 AM |
| निविदा की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी। | | |

(ई० सुरेन्द्र कुमार दिनकर)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR296603 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना
अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–08 / 2022–23 (3rd Call)
तिथि :– 04.05.2023
**P.R. No. 292556 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D) & 294984 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉंत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **04.05.2023** को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | **09.05.2023** को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | **15.05.2023** को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | **16.05.2023** को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय , पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | **17.05.2023** को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु० में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Utility shifting of 33 KV Rukka feeder line at proposed WTP Site village – Rukka under Electric supply section Ormanjhi. | 24,14,760.00 | 48,300.00 | 5,000.00 (Non-refundable) | One month |

नोटः–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge / concerned officer से M.O.M. / Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची

PR296567 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## चचकोपी में पीसीसी पथ का शिलान्यास

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चचकोपी गांव में गुरूवार को छोटी मस्जिद से निगलु महतो के घर होते हुए अखड़ा तक जाने वाली पी.सी.सी. पथ का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीण लम्बे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे, जो अब पुरा हुआ। इसके बनने से अवागमन में सुविधा होगी।इस दौरान विधायक ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उनकी समस्याओ का निष्पादन कराने का भरोसा दिलाया। विधायक गांव के समीप स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। मौके पर उप प्रमुख मोदासीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, विधायक प्रतिनिधि शमसाद अंसारी, पंचायत समिति सदस्य सब्दुल मलिक, संजय कच्छप, सोमरा लोहरा, कार्यकर्ता मुन्ना मलिक, शहीद मलिक सहित कई लोग उपस्थित थे।



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
**समग्र शिक्षा,समाहरणालय भवन, कोडरमा, दूरभाष: 8002410681**
**jepckoderma@yahoo.co.in & kodermassa@gmail.com**

**विज्ञप्ति संख्या–539/03.05.2023**
**कोडरमा जिला अन्तर्गत 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के नियुक्ति के निमित आपत्ति प्राप्त करने हेतु आम सूचना–**

कोडरमा जिला अन्तर्गत 04 कस्तूरबा गाँधी विद्यालयों में शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु राज्य परियोजना कार्यालय के विज्ञापन संख्या GE/08/163/2022/3694 दिनांक 30.12.2022 एवं कार्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या– SSA/1289/2022 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में अंतिम तिथि दिनांक 30.01.2023 तक अभ्यर्थियों निबंधिक डाके के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर दिये गये विवरणी का अवलोकन कर विहित प्रपत्र में कोडरमा जिला के NIC बेबसाईट koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है। इसमें किसी भी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र के साथ दिये गये सूचना / प्रमाण पत्र अपूर्ण अथवा छुट गया हो या कोई त्रुटि रह गया हो तो दिनांक 10.05.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक अपना आपत्ति जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा में निबंधित डाक द्वारा आवेदन देकर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। आपत्ति सही पाये जाने पर इसमें सुधार किया जा सकेगा। इसमें कोई भी नया प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि 10.05.2023 अपराह्न 5:00 बजे के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा

PR 296498 Jharkhand Education Project Council(23-24).D

**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा**

31 मई 2023 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 05 मई 2023 से 25 मई 2023 तक Online/Digital माध्यम से Theme- " We Need Food, Not Tobacco" (**"हमें भोजन चाहिए तम्बाकू नहीं "**) विषय पर Poster/Painting/Essay Writing Competition का आयोजन किया जाना है।
प्रतिभागियों की पात्रता निम्न है-
1. कोडरमा जिला अन्तर्गत सरकारी/गैर सरकारी स्कूल के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्र/छात्राएं।
2. सभी प्रविष्टियां Chart Paper में emailId —dlokoderma11@gmail.com/WhatsApp no. 9470317083 पर नाम, पिता का नाम, पता, कक्षा, मोबाइल नंबर एवं विद्यालय के नाम के साथ प्रविष्टी पर दर्शाते हुऐ प्रेषित की जानी है
3. प्रविष्टि की Size 20 MB से अधिक नहीं होना चाहिए ।
4. श्रेष्ठ 3 प्रविष्टियों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा।
5. श्रेष्ठ 10 प्रविष्टियों को विभाग की ओर से सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा ।

ह०/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा

PR 296502 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D

**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला**
**एस.एस. +2 उच्च विद्यालय, गुमला परिसर, गुमला पिन : 835207**
**Email ID :- rmsagumla@gmail.com**

**अत्यावश्यक सूचना**

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612 / 2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21 / 2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु लम्बित अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी है, जिसमें इस जिला हेतु निम्नांकित विषयों के लिए स्तंभ 3 में अंकित अनुशंसित अभ्यर्थियों से संबंधित फाईल फोल्डर निदेशालय से दिनांक 02.05.2023 को प्राप्त हो चुकी है। विवरणी इस प्रकार है :–

| विषय | सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्रांक / दिनांक | इस जिला को प्राप्त अनुशंसित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| इतिहास एवं नागरिक शास्त्र | 1285– 27.04.2023 | 75 |
| अंग्रेजी | 1286– 27.04.2023 | 10 |
| वाणिज्य | 1287– 27.04.2023 | 12 |
| शारीरिक शिक्षा | 1288– 27.04.2023 | 06 |
| कुडुख | 1289– 27.04.2023 | 05 |
| भूगोल | 1308– 28.04.2023 | 09 |
| अर्थशास्त्र | 1309– 28.04.2023 | 09 |
| कुल | | 126 |

उक्त के आलोक में अनुशंसित विषय के सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक / आवासीय / जाति प्रमाण पत्रों की जांच / काउन्सेलिंग इस कार्यालय के ज्ञापांक 915 दिनांक 04.05.2023 द्वारा **दिनांक 08.05.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से एस.एस. +2 उच्च विद्यालय गुमला में आयोजित की गयी है।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक **08.05.2023** को **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से एस.एस.+2 उच्च विद्यालय गुमला में अपने शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक / आवासीय / जाति प्रमाण पत्र / आधार / पैन / चार रंगीन फोटो की मूल प्रति के साथ एवं दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ काउन्सेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे इसके अलावे किसी अभ्यर्थी को सी.बी.एस.ई. / केन्द्रीय विद्यालय / जवाहर नवोदय विद्यालय या आई.सी.एस.ई. बोर्ड में अध्यापन कार्य कराने का अनुभव हो तो उसकी मूल प्रति एवं स्व. अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ काउन्सेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला।

PR 296543 Jharkhand Education Project Council(23-24)#D

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर**
**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

ज्ञापांक 372 / दिनांक 03.05.2023
**अल्पकालीन कोटेशन / दर आमंत्रण सूचना संख्या 01 / 2023–24**

**2nd Call**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर क्षेत्रान्तर्गत Urban Health and Wellness Center (UHWC) हेतु सामग्री कय की आवश्यकता है। सामग्री कय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निमार्णकर्ता / आपूर्तिकर्ता / संवेदक को नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में निविदा / कोटेशन दिनांक 20.05.2023 को 01.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शुल्क मो0 5000 / –रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 20000 / रू0 बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक सहायक नगर आयुक्त, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पदनाम से देय होगा। निविदा शुल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा / कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2.00 बजे नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचनापट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। कय हेतु सामग्री निम्नवत् है:–

| S.L | Basic Equipment & Furniture for HWC | S.L | Basic Equipment & Furniture for HWC |
|---|---|---|---|
| 1 | Desktop computer all in one 20-24'Inc- Intel Core/511th generation onwards RAM-8GB, Hard Drive 1 TB or 512 SSD, UPS with inbuilt Antivirus, MS office | 27 | Invertor with Battery (1000 VA+180 AH Battery) |
| 2 | Colour printer with scanner (HP/Canon/Epson) | 28 | Fire Extinguisher |
| 3 | Office table (size -5×3) | 29 | Ambu Bag |
| 4 | Doctor Chair Revolving | 30 | I/V Stand |
| 5 | Office chair visitor (steel with leather seat) | 31 | Tongue depression |
| 6 | Almirah 4 or 5 rack (Branded) | 32 | Mouth gag |
| 7 | Iron Rack for Medicine | 33 | selling fan(Bajaj/Havells/v-guard) |
| 8 | Patient Examination Table | 34 | Dustbin 50 litre |
| 9 | Pulse Oximeter | 35 | Colour Coded bin |
| 10 | Glucometer | 36 | Sharp Container |
| 11 | Haemoglobin Meter Digital | 37 | Towel |
| 12 | Stethoscope | 38 | Suction Machine |
| 13 | BP Machine Digital | 39 | foot step |
| 14 | Weight Machine Digital | 40 | Nebulizer |
| 15 | Height Meter | 41 | Torch |
| 16 | Thermometer Digital | 42 | Phooljhadoo |
| 17 | Wall clock | 43 | Mop |
| 18 | Door Mat | 44 | Sikjhadoo |
| 19 | Lock (Link) | 45 | JholJhadan |
| 20 | Register Large | 46 | A4 Paper |
| 21 | Register Medium | 47 | Pen |
| 22 | Bed Side Screen guard with curtain | 48 | Bucket (20-25 LTR.) |
| 23 | Emergency Durg Tray | 49 | Mug |
| 24 | Nebulizer Machine | 50 | Bulb 15 WT |
| 25 | Patient Waiting 3-seater Chair | 51 | Baby Weight Machine Digital |
| 26 | Patient stool (steel) | | |

सहायक नगर आयुक्त,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 296514 District(23-24).D

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत कांड्रा पंचायत की मुखिया रिंकू देवी , विधायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो एवं वार्ड सदस्य मति भारती देवी की अगुवाई में मध्य विद्यालय कांड्रा के बच्चों के द्वारा स्वछता पखवाड़ा के तहत रैली निकली गयी। जिसमें सभी बच्चों ने सपथ लिया की अपने आस पास स्वछ रखेंगे विशेष रूप से प्लास्टिक कचरा से दूर रहेंगे। रैली विद्यालय के पोषक क्षेत्र में घूम घूम कर सभी ग्रामीणों को प्लास्टिक कचरा न फैलाने की संदेश दिया। रैली मे बच्चों के साथ शिक्षक मधुमिता महतो, रोहित कुमार, योगेंद्र, सीआरपी बहादुर अभिजित भट्टाचार्या आदि लोग उपस्थित थे।

## 108 शत चंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के लिए कलश यात्रा का आयोजन



**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसजोड़ा स्थित माँ रक्षा काली मंदिर परिसर में श्री श्री 108 शत चंडी महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर आज कलश/शोभा यात्रा निकाली गयी। जो उक्त अनुष्ठान में आजसू पार्टी के जिला प्रधान सचिव सह सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी शामिल होकर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में माथे पर कलश लिये कन्याएं शामिल थे।

### रंजीत बनर्जी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट

## रागिनी सिंह ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोरापोखर मंडल अंतर्गत लक्ष्मी कॉलोनी में आयोजित स्वर्गीय रंजीत बनर्जी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह उपस्थित हुई जहां आयोजको के द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया गया।वहीं इस दौरान हो रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्हे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय, रविशंकर सिंह, छोटू सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

## माले ने 9 मई को जनमुद्दा पर लोकतांत्रिक आंदोलन को लेकर दिया आवेदन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि नगरनिगम के दुकानदारों का अचानक भाड़ा बढ़ोतरी, ऑटो टोटो टैक्स बढ़ोतरी, होल्डिंग टैक्स बढ़ोतरी आदि को लेकर आगामी 9 मई दिन मंगलवार को 11 बजे से नगरनिगम प्रांगण में लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन होगा।सिन्हा ने कहा कि इस प्रदर्शन में विभिन्न मुद्दे से प्रभावित लोग भी रहेंगे, होल्डिंग टैक्स अचानक तीन गुणा चार गुणा बढ़ जाना, नगरनिगम के दुकानदारों का भाड़ा अचानक 300प्रतिशत - 400प्रतिशत की बढ़ोतरी का नोटिस थमाना, ऑटो- टोटो टैक्स में अचानक 50प्रतिशत की बढ़ोतरी, जलकर की बढोतरी समेत अन्य विषय को लेकर प्रतिनिधि और संगठन के मेंबर भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि पेयजल की समस्या को लेकर इसके पहले भी आंदोलन हुआ था वार्ड 22 का 6 नंबर इलाके में 300 घरों में पानी नही मिलता है, नगर निगम ने कहा था दस दिन में होगा किंतु कोई पहल नही है, पेयजल समस्या को लेकर लोग एकत्रित होंगे वहीं वार्ड एक दो पचंबा आदि में पाईप बिछाया गया है दस साल से पानी नहीं मिल रहा है नगर निगम को कुछ पता ही नही है।वार्ड पांच में रेड चिली के आस पास कचड़ा का अंबार है नगरनिगम शांत है, घर में जो पानी आता है उसमे कचड़ा आता है, नगरनिगम को पहल करने का समय नहीं है। ऐसे कई मुद्दे को लेकर उग्र आंदोलन की चर्चा हो रही है।




### खसरा व रुबेला से बचाव व रोकथाम को लेकर बैठक संपन्न

## अभियान में शत-प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करें अधिकारी : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** खसरा एवं रूबेला संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम को लेकर एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर टीकाकरण अभियान जारी है। इसी के निमित्त आज समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि यह कार्यक्रम 5 मई तक संचालित की जाएगी। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के अन्तर्गत खसरा तथा रूबैला के प्रति सुरक्षा प्रदान करने के लिए खसरा-रुबैला (एम.आर.) का एक टीका स्कूलों तथा आउटरीच सत्रों में आरम्भ किया गया है। इस एम.आर. टीके को बाद में नियमित टीकाकरण में शामिल कर लिया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि इस अभियान के अन्तर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को यह टीका लगाया जा रहा है, भले ही पहले उन्हें एम आर/एम.एम.आर. का टीका दिया जा चुका हो। मूल कारण खसरा रोग के सफाये तथा रुबैला को नियंत्रित करने के लिए 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यावश्यक है।




बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एम आर टीकाकरण में गिरिडीह जिला प्रथम स्थान पर है इसे बरकरार रखना है। कोई भी बच्चा छूटे नहीं इसे सभी अधिकारियों को सुनिश्चित करना है। उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए एमआर वैक्सीनेशन से संबंधित कार्यों को संपादित करेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने सिविल सर्जन एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारी को एमआर वैक्सीनेशन का नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को एमआर वैक्सीनेशन अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि अत्यधिक संख्या में बच्चों को एमआर वैक्सीनेशन से लाभान्वित किया जाए।

बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि एमआर वैक्सीनेशन में गिरिडीह जिला पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर है। जिले के सभी छूटे हुए बच्चों को वैक्सीनेशन से अच्छादित किया जा रहा है। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक के माध्यम से छूटे हुए बच्चों की सूची मांगी गई है ताकि उन सभी बच्चों को हेमा टीकाकरण से अच्छादित किया जा सकें।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले का उद्भेदन, पांच गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र में आये दिन होने वाले मोटरसाइकिल चोरी के मामले का उद्भेदन करने का पुलिस ने दावा किया है। चोरी का 8 मोटरसाइकिल को जब्त कर 5 आरोपियों को कांड संख्या 92/23 के तहत जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी विनोद उरांव ने बताया है की नुनुकडीह जीतपुर के रहने वाले सपन बावरी के बंद आवास से तीन चोरी का मोटरसाइकिल को जब्त किया गया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के पीछे से चार मोटरसाइकिल चोरी का बरामद किया गया। वही धनबाद हाउसिंग कालोनी से बिजय महतो के घर से एक मोटर साइकिल को पुलिस ने जप्त किया है। पूछताछ में पांच आरोपियों की संलिप्तता उजागर हुआ है जिसमें राहुल कुमार, नेहाल वर्मा, विजय महतो, अभिषेक पासवान, गौरव सिंह शामिल है। बिजय को छोड़कर सभी आरोपी जामाडोबा क्षेत्र के रहने वाले हैं, जिसमे एक भाजपा नेता सुजीत सिंह का पुत्र गौरव सिंह शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया है की जोड़ापोखर क्षेत्र के जेलगोड़ा स्टेडियम के पास से चार मोटरसाइकिल चोरी है। वहीं भागा क्षेत्र से दो भौरा से एक मोटरसाइकिल की चोरी की गई हैं। चोरी गई मोटरसाइकिल के मालिक को बुलाया गया है ताकि नम्बर, चेचिस नम्बर से मिलान किया जा सके। मोटरसाइकिल चोरी के मामले का उद्भेदन के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है।




## झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ का धरना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ग्रेड पे 2400 से घटाकर 2000 किए जाने के विरोध में गुरुवार को झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ ने रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। धरनार्थियों ने कहा कि पूरे झारखण्ड में कृषि कार्य हेतु जनसेवकों की नियुक्ति वर्ष 2012 में वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे 2400 पर की गई थीं। परंतु कृषि विभाग द्वारा वीएलडब्लू (जनसेवकों) का ग्रेड पे 10 वर्षो के सेवा के उपरांत एक षड्यंत्र के तहत 2400 से घटाकर 2000 कर दिया गया है। इस अन्यायपूर्ण कृत्य के विरोध में झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ के द्वारा पूरे झारखण्ड में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 2 एवं 3 को काला बिल्ला लगाकर अपने कार्यो का निष्पादन किया। वहीं आज निर्धारित कार्यक्रम के तहत धरना दिया गया। धरना प्रदर्शन में झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ, धनबाद ईकाई के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, महतो जिला सचिव विनोद विद्यार्थी, उपाध्यक्ष सुभाष सौरभ, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा, महासंघ के पदाधिकारीगण जिला संयोजक जय होरो एवं अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## धनबाद : अपराधियों ने घर में घुसकर वृद्ध पर किया टांगी से हमला, स्थिति गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले के केंदुआडीह थाना अंतर्गत कुसुंडा काली बस्ती में गुरुवार की सुबह स्थानीय युवकों ने अहले सुबह घर में घुसकर एक व्यक्ति को टांगी से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसके बाद परिजनों ने घायल व्यक्ति को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में लाकर भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में पीड़ित परिवार की रुकमणी देवी ने बताया कि गुरुवार की सुबह 4:00 बजे काली बस्ती निवासी धर्मा अपने कुछ सहयोगियों के साथ उनके घर में घुस गया। जहां उनकी बहू-पुत्र व बेटी के साथ गाली-गलौज करते हुए उसके पिता रितो हांडी उम्र 70 वर्ष के साथ मारपीट किया। इस दौरान तलवार व अन्य धारदार हथियारों से वार किया गया। जिससे उसके पिता बुरी तरह घायल हो गए। पूर्व में भी आरोपी अपने सहयोगियों के साथ एकजुट होकर उन लोगों के साथ मारपीट किया था।



जिसकी शिकायत करने पर केंदुआडीह थाना के पुलिसकर्मी उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। जिसके वजह से उन लोगों की स्थिति भगोड़े वाली बनकर रह गई है। पीड़ित परिवार ने बताया कि आरोपी धर्मा नामक युवक अपराधिक प्रवृत्ति का है। वह एक गैंग बनाकर काली बस्ती में असामाजिक तत्वों को हथियार मुहैया कराता है। जिसकी तस्वीर पीड़ित परिवार ने अपने आवेदन के साथ पुलिस को मुहैया कराया है। पीड़ित परिवार ने यह भी कहा कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए और ऐसे अपराधी से सुरक्षा मुहैया कराया जाए।

## उपायुक्त ने की सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक बैंक खातों व अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की समीक्षा की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज दिनांक 04 मई 2023 को समाहरणालय सभागार में सभी सरकारी विभागों के अनावश्यक बैंक खाता और अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल के अधिकारी, कृषि पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, भूअर्जन पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी से बारी बारी कार्यालयों में खुले बैंक खातों का विवरण लिया।

उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को अपने अपने कार्यालयों के बैंक खातों की संख्या और उनमें मौजूद राशि की डाटा बनाने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 10 मई तक सभी अपने अपने कार्यालयों के बैंक खातों से संबंधित रिपोर्ट सौंपे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बैंकों में जमा अनावश्यक राशि सरेंडर करने और अनावश्यक बैंक खातों को बंद करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि एक ही योजना के कई खाते खुले हो तो उनमे से किसी एक खाता को चालू रखे अन्यत्र सभी को बंद करवा लें। साथ ही जब भी बैंक खाता खोले तो क्षेत्रीय स्तर पर जो सरकारी बैंक है उनमें ही खोले या फिर जो विभाग से निर्धारित निजी बैंक है उसी में खाता खोले।

बैठक के दौरान उपयुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों से अधिग्रहित भूमि के नामांतरण की समीक्षा की।

## प्रखंड शाखा इकाई गठन के लिए पंचायत सचिवालय में किया बैठक



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के हरला पंचायत सचिवालय मे झारखण्ड मजदूर मोर्चा के तत्वावधान में झारखंड महिला मोर्चा प्रखंड शाखा जमुआ इकाई का गठन हेतु गुरुवार को सितारा प्रवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका, सहायका की जिला सचिव अंसुलता स्वरूप, जलसहिया संघ के जिला सचिव सरिता देवी, सहिया संघ के नेता नागेश्वर मंडल, विनोद कुमार वर्मा, लक्ष्मण भैया, समसुद्दीन अंसारी उपस्थित थे।

## प्लस 2 उच्च विद्यालय में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी +2 उच्च विद्यालय सभागार में आज गुरूवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मुरत महतो की? अध्यक्षता में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। विदित हो कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने मासिक गुरु गोष्ठी में उपस्थित सभी शिक्षकों को अपने संबोधन में कहा कि आप सबों को 6 मई से प्रारंभ होने वाला वार्षिक योगात्मक मूल्यांकन 2022-23 को ससमय निष्पादन किया जाएं एवं इसकी पूर्ण जानकारी सीआरपी के माध्यम से बीआरपी को देने का काम करें साथ ही एफ एल एन से? संबंधित कार्यों के प्रति तत्परता दिखाई जाएं इसके अलावा एमडीएम भी किसी परिस्थिति में बाधित न हो इसकी भी ध्यान रखा जाए।इस गुरु गोष्ठी के दौरान उपस्थित शिक्षकों को शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि उपस्थिति दर्ज करने के उपरांत प्रत्येक विद्यार्थियों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी पर अपलोड दर्ज अवश्य करें। इस मासिक गुरु गोष्ठी का संचालन बीपीओ उमेश पासवान ने किया मौके पर संकुल साधन सेवी संतोष कुमार राय,मंजू कुमारी, सहदेव मंडल, सीआरपी प्रवीण गुप्ता, मनोज साव सहायक शिक्षक नवीन चन्द्र सिंह समेत प्रखंड के सभी प्रधान शिक्षक एवं सहायक शिक्षक गण उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने कोहिनूर मैदान के पास स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण था।

इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, निर्वाचन शाखा से अरुण कुमार धारी, सागर भजोहरि, रजाक अंसारी, सजल आदि मौजूद थे।



### रेलवे सुरक्षा बल का टिकट दलालों के खिलाफ चलाया गया अभियान

## अप्रैल, 2023 में कुल 163 दलालों को किया गया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महानिदेशक/रेसुब, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली के निर्देशन व महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/पूमरे के पर्यवेक्षण में रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल द्वारा दिनांक 01.04.2023 से 30.04.2023 तक रेलवे टिकट की दलाली करने वाले तथा चलती रेलगाड़ियों पर पत्थर मारने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अभियान चलाया गया ।

अभियान के दौरान 525 रेलवे टिकट दलालो के ठिकानो पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा छापा मारकर 163 टिकट दलालो को गिरफ्तार किया गया तथा रु0 59,48,148.03/- मूल्य के रेल टिकटों की बरामदगी की गयी ।

गिरफ्तार टिकट दलालों के विरुद्ध 161 मामलें पंजीकृत करते हुए न्यायिक कार्यवाही हेतु रेलवे न्यायालय को अग्रसारित किया गया है ।

## अवैध बिजली जलाने पर विभाग ने 12 लाख 95 हजार रुपये का ठोका जुर्माना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के आठ नम्बर स्थित व्यवसायिक फैक्ट्री में बिजली विभाग ने छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली जलाने का मामला सामने लाया।

साथ ही जोड़ापोखर थाना में लिखित शिकायत कर 12 लाख 95 हजार रुपये का केस दर्ज किया है।

धनबाद के कार्यपालक अभियंता आंनद कौशिक, डिगवाडीह सब स्टेशन के एसडीओ आलोक करकेंटा ने एक टीम बनाई और जोड़ापोखर आठ नम्बर बस्ती में फैक्ट्री में छापेमारी शुरू किया। फैक्ट्री में शशिभूषण कुमार, चुनी देवी के नाम विधुत संयोग लगा है और दो मीटर भी लगा है।

बिजली विभाग के अनुसार दोनो बिजली मीटर को बाईपास करके बिजली जलाया जाता है। इसके आलोक में बिजली विभाग के 12 लाख 95 हजार रुपये का फाइन कर केस दर्ज जोड़ापोखर थाना में किया है।

## उपायुक्त ने देवरी प्रखंड-सह-अंचल का निरीक्षण किया, दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवरी/गिरिडीह :** देवरी प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने प्रखंड और अंचल कार्यालय में किए जाने वाले कार्यों की जांच की और पदाधिकारियों-कर्मचारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अलग-अलग विभागों को भंडार पंजी, प्राप्त पत्रों की पंजी, निर्गत पंजी, जन आवेदन पत्रों की पंजी, रोकड़ पंजी, लॉग बुक, अग्रिम पंजी, भू लगान पंजी, दाखिल खारिज, अकेंक्षण पंजी, नीलम पत्र वाद, प्रधान सहायक का हैंड नोट बुक व भूमि हस्तांतरण, अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान रसीद, मनरेगा व अन्य विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने अंचल में म्यूटेशन के लम्बित मामले को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी से विकास योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय देवरी के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पदाधिकारियों-कर्मियों की उपस्थिति की भी जांच की। उपस्थिति पंजी की जांच करते हुए उपायुक्त ने सभी को स-समय कार्यालय आकर कार्य निष्पादन का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने देवरी प्रखंड के घसकरीडीह पंचायत के गरहाताड़ गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल योजना का निरीक्षण कर उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम उपायुक्त ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिले में खराब पड़े चापाकलो की मरम्मती कराई जा रही है। ताकि आमजनों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध हो सकें।



# सिमडेगा जिला जूनियर व सबजुनियर पुरुष हॉकी टीम गठन के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन ट्रायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में हुआ, 147 खिलाड़ी हुए शामिल। दोनो टीम मिलाकर 22-22 कुल 44 खिलाड़ी हुए चयनित जिनका तीन दिन विशेष प्रशिक्षण के बाद दोनो टीम से बेस्ट 18-18 खिलाड़ियों को जिला टीम से खेलने के लिए भेजा जाएगा जमशेदपुर। 08 से 12 मई तक जमशेदपुर में आयोजित हॉकी झारखंड राज्य स्तरीय सबजुनियर पुरुष और जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में सिमडेगा जिला हॉकी टीम की भागीदारी के लिए सिमडेगा जिला सब जूनियर पुरुष हॉकी टीम एवम सिमडेगा जिला जूनियर पुरुष हॉकी टीम के गठन के लिए आज हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल प्रतियोगिता एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित किया गया। इस चयन ट्रायल सिमडेगा जिला के विभिन्न प्रखंड से कुल 147 खिलाड़ियों ने भाग लिए, जिसने से 127 खिलाड़ियों के सभी कागजात सही पाए गए। जिनका आपस में तीन बनाकर मैच खेलेया गया और उनमें से बेहतर सब जूनियर से 22 तथा जूनियर से 22 खिलाड़ियों को चयनित किया गया। इन खिलाड़ियों का तीन दिन विशेष प्रशिक्षण लेने के बाद दोनो वर्ग से 18-18 खिलाड़ियों को चयनित कर जमशेदपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज के चयन ट्रायल में हॉकी सिमडेगा के मनोज कोनबेगी, सुनील तिर्की, पंकरासियुस टोप्पो, वेद प्रकाश, सुजीत एक्का, अनु राहुल मिंज, मनसुख सुरीन एवम अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# तलाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से गांव में छाया मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बक्सीडीपा स्थित तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से गांव में छाया मातम सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित पवन एक्का के तालाब में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने पर गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना सेन्हा थाना के प्रभारी थाना प्रभारी गणेश यादव को मिलते ही पु0अ0नि0 शर्मा भगत एवं स0अ0नि0 जमशेद खान दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गये। मृतक का पहचान बक्सीडीपा निवासी स्वर्गीय बैजू उराँव के 50 वर्षीय पुत्र रामप्रसाद उराँव के रूप में किया गया। वहीं मृतक के पुत्र रंजीत उराँव ने बताया कि मेरे पिताजी बुधवार शाम में घर से निकले थे। जो देर रात तक घर लौट कर नहीं आए छानबीन के दौरान गुरुवार सुबह तालाब में शव मिलने की सूचना मिला तो शव देखकर पहचानी किया। बताया जाता है। कि रामप्रसाद उराँव पूर्व से मृगी बीमारी से ग्रसित था। घटना की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई। इस संदर्भ में पु0अ0नि0 गणेश यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृगी बीमारी से ग्रसित रामप्रसाद उराँव की मौत दौरा के कारण पानी में गिरने से प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। और पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मृत्यु होने का स्पष्ट कारण पता चल सकता है।

# लड़की भगाने के आरोपी को कैरो थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो थाना के गजनी पंचायत के गराडीह निवासी शहिद अंसारी के पुत्र मजीद अंसारी को लड़की भगा ले जाने के जुर्म मे कैरो थाना पुलिस ने 03 मई बुधवार को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध मे कैरो थाना एएसआई वर्मा उराँव ने बताया कि मजीद अंसारी ने वर्ष 2023 मे लड़की भगा ले जाने का अपराध किया था, आरोपी के खिलाफ कैरो थाना मे थाना काण्ड संख्या 22/23 भा0द0वि 363, 365, 366, 506, 34 के तहत मामला दर्ज था। कैरो थाना मे ह्यमामला दर्ज होने के बाद से ही कैरो थाना आरोपी को तलाश में लगी हुई थी, काण्ड दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। अंततोगत्वा कैरो थाना पुलिस को आरोपी को अपने गाँव आने की गुप्त सूचना मिली जिसे कैरो थाना ने गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया है।

# उप स्वास्थ्य केंद्रों में किसी भी रोग के लिए दवा उपलब्ध नहीं : रामचंद्र गिरि



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व 20 सूत्री सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामचंद्र गिरि ने कहा है कि लोहरदगा जिला अंतर्गत जितने भी स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं उनकी हालत काफी दयनीय है। वहां किसी रोग की दवा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि जो हेमंत सरकार गरीबों का मसीहा बनने का नाटक कर सत्तासीन हुई, वह सरकार ग्रामीण क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों में पारासिटामोल तक नहीं उपलब्ध करा पा रही है यह काफी शर्म की बात है। रामचंद्र गिरि ने कहा कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के कार्यकर्ता चुपचाप बैठे रहते हैं रोगी आते हैं, उन्हें देखते हैं और बिना दवा के खाली हाथ उन्हें रुखसत कर देते हैं। स्वास्थ्य कर्मियों की बेबसी को देख कर समझा जा सकता है कि वे रोगियों के लिए कुछ करना तो चाहते हैं किंतु दवा के अभाव में विवश हैं। रोगी जब दवा मांगते हैं तो उनका कहना है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र में किसी भी प्रकार की दवा नहीं है तो हम कहां से दे। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्रों की भी यही स्थिति है। वहां खुद दवा का अभाव है तो वह ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों में दवा कहां से उपलब्ध कराएं। गांव के गरीब बहुत उम्मीद लगाकर स्वास्थ्य उप केंद्रों में जाते हैं कि वहां जांच भी हो जाएगी और दवा भी मिल जाएगी किंतु उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। पता नहीं इस संबंध में सीएस को जानकारी है भी या नहीं और यदि जानकारी है तो वे अपने स्तर से कुछ प्रयास भी कर रहे हैं या वह भी लाचार बैठे हैं यह समझ से परे है। रामचंद्र गिरि ने कहा कि अभी का जो मौसम है उसमें ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सर्दी खांसी बुखार से अधिकाधिक संख्या में लोग पीड़ित हैं। किस्को प्रखंड के बगडू क्षेत्र में तो जांच के दौरान मलेरिया के भी काफी रोगी मिले किंतु सरकार की ओर से उनके लिए भी कोई व्यवस्था नहीं है। सरकार को अविलंब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में दवा मुहैया करानी चाहिए या राज्यहित में सत्ता का त्याग कर देना चाहिए।

# सोसाइटी ने अपने क्षेत्र की संपूर्ण विकास को लेकर बीडीओ को 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम को लेकर डॉ. एपी जे अब्दुल कलाम वेल्फेयर सोसाइटी कैरो के एक प्रतिनिधिमंडल सोसाइटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर के अगुवाई में प्रखंड विकास पदाधिकारी कैरो से मिलकर 17 प्रस्तावों का मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन में कैरो क्षेत्र के विकास को लेकर कैरो में सद्भावना मंडप का निर्माण, कैरो में पैरामेडिकल कॉलेज व पालीटेक्निक कॉलेज की स्थापना, स्वास्थ्य उपकेंद्र कैरो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा देने, स्वास्थ्य उपकेंद्र कैरो में प्रसूति रोग व शिशु रोग विशेषज्ञ स्थापित करने, कैरो में प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी हेतु रीमिडियल कोचिंग क्लास की स्थापना, मैट्रिक परीक्षा का केंद्र कैरो में बनाने, राजकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च वि0 गाराडीह में 100 सीटर कम्प्यूटर लैब विज्ञान, गणित, इंग्लिश, कम्प्यूटर शिक्षक पदस्थापित, व डीप बोरिंग करने, प्रोजेक्ट उच्च हिनहट विद्यालय में 100 सीटर कम्प्यूटर लैब, विज्ञान, गणित कम्प्यूटर शिक्षक पदस्थापित, व डीप बोरिंग व चाहरदिवारी का निर्माण, राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय हनहट में चाहरदिवारी निर्माण, हनहट के कोच मुहल्ला कब्रिस्तान रोड व मस्जिद रोड में डीप बोरिंग, हनहट में हाट शेड का निर्माण, राजकीय प्राथमिक विद्यालय उतका में 5 नए क्लास रूम का निर्माण, कैरो में नल जल योजना को निःशुल्क करने, गाराडीह गांव को नल जल योजना से जोड़ने, जहां सम्भव हो सरकारी योजनाओं का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक विकास के लिये प्रयोग करने, अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम से प्रखण्ड के 100 बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार हेतु ऋ ण उपलब्ध कराने, डॉ0 अनुग्रह नारायण +2 उच्च विद्यालय कैरो में शिक्षक ईकाई बढ़ाने जैसे मांगों के प्रस्ताव प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में सोसाईटी के अध्यक्ष जावेद अख्तर, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी इमरान खान, महासचिव जूबैर अंसारी, उपाध्यक्ष जहाँगीर अंसारी, जाबिर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# तम्बाकू निषेध जागरुकता कार्यक्रम के तहत दंत डॉक्टर ने स्कूली छात्र छात्राओं को किया जागरुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** तम्बाकू निषेध जगरुक्ता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को दन्त चिकित्सक के द्वारा दांतों का रख रखाव एवं बचाव को लेकर जगरुक करते हुए दिया गया जानकारी। सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित राजकीय कन्या मध्य विद्यालय प्रांगण में वर्ग 7 एवं 8 के छात्र छात्राओं को तम्बाकू निषेध जगरुक्ता के तहत डॉक्टर रंजिता कच्छप के द्वारा विस्तार पूर्वक दांतो के रख रखाव के लिये बताते हुए सुरक्षा को लेकर जगरुक किया गया। साथ ही दांतो में होने वाली बीमारी के बारे में बताते हुए दांत की सफाई करने का विधि भी बताया गया। इसके अलावे तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारी को बताते हुए निदान हेतु उपाय बताया गया। जगरुक्ता कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं को अपने अपने घर एवं आसपास के लोगों को भी तम्बाकू से उतपन होने वाली बीमारी के बारे जागरूक करने की सलाह दी गई। विद्यालय के छात्र छात्राओं को नित्यदिन सुबह एवं शाम में दांत की सफाई करने का सलाह दिया गया। विशेष कर कम उम्र के बच्चों को गुटखा तम्बाकू एवं नशीला पदार्थ का सेवन से वंचित रहने की जानकारी दी गई। डेंटल चिकित्सक डॉ0 रंजिता कच्छप ने पैरिया, कैंसर मसूड़े का कमजोर होना सहित तम्बाकू से उतपन होने वाली बीमारी के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए स्वास्थ्य को लेकर जगरुक किया और निरोग रहने की जानकारी दी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ तथा छात्र छात्राएँ मौजूद थे।

# टीवी उन्मूलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में पीरामल स्वास्थ्य टीबी मुक्त पंचायत एवं गांव बनाने को लेकर पूरी तरह से कटिबद्ध है। इसके लिए लगातार ग्राम सभा, सामुदायिक बैठक, महिला मंडल, सहिया, सहिया साथी, पंचायत प्रतिनिधियों, एएनएम एवं सीएचओ के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में पीरामल स्वास्थ्य के द्वारा कुरु प्रखंड के चापी गांव में पहान एवं युथ को चिन्हित कर टीबी के बारे में सेनसेटाईज किया गया और बताया कि आप लोग टीबी बिमारी को लेकर ग्रामीणों को भी जागरूक करें ताकि एक भी टीबी मरीज जानकारी के अभाव में इलाज से वंचित नहीं रह सके। बैठक के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुधीर कुमार राय ने बताया कि लगातार दो सप्ताह या उससे अधिक दिनों से खांसी आ रहा हो,वजन घट रहा हो,बुखार हो,सीने में दर्द हो,बलगम के साथ खून निकल रहा हो,रात में सोने के समय पसीना आ रहा हो तो अविलंब टीबी की जांच अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर जरुर कराएं। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बिमारी है जो माईकोबैकटेरियम ट्यूबरकुलोसिस से होता है, जो हवा के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। टीबी बिमारी का समय पर इलाज नहीं होने पर जानलेवा भी हो सकता है। इस दौरान पीरामल स्वास्थ्य के डीपीसी आशिश कुमार ने भी टीबी के बारे में जानकारी दी।

# जाति की राजनीति छोड़ क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें कोलेबिरा विधायक : लक्ष्मण बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी द्वारा सीएनटी एसपीटी एक्ट को लेकर भाजपा पर बयान दिया गया था इस पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की कोलेबिरा विधायक की साढ़े तीन साल की उपलब्धि शून्य है इसीलिए अपनी विफलता को छुपाने के लिए कोलेबिरा विधायक आए दिनों सिर्फ सरना आदिवासी जल जंगल की बात करते फिर रहे हैं जहाँ भी मीटिंग जाते हैं भाजपा द्वारा जमीन लूटने जल जंगल जमीन हाथी कॉरिडोर और अन्य अर्नगल बातों से ग्रामीण और अपने कार्यकर्ताओं का ध्यान भटकाने का काम करते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने सीएनटी एसपीटी एक्ट पर कहा कि पीएमटी में अब तक 26 संशोधन किए जा चुके हैं इसमें प्रथम संशोधन 1920 में तथा अंतिम संशोधन 1995 में किया गया था।ज्ञात हो कि सीएनटी एसपीटी एक्ट की बात करने वालों के शासनकाल में ही सबसे अधिक जमीन की लूट हो रही है इसका उदाहरण पिछले दिनों तत्कालीन रांची के उपायुक्त रवि रंजन से आईडी द्वारा पूछताछ एवं अंचल निरीक्षकों की गिरफ्तारी से मिलती है । कोलेबिरा विधायक की साढ़े तीन साल की उपलब्धि है कि उन्होंने आदिवासी बहुल सिमडेगा जिला से मेडिकल कॉलेज एवं बस स्टैंड का प्रस्ताव वापस करवा दिया ये लोग चाहते ही नहीं की यहां के आदिवासी मूलवासी पढ़ लिख कर शिक्षित बने और नौकरी करें।

# स्वास्थ्य और समस्या का जायजा लेते हुए बीस सूत्री टीम ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बीस सूत्री टीम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा का निरीक्षण चिकित्सा संबंधित एवं समस्या का लिया जानकारी। सेन्हा प्रखंड मुख्याल स्थित संचालित सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सालय का बीस सूत्री टीम निरीक्षण कर चिकित्सा संबंधित एवं अन्य समस्याओं की जानकारी चिकित्सा प्रभारी डॉ0 दिव्या निशि से मिल कर लिया । साथ ही विशेष कर एंटी रेविस इंजेक्शन के बारे में जायजा लिया गया। तथा साफ सफाई का भी अवलोकन किया गया। बीस सूत्री निरीक्षण टीम को समस्या से अवगत कराते हुए चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि ने बताया कि अस्पताल में एक ही एंबुलेंस होने के कारण आए दिन समस्या होती है। इस संदर्भ में बताते हुए कहा विभाग को अवगत कराया जा चुका है। वही चालक सहित एंबुलेंस मुहैया कराने की बात कही गई है। साथ ही बिजली समस्या से भी अवगत कराया गया। वहीं निरीक्षण के लिये गठित बीस सूत्री टीम में उपाध्यक्ष राजकिशोर राम, सदस्य फिरोज अंसारी, अख्तर अंसारी, नवल सिंह के साथ पशुपालन विभाग से प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी मनोज कुमार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान स्वाथ्य संबंधित जायजा लेते हुए शौचालय का भी जायजा लिया गया। जो एक माह से खराब होने के कारण बन्द पड़ा है। जिसे अभिलम्ब ठीक करवाने का टीम के द्वारा अपील किया गया।

# पलाश मार्ट केंद्र का औचक निरीक्षण कर बीडीओ व सीओ ने गुणवत्ता में सुधार का दिया निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड परिसर प्रांगण में संचालित पलाश मार्ट केंद्र का प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी निरीक्षण कर गुणवत्ता में सुधार हेतु दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड परिसर प्रांगण में जेएसएलपीएस के द्वारा बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु प्रखंड स्तर पर ग्रामीण महिलाओं आत्मनिर्भर बनाने को लेकर पलाश मार्ट केंद्र चलाया जा रहा है। जिसके माध्यम से सुध भोजन एवं नेचुरल रूप से तैयार सामग्री को प्रोत्साहन देने एवं ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद वस्तु का बिक्री के हेतु बनाया गया। जिसमें समोसा,पौकडी बना कर बिक्री को लेकर पलाश मार्ट केंद्र का निरीक्षण कर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने निर्देश देते हुए कहा कहा कि बिक्री के लिये निर्मित वस्तुओं का रेट चार्ट बनाये तथा ग्रामीण क्षेत्र मे पाये जाने वाले अन्न व वस्तुओं से ही सामग्री का निर्माण कर बिक्री करें बताते हुए कहा कि जुट,बाँस और खिजुर का बैग, थैला तथा सखुआ पत्ता का दोना पत्तल और खाद्यान सामग्री में मकई, मडुवा तथा गैंहू का रोटी और चावल का इडली बनाकर बिक्री करें जिसे लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन 10 मई तक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समेकित जनजाति विकास अभिकरण अंतर्गत पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 10.05.2023 तक है। प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति,जनजाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र-छात्राएं इस योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। लोहरदगा जिला के पंजीकृत 21 शिक्षण संस्थानों में कुल 15335 छात्र-छात्राएं इस योजना का लाभ पाने के लिए योग्य हैं जिसमें से कुल 8702 छात्र-छात्राएं इस योजना के लिए आवेदन कर चुके हैं। वैसे अहर्ता प्राप्त छात्र-छात्राएं जो अब तक इस योजना के लिए अपना आवेदन समर्पित नहीं किये हैं वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना आवेदन विभाग के वेबसाईट पर समर्पित कर दें। अहर्ता प्राप्त छात्रों को वेबसाईट http://ekalyan.cgg.gov.in में दिए गए सभी दिशा निर्देशों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए ऑनलाईन आवेदन करना है। अधिक जानकारी के लिए समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# श्री रुद्र महायज्ञ में देश के कई हिस्सों से पहुंचे श्रद्धालु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के पतगच्छा में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ के अतिंमदिनों के साथ कार्यक्रम में प्रतिदिन भक्तजनों की भीड़ उमड़ी रही, भक्तजन महायज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त कर रहे थे। आयोजन समिति की ओर से महायज्ञ स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड और देश के अन्य हिस्सों से यज्ञ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची भक्तों की टोली को आयोजन समिति की ओर से बढ़ चढ़कर स्वागत किया गया। इधर आयोजन समिति के संरक्षक सह आजसू पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह ने बताया कि विगत 28 अप्रैल से ग्राम पतगच्छा में चल रहे श्री रूद्र महायज्ञ शिव प्राण प्रतिष्ठा सपादलक्ष पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं श्रीमद भागवत महापुराण श्री श्री 108 श्री कल्याण बाबा परम तपस्वी साधक संत के साधिन्य में एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग चल रहे साप्ताहिक महायज्ञ महाचार्य सिद्धि महाराज प्रयागराज उत्तर प्रदेश प्रदीप शास्त्री बड़ा अखाड़ा मैहर मध्य प्रदेश श्री राम चरित्र शास्त्री अजय शास्त्री श्री कृष्णदत्त शास्त्री प्रकाश शास्त्री अभिषेक शास्त्री पुनीत शास्त्री और कथा व्यास सुश्री पूज्या खुशबू त्रिपाठी एवं किस्को प्रखंड व लोहरदगा जिलावासियों के आपार सहयोग से महायज्ञ कार्यक्रम ऐतिहासिक साबित हुआ है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ कार्यक्रम से क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि स्थापित करना मुख्य उद्देश्य है।आजसू नेता संजू सिंह ने बताया कि पतगच्छा के अलावा किस्को प्रखंड एवं लोहरदगा जिलावासी श्री रूद्र महायज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिदिन शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त किये,आजसू नेता संजू सिंह ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से क्षेत्र में आपसी सौहार्द और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहती है। उन्होंने कहा कि हम सभी धन्य हैं कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर मिशाल कामय कर दिखाया है। इधर पतगच्छा में चल रहे महायज्ञ कार्यक्रम में आजसू नेता राजू गुप्ता सपरिवार शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए भगवान से क्षेत्र की सुख समृद्धि हेतु कामना किये गए।

## पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कोलेबिरा विधायक के बयानों पर किया पलटवार कहा

# 30 करोड़ और मंत्री पद के लोभ में भाजपा के साथ मिलकर क्षेत्र के जन भावनाओं के साथ किया खिलवाड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन मिक्सर कोंगाडी द्वारा जलडेगा में आयोजित कांग्रेस के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री एनोस एक्का पर लगाए गए आरोप पर उन्होंने पलटवार किया है ।उन्होंने कहा कि कोलेबिरा के वर्तमान विधायक ने इस क्षेत्र की जनता की जन भावनाओं को ?30करोड़ और मंत्री पद के लोभ में भाजपा और आरएसएस के साथ सौदा करने का काम किया ।जिसकी वजह से कोलकाता में उसे पुलिस ने गिरफ्तार किया और जेल में रहना पड़ा जो कि सबके सामने है और यहां तक कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें पार्टी से निलंबित करते हुए बाहर का रास्ता दिखाने का कार्य किया। और वह आज तक निलंबित पार्टी के विधायक के रुप में है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं वह पूरी तरह से बेबुनियाद है झारखंड पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी जाति धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर क्षेत्र का विकास करती है। उनका के मेरे मंत्री रहते हुए जो इस क्षेत्र में विकास हुआ है जो आज तक आजादी से लेकर अब तक किसी के कार्यकाल में नहीं हुआ है जो कि पूरी सिमडेगा की जनता जानती है ।आज जल जंगल जमीन के नाम पर लोगों को बरगला कर अपनी ओछी राजनीति करते हुए लोगों को दिग्भ्रमित करने का काम कर रहे हैं जो कि जनता जानती है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी। क्षेत्र कि जनता विकास के नाम पर अपने आप को ठगा महसूस कर रही है हर तरफ बिजली पानी सड़क हाथी एवं जनमानस की दर्जनों समस्याएं हैं जिसे नजरअंदाज करते हुए विधायक भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर करोड़ों रुपए का लेनदेन करते हुए अपने निजी स्वार्थ में लीन हो गए थे जिसके कारण पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। मेरे कार्यकाल के दौरान इस क्षेत्र की पुल पुलिया सड़क आदि सभी चीजों का जहां तक विकास की किरण संभव नहीं थी वहां तक पहुंचाने का काम किया है जो कि 5 साल से अधिक कार्यकाल में इनके द्वारा कहीं दिखाई नहीं देता है। कोलेबिरा विधायक को ऐसे बचकाना बयानों से बचते हुए क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए जिससे कि लोगों का भला परंतु वह दिन दूर नहीं जब कोलेबिरा विधानसभा की जनता इन्हें सत्ता से बेदखल करते हुए एक बार फिर से झारखंड पार्टी को सेवा का मौका देगी। कांग्रेस पार्टी हमेशा से क्षेत्र के लोगों को विकास के नाम पर बरगला कर अपनी राजनीति रोटी सेकना चाहा लेकिन इस क्षेत्र की जनता अब जागरूक हो चुकी है।

# सीताराम उरांव के नेतृत्व में पंचायत सचिवालय में चलाया स्वच्छता अभियान



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला कुडू प्रखंड अंतर्गत बड़की चापि पंचायत सचिव सीताराम उरांव के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बड़की चाँपि पंचायत सचिवालय में स्वच्छता में श्रमदान किया गया। साथ ही बड़की चाँपि बाजार परिसर का साफ सफाई किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को पंचायत सचिव सीताराम उराँव के द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस मौके पर जलसहिया चुन्द सलमी देवी, बंदुआ मैनी देवी, छोटकी चाँपि मुनी उराँव, जरियो सुनीता देवी, होटवार सुगो देवी, मेठ शांति देवी, प्रदान संस्था से लक्ष्मी उराँव, सहित बिनेश्वर लोहरा, देवंती देवी, गन्धारी देवी, लीला देवी उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### नीति आयोग की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को मिला देश में दूसरा स्थान

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग से जारी मार्च की डेल्टा रैंकिंग में रामगढ़ जिले को देश में दूसरा स्थान दिया है। साथ ही हेल्थ एंड न्यूट्रिशन क्षेत्र में जिले को देश में पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया।गौरतलब है कि नीति आयोग ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रतिमाह जारी किए जाने वाले डेल्टा रैंकिंग में सुधार के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर नियमित रूप से सभी विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देते हुए नियमित रूप से कार्यो की समीक्षा कर ससमय डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया है।

### राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिले झारखंड के पहले राज्यपाल

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को झारखंड के प्रथम राज्यपाल प्रभात कुमार ने राज भवन में मुलाकात की। राजभवन की ओर से बताया गया कि यह दोनों की शिष्टाचार मुलाकात थी।

### राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए शिक्षा अधिकारियों को मिला प्रभार

**रांची :** राज्य सरकार ने राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए शिक्षा अफसरों को स्कूलों का प्रभार दे दिया है। इसका आदेश शिक्षा सचिव को रवि कुमार ने जारी किया कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि यह राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके नियमित अनुश्रवण एवं सफल संचालन की नितांत आवश्यकता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक विद्यालय के लिए राज्य सरकार द्वारा एक-एक राज्य शिक्षा सेवा के पदाधिकारियों को नामित किया जाता है, जो विद्यालय के वरीय प्रभार में रहते हुए विद्यालय के नियमित सफल संचालन एवं राज्य सरकार के गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उत्तरदायित्वों का निर्वहण करेंगे।उन्होंने कहा कि संबंधित सभी पदाधिकारी संबद्ध विद्यालयों का नियमित निरीक्षण एवं समीक्षा करेंगे। सामने आये गतिरोधों का अपने एवं जिला स्तर से यथासंभव निष्पादन कर मुख्यालय को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। सचिव ने कहा है कि यदि किसी मामले में राज्य स्तर से कार्रवाई अपेक्षित हो तो आवश्यकता पड़ने पर उक्त के संबंध में अपने जिले के मुख्यालय स्तर से नामित नोडल पदाधिकारी-झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद कार्यालय से तत्काल संपर्क स्थापित कर इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन दो मई को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 से संचालन आरंभ किया गया है।

# व्यवसायी संघ के संरक्षक मनोनीत हुए अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** बुधवार को पलामू जिला व्यवसायी संघ कार्यसमिति की बैठक में संत मरियम स्कूल के चैयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार अविनाश देव को व्यवसायी संघ का संरक्षक मनोनीत किया गय।मौके पर व्यवसायी संघ के अध्यक्ष श्री प्रभात अग्रवाल ने कहा कि अविनाश जी बेहतर समाज निर्माण के वाहक है।अपने बेहतरीन कार्यों से वे समृद्ध, और शिक्षित समाज के निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभा रहे हैं। हम सभी आशा करते हैं कि अविनाश देव जी सदा व्यवसायी वर्ग के हित और उन्नति के प्रति क्रियाशील रहेंगे। संरक्षक मनोनीत होने पर अविनाश देव जी ने सर्वप्रथम व्यवसायी संघ के सभी सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में श्री अविनाश देव ने कहा की व्यवसायी वर्ग समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा है। समाज के निम्न तबके से लेकर उच्च तबके तक के लोग इनके साथ सीधे जुड़े होते हैं ।विकसित राष्ट्र के निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है । आगे श्री देव ने कहा की मैं पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ व्यवसायी संघ के उत्तरोत्तर विकास में अपनी कर्तव्यों का पालन करुंगा। मौके पर उपाध्यक्ष गणेश गिरी ,सचिव नागेंद्र कुमार, सहायक सचिव महेंद्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष दानवीर प्रसाद एवं सुनील गोस्वामी ,संजय अग्रवाल, सुबोध गोस्वामी सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# किश्तवाड़ क्षेत्र में सेना का ध्रुव हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी

**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के पास सेना का एक एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद दोनों पायलटों और एक अन्य कर्मी को चोटें आई, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। उनका इलाज उधमपुर के कमांड अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ क्षेत्र में अभियान पर था। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए गए हैं।

भारतीय सेना के उत्तरी कमान मुख्यालय ने अपने बयान में कहा कि आज सुबह लगभग 11:15 बजे आर्मी एविएशन के एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ क्षेत्र में मरुआ नदी के तट पर एक ऑपरेशनल मिशन पर एहतियाती लैंडिंग की। इनपुट्स के मुताबिक पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को तकनीकी खराबी की सूचना दी थी और एहतियाती लैंडिंग के लिए आगे बढ़े। उबड़-खाबड़ जमीन, अंडर ग्रोथ और लैंडिंग क्षेत्र की तैयारी न होने के कारण हेलीकॉप्टर ने स्पष्ट रूप से एक कठिन लैंडिंग की।

भारतीय सेना ने बयान में बताया कि तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया और सेना की बचाव टीमें घटनास्थल पर पहुंच गईं। विमान में दो पायलट और एक टेक्नीशियन सवार थे। तीनों घायल कर्मियों को उधमपुर के कमांड अस्पताल ले जाया गया है।

# धरने पर बैठे पहलवानों ने कहा हम सभी अपना मेडल वापस करेंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने पर बैठे पहलवान का आज 12वां दिन है। संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी और इस्तीफे की मांग पर अड़े पहलवान अब मेडल वापसी की बात कह रहे हैं। धरने में शामिल महिला पहलवान विनेश फोगाट ने गुरुवार को कहा कि वो सभी लोग अपने-अपने मेडल वापस करेंगे। विनेश ने कहा कि उनका करियर दांव पर लगा हुआ है। वहीं, धरने में शामिल पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा है कि मामले में गिरफ्तारी हो जाएगी तो हम सब चले जाएंगे। इधर पहलवानों के साथ हुए हंगामा के बाद सुबह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का बयान आया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि देश के चैम्पियन खिलाड़ियों के साथ इतना गलत बर्ताव क्यो..? ये बेहद दुखद और शर्मनाक है। घमंड में पूरी भाजपा का दिमाग खराब हो चुका है। ये लोग सिर्फ गुंडागर्दी से सारा सिस्टम हांकना चाहते हैं। इन्होंने पूरे सिस्टम का मजाक बनाकर रख दिया है। देश के सभी लोगों से मेरी अपील- अब बसज् अब और नहींज्भाजपा की गुंडागर्दी बर्दाश्त मत करो, भाजपा को उखाड़ने के साथ अब इन्हें भगाने का वक्त भी आ गया है। इस बीच पुलिस ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को सिविल लाइन थाने से सुबह रिहा किया। इसके बाद फिर वह पहलवानों से मिलने जंतर-मंतर पर पहुंची।

# भाजपा सरकार के लिए बेटी बचाओ सिर्फ ढोंग : राहुल गांधी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों पर हुए कथित दुर्व्यवहार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव शर्मनाक है। बेटी बचाओ बस ढोंग है! राहुल गांधी ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ ऐसा बर्ताव शर्मनाक है। 'बेटी बचाओ बस ढोंग है! असल में भारतीय जनता पार्टी भारत की बेटियों पर अत्याचार करने से कभी पीछे नहीं हटी है। उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। ऐसे में सिंह को सभी पदों से हटाने के लिए खिलाड़ी बीते कुछ दिनों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। बीती रात धरने पर बैठे खिलाडियों और पुलिस के बीच कथित झगड़े का मामला सामने आया। खिलाड़ियों का आरोप है कि पुलिस ने उनपर लाठियां चलाई, जिससे कुछ लोगों को चोटें आई हैं। हालांकि डीसीपी प्रणव तयाल का कहना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने के दौरान आप नेता सोमनाथ भारती बिना इजाजत के फोल्डिंग बेड लेकर धरनास्थल पर आए। जब पुलिस ने इसके लिए मना किया तो पहलवान आक्रामक हो गए और ट्रक से बेड निकालने की कोशिश की। इसके बाद एक मामूली विवाद हुआ और दो अन्य लोगों के साथ सोमनाथ भारती को हिरासत में लिया गया।

# टायर फटने से बेकाबू टैंकर कार पर पलटा, 8 जायरीन की मौत




एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान के रामनगर क्षेत्र अंतर्गत दूदू के समीप जयपुर-अजमेर हाइवे पर गुरुवार दोपहर एक टैंकर टायर फटने के बाद बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए एक कार पर पलट गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति ने जयपुर के एसएमएस अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। हादसे में जान गंवाने वाले लोग फागी के रहने वाले थे। ये सभी कार में अजमेर स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत के लिए जा रहे थे। दूदू थाने के एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि हाइवे से गुजर रहे टैंकर में सीमेंट भरा हुआ था। दोपहर करीब 12.30 बजे अचानक टैंकर का टायर फटने के बाद उसके चालक ने नियंत्रण खो दिया। नतीजतन, टैंकर डिवाइडर के उस पार दूसरी लेन से गुजर रही मारुति अल्टो कार पर जाकर पलट गया। इससे हसीना (35) पत्नी हनीफ, इसराइल (20) पुत्र हनीफ, फरजाना (20) पत्नी इसराइल, मुराद (12), रोहिना (8) पुत्री हनीफ, सेरान और सोनू (14) पुत्र सलीम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद टैंकर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। कार को हनीफ का दामाद शकील (30) पुत्र तौकीफ चला रहा था। शकील को जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल रेफर किया गया था, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। इस दौरान टैंकर ने एक मोटर साइकिल सवार युवक को भी चपेट में लिया था। हादसे की सूचना मिलने पर दूदू थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा क्रेन की सहायता से हाइवे पर पलटे टैंकर और कार के मलबे को हटवाया। हादसे में जान गंवाने वाले सभी आठ लोगों के शव दूदू के उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। हादसे की जानकारी मिलने के बाद विधायक बाबूलाल नागर भी मौके पर पहुंचे।

## पांच लाख के इनामी नक्सली रामबाबू को बिहार एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

**पटना :** बिहार स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने प्रदेश में 40 से अधिक नक्सल कांडों का वांछित एवं बिहार सरकार का पांच लाख रुपये का इनामी माओवादी रामबाबु राम उर्फ राजन (रीजनल कमेटी सदस्य) एवं उसके दस्ता का जोनल कमांडर रामबाबु पासवान उर्फ धीरज को गिरफ्तार किया है। बिहार सरकार ने रामबाबू राम पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। एसटीएफ की टीम ने सारण और मुजफ्फरपुर जिले के बीच गंडक नदी के दियारा इलाके में बड़ा ऑपरेशन चलाकर उसको और संगठन के जोनल कमांडर रामबाबू पासवान उर्फ धीरज को गिरफ्तार किया। दोनों नक्सलियों के पकड़े जाने की पुष्टि गुरुवार को बिहार एसटीएफ ने की है। दियारा इलाके में अब भी सर्च ऑपरेशन जारी है। उल्लेखनीय है कि रामबाबू राम प्रतिबंधित नक्सल संगठन भाकपा का सक्रिय सदस्य है और पश्चिमी जोनल कमेटी का सचिव है।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने की रूस और चीन के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय बातचीत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गुरुवार को गोवा में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक से पूर्व चीन और रूस के विदेश मंत्रियों से द्विपक्षीय बातचीत की। डॉ. जयशंकर ने इस मुलाकात की जानकारी ट्विटर के जरिए दी। डॉ. जयशंकर ने लिखा, चीन के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर स्टेट काउंसलर और विदेश मंत्री किन गांग के साथ विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा लंबित मुद्दों को हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करने पर केंद्रित रही। इसके अलावा एससीओ, जी20 और ब्रिक्स पर भी चर्चा की। रूसी विदेश मंत्री के साथ हुई मुलाकात पर डॉ. जयशंकर ने कहा कि हमने द्विपक्षीय, वैश्विक और बहुपक्षीय सहयोग की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने भारत की एससीओ अध्यक्षता के लिए रूस के समर्थन की सराहना की। साथ ही उनके साथ जी20 और ब्रिक्स से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। इसके अलावा विदेश मंत्री जयशंकर ने उज़्बेकिस्तान के विदेश मंत्री बख्तियार सैदोव से भी मुलाकात की। उन्होंने भारत के एससीओ अध्यक्ष पद के लिए उज्बेकिस्तान के मजबूत समर्थन की सराहना की। दीर्घकालिक बहुपक्षीय सहयोग को भी मान्यता दी। विश्वास जताया कि विभिन्न क्षेत्रों में हमारी द्विपक्षीय साझेदारी बढ़ती रहेगी। गोवा में एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक से पहले विदेश मंत्री ने संगठन के महासचिव झांग मिंग से भी बातचीत की। विदेश मंत्री ने मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय अध्यक्षता सुरक्षित एससीओ के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित है।

एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए विदेश मंत्री एक दिन पहले ही गोवा पहुंच गए थे। भारत एससीओ का वर्तमान अध्यक्ष है।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और दीपक प्रकाश ने मेगा ट्रेड फेयर का किया भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर रांचीवासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र बन गया है। शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मेगा ट्रेड फेयर के स्टॉल का भ्रमण किया। ट्रेड फेयर में खरीदारी करने के लिए रांची सहित अन्य जिलों के लोग भी पहुंच रहे हैं। गुरूवार को भी फेयर में लोगों का आना लगा रहा। प्रत्येक स्टाल में लोगों की भीड़ दिखी, जो अपनी जरूरत की चीजें खरीदारी करते नजर आये। घरेलू सामान, बच्चों के खिलौने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, कालीन, सजावटी सामान की भी जमकर खरीदारी की जा रही हैं। गर्मी के कपड़ों सहित डिजायनर कपड़े महिलाओं को काफी पसंद आ रहे हैं। फूड जोन में अनेक तरह के व्यंजनों का लुत्फ भी लोग उठा रहे हैं। मेले में प्रवेश शुल्क 20 रूपये है। ऑटो जोन में विभिन्न कंपनियों के कार को प्रदर्शित किया गया है। लोग इन कारों की जानकारी ले रहे हैं। जबकि कई स्टालधारक की ओर से बेहतरीन ऑफर भी दिये जा रहे हैं। फर्नीचर इंटीरियर हॉल में नाइटवेयर पर 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इसके अलावा कॉटन क्राफ्ट में कई उत्पादों पर 20 प्रतिशत, बबलू फाउंटेन व सिकरी हैंडक्राफ्ट में 20 प्रतिशत, नदीम मार्बल के स्टॉल पर 20 प्रतिशत तक का लाभ उठाया जा सकता है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि ट्रेड फेयर में आने वालों की रूचि दिख रही है। लोग परिवार के साथ आ रहे हैं और खरीदारी कर रहे हैं।

## जमात-ए-इस्लामी आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर में 16 स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

**बारामूला :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को जमात-ए-इस्लामी आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर में 16 स्थानों पर छापेमारी की, जिसकी जांच एजेंसी 2021 से कर रही है। छापेमारी फिलहाल जारी है। एनआईए की कई टीमों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर बारामूला में 11 और किश्तवाड़ जिले में पांच स्थानों पर तलाशी ले रही हैं। एनआईए द्वारा जिन स्थानों की तलाशी ली जा रही है, उनमें प्रतिबंधित अलगाववादी समूह जमात-ए-इस्लामी से जुड़े व्यक्तियों और आतंकवाद में शामिल लोगों के आवासीय परिसर शामिल हैं। एनआईए ने 2021 में जमात-ए-इस्लामी और उसके कैडरों के खिलाफ टेरर फंडिंग मामले में नामजद पहली सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की थी।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाटबादडा में नशा मुक्त अभियान का किया शुभारंभ




एजेंसी

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मयुरभंज जिले के हाटबादडा स्थित ब्रह्मकुमारी केन्द्र में नशा मुक्त ओडिशा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जब लोग नशे की लत के दुष्परिणाम के बारे में अवगत होंगे, तब वे नशे की लत से मुक्त हो पाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि नशा एक व्याधि है। नशा एक सामाजिक, आर्थिक, शारीरिक व मानसिक शाप है। नशा सेवन करने के कारण समाज व परिवार में विवाद व तनाव उत्पन्न होते हैं। इसलिए नशा से दुष्परिणाम के बारे में लोगों को जागरूक कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नशा के बारे में लोगों को अवगत कराना व जागरूक करना पुण्य का कार्य है। राष्ट्रपति ने ब्रह्मकुमारी केन्द्र द्वारा आध्यात्मिकता का जागरण कर स्वस्थ समाज के गठन के दिशा में प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने नशा मुक्त अभियान के सफलता की कामना की है। इससे पहले राष्ट्रपति ने पहाडपुर गांव में श्यामचरण मुर्मू के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस गांव में उन्होंने एक स्किल ट्रेनिंग हब व कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास करने के साथ-साथ लोगों के साथ बातचीत की। इससे पूर्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपनी जन्मभूमि मयुरभंज जिले में पहुंची। वायुसेना के एक विशेष हेलीकॉप्टर से वह राइरंगपुर के बादामपहाड स्थित अस्थायी हैलीपेड पर उतरी। राज्यपाल प्रोफेसर गणेशीलाल, केन्द्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडु, राइरंगपुर के विधायक नव चरण माझी, सारसकणा के विधायक डॉ. बुधान मुर्मू ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह पहला मयुरभंज दौरा होने के कारण लोगों में खासा उत्साह देखा गया। राष्ट्रपति की झलक पाने के लिए बादामपहाड हैलिपैड के पास लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। उन्होंने हैलीपेड से उतरकर उपस्थित लोगों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

यहां राष्ट्रपति का पारंपारिक वाद्य व नृत्य से स्वागत किया गया।